जबलपुर

मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-8

वर्ष : 20, अंक : 167

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 27

न्यून. 17

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**एक नवंबर को राज्य उत्सव : राजधानी के साथ संभाग और जिला स्तर पर भी होंगे भव्य कार्यक्रम**

## उद्योग और रोजगार वर्ष की थीम पर मनाया जाएगा स्थापना दिवस



*सीएम बोले आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर मप्र के लिए हुए प्रयासों को प्रमुखता से करें प्रदर्शित*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एक नवंबर को मप्र स्थापना दिवस उद्योग एवं रोजगार वर्ष की थीम पर मनाया जाए। इसमें आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर मप्र को लेकर हुए नवाचारों और विशेष गतिविधियों का प्रभावी रूप से प्रस्तुतीकरण किया जाए। 'रोजगार के मंदिर हैं उद्योग' की थीम के साथ कौशल उन्नयन, तकनीकी शिक्षा, उद्यमशीलता के विकास सहित युवाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने वाली सभी गतिविधियों का स्थापना दिवस संबंधी कार्यक्रमों में प्रभावी और आकर्षक प्रस्तुतीकरण किया जाए।

**प्रसिद्ध पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल देंगे प्रस्तुति**

भोपाल में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रसिद्ध पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल प्रस्तुति देंगे। लाल परेड ग्राउंड में होने वाले इस कार्यक्रम में श्रीकृष्ण के भक्ति पदों की प्रस्तुति के साथ ही विरासत से विकास की थीम पर ड्रोन-शो होगा।

### एमपीआरडीसी के एमडी ने दिए जांच के निर्देश, तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित

# मंडीदीप से ईंटखेड़ी की ओर जाने वाली सड़क का करीब 100 मीटर हिस्सा अचानक धंस गया

**एक लेन का ट्रैफिक रोका गया, सड़क पर कोई वाहन नहीं था, जिससे जनहानि नहीं**

**यह सड़क इंदौर, होशंगाबाद, जबलपुर, जयपुर मंडला और सागर जैसे शहरों को जोड़ती है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल के बिलखिरिया क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मंडीदीप से ईंटखेड़ी की ओर जाने वाली सड़क का करीब 100 मीटर हिस्सा अचानक धंस गया, जिसके चलते प्रशासन ने ऐहतियातन एक लेन का ट्रैफिक रोक दिया है। गौरतलब है कि 3 महीने पहले भोपाल के सबसे व्यस्त इलाके एमपी नगर में सड़क धंस गई थी। घटना पर एमपीआरडीसी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन सदस्यीय जांच दल गठित किया है, जिसमें मुख्य अभियंता बीएस मीणा, जीएम मनोज गुप्ता तथा जीएम आरएस चंदेल सम्मिलित हैं।



**धंसी सड़क पर बैठकर कांग्रेस का प्रदर्शन**




राजधानी में सड़क धंसने के मामले में राजनीति भी शुरू हो गई है। देर शाम कांग्रेस नेता धंसी सड़क पर पहुंचे और प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह का इस्तीफा मांगा।






**हरिभूमि सहेली** आज के अंक के साथ

**खबर संक्षेप**



**मंत्री पटेल ने पीएम मोदी को भेंट की अपनी पुस्तक**

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ भाजपा नेता और मप्र सरकार में श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट की। मंत्री पटेल ने प्रधानमंत्री मोदी को अपनी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक साधना का प्रतीक, मां नर्मदा परिक्रमा के अनुभवों और अनुभूतियों पर संदर्भित पुस्तक 'परिक्रमा-कृपा सार' भेंट की। इसके साथ ही 108 नदियों के उद्गम स्थलों से संकलित पवित्र जल का संग्रह भी एक विशेष अखरोट के डिब्बे में अर्पित किया।

**राहतः खुदरा महंगाई घटकर 1.54% पर आई**

**नई दिल्ली।** आम जनता और सरकार के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, देश में खुदरा मुद्रास्फीति की दर में सितंबर महीने में भारी कमी दर्ज की गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर अगस्त के 2.07% से गिरकर सितंबर 2025 में 1.54% के स्तर पर आ गई है। 1.54% की यह दर पिछले कई वर्षों के न्यूनतम स्तरों में से एक है।



***अब नहीं बहेगा खून :*** *इजराइल और हमास के बीच दो साल के युद्ध के बाद सीजफायर, गोलाबारी बंद*

# ट्रंप ने इजराइली संसद नेसेट में कहा-गाजा में बंदूकें खामोश हैं, बंधक वापस आ गए

एजेंसी ⏭ तेल अवीव

*◆ ट्रंप ने कहा कि अंधेरे और कैद में बिताए दो कष्टदायक वर्षों के बाद 20 साहसी बंधक अपने परिवारों के गौरवशाली आलिंगन में लौट रहे हैं। 28 और अनमोल प्रियजन आखिरकार इस पवित्र धरती पर हमेशा के लिए विश्राम करने के लिए घर लौट रहे हैं*

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इजराइल-हमास में बंधकों की रिहाई और शांति समझौता होने के मौके पर तेल अवीव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने इजराइली संसद नेसेट को भी संबोधित किया और बंधकों की रिहाई पर खुशी जताई। कहा कि बंदूकें खामोश हैं और अब हमेशा ऐसी शांति बनी रहेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि यह इजराइल का स्वर्णिम युग है और उसे इस शांति को बनाकर रखना होगा। ट्रंप ने इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को एक महान नेता करार दिया। उन्होंने कहा कि मैं असाधारण साहस और देशभक्ति के धनी व्यक्ति के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिनकी साझेदारी ने इस महत्वपूर्ण दिन को संभव बनाने में बहुत योगदान दिया। आप जानते हैं, मैं केवल एक ही व्यक्ति की बात कर रहा हूं-पीएम नेतन्याहू। ट्रंप ने कहा कि अंधेरे और कैद में बिताए दो कष्टदायक वर्षों के बाद 20 साहसी बंधक अपने परिवारों के गौरवशाली आलिंगन में लौट रहे हैं। 28 और अनमोल प्रियजन आखिरकार इस पवित्र धरती पर हमेशा के लिए विश्राम करने के लिए घर लौट रहे हैं।

ट्रंप ने बाकी देशों को चेतावनी दी कि अगर आप युद्ध लड़ना चाहते हैं और आपके पास परमाणु हथियार है तो मैं आप पर भारी टैरिफ लगाऊंगा। ये टैरिफ 50 प्रतिशत, 100 प्रतिशत या फिर 200% भी हो सकता है

इजराइल ने ट्रंप को शांति पुरस्कार से सम्मानित किया



ट्रंप ने फिर दावा किया

***◆ नेतन्याहू से निपटना आसान नहीं***

*नेसेट में जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट के बीच ट्रंप ने नेतन्याहू को खड़े होने के लिए कहा। ट्रंप ने आगे कहा कि और मैं आपको बताना चाहता हूं कि वह आसान नहीं हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि उनसे निपटना आसान नहीं है, लेकिन यही बात उन्हें महान बनाती है। इस दौरान इजराइली सांसदों ने जमकर ठहाके लगाए। अपने भाषण के दौरान ट्रंप ने उन अरब देशों का भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने बातचीत में मदद की। उन्होंने कहा कि यह एक अविश्वसनीय विजय है कि उन्होंने साथ मिलकर काम किया।*

**भारत-पाक संघर्ष में टैरिफ 'असली शांतिदूत', भारत ने मध्यस्थता से किया इनकार**

ट्रंप ने टैरिफ को लेकर बड़ा बयान दिया है। मिडिल ईस्ट की अपनी यात्रा के दौरान ट्रंप ने भारत-पाक संघर्ष में टैरिफ को असली शांतिदूत बताया है। ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान आठ युद्धों को सुलझाने की बात कही। ट्रंप ने कहा कि मैंने कई युद्धों को सिर्फ टैरिफ के दम पर सुलझा दिया। उदाहरण के तौर पर भारत- पाकिस्तान के बीच संघर्ष। उन्होंने कहा कि अगर आप युद्ध लड़ना चाहते हैं और आपके पास परमाणु हथियार है तो मैं आप पर भारी टैरिफ लगाऊंगा। ये टैरिफ 50 प्रतिशत, 100 प्रतिशत या फिर 200 प्रतिशत भी हो सकता है। साथ ही ट्रंप ने ये भी दावा किया कि महज टैरिफ के आधार पर उन्होंने 24 घंटे में युद्ध सुलझा लिया। भारत का कहना है कि युद्धविराम का फैसला दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत से हुआ था।

**बंदियों की रिहाई पर पीएम मोदी ने खुशी जताई**

**ट्रंप की शांति कोशिशों को सराहा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमास द्वारा इजराइली बंधकों की रिहाई पर खुशी जताते हुए डोनाल्ड ट्रंप की कोशिशों की सराहना की। साथ ही इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को बधाई भी दी। पीएम मोदी ने कहा कि यह आजादी उनके परिवारों की हिम्मत, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शांति के लिए ईमानदार कोशिशों और इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की मजबूत इच्छाशक्ति को समर्पित है। पीएम मोदी ने क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए ट्रंप के प्रयासों का समर्थन किया।

**प्रवर्तन निदेशालय के 7 ठिकानों पर छापे**

## कोल्ड्रिफ बनाने वाली श्रीसन फार्मा 'बंद', लाइसेंस भी रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश एसआईटी के चेन्नई पहुंचने के बाद तमिलनाडु सरकार ने सोमवार को कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स का मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस पूरी तरह से रद्द कर दिया। साथ ही कंपनी को हमेशा के लिए बंद करने की घोषणा की। सरकार को श्रीसन फार्मा की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गंभीर श्रेणी की गड़बड़ियां मिली थीं। चेन्नई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को श्रीसन फार्मा से जुड़े सात ठिकानों पर छापेमारी भी की है। श्रीसन फार्मा के प्रमुख कर्मचारियों और तमिलनाडु फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के गिरफ्तार डायरेक्टर इंचार्ज पीयू कार्तिकेयन के ठिकानों पर भी रेड की गई। कार्तिकेयन को जुलाई, 2025 में रिश्वतखोरी के एक मामले में तमिलनाडु विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ने गिरफ्तार किया था।

■ रंगनाथन को लेकर चेन्नई पहुंची एसआईटी




**छतरपुर में 9 करोड़ का जमीन घोटाला**

## निजी हाथों में बेच दी 84 लाख में पीडब्ल्यूडी के 3 अफसर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ छतरपुर

छतरपुर में लोक निर्माण विभाग (पीब्ल्यूडी) की जमीन बेचने के मामले में बड़ा घोटाला सामने आया है। विभाग की करीब 9 करोड़ रुपए मूल्य की जमीन को महज 84 लाख में बेच दिया। विभाग ने कार्रवाई करते हुए तीन अफसरों को निलंबित कर दिया है। जांच में यह भी सामने आया है कि जमीन खरीदने वालों में एक व्यक्ति बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री का यात्रा प्रभारी बताया जा रहा है। सागर संभाग के चीफ इंजीनियर ने छतरपुर जिले में पदस्थ प्रभारी एसडीओ कमलेश मिश्रा, सहायक ग्रेड-3 विजय कुमार खरे और कर्मचारी राजाराम कुशवाहा को निलंबित कर दिया है। विभाग का कहना है कि इन अधिकारियों ने हाईकोर्ट के आदेश को नजरअंदाज किया, जिसकी वजह से विभाग की कीमती जमीन निजी लोगों को बेच दी गई।

■ पं. धीरेंद्र शास्त्री के यात्रा प्रभारी ने भी जमीन खरीदी



**गैर-हिंदुओं के लगाए बॉयकाट के पोस्टर**

## वीएचपी बोली- दिवाली पर हिंदू दुकानदारों से ही 'खरीदारी' करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड समेत अन्य भाजपा शासित राज्यों में हिंदू समुदाय के त्योहारों पर लगातार मुस्लिम दुकानदारों के बॉयकाट करने की मांग की जा रही है। वहीं, अब रोशनी और खुशियों का त्योहार दीपावली पर भी हिंदूवादी संगठनों ने गैर-हिंदुओं से खरीदारी न करने की अपील की। दीपावली से पहले भोपाल के चौक-चौराहों पर विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के होर्डिंग्स चर्चा में हैं। वीएचपी के होर्डिंग्स पर लिखा है- अपना त्योहार अपनों से व्यवहार।

■ लिखा- खरीदारी उनसे करें, जो आपकी खरीदी से दीपावली मना सकें




**चिदंबरम के बाद मणिशंकर अय्यर का बड़ा बयान आया**

## ऑपरेशन ब्लू स्टार सेना के अधिकारियों की थी नासमझी, चीन से दोस्ती करे भारत

***अब मौजूदा सरकार को यह सोचना है कि उन्हें चीन से मुकाबला करना है या दोस्ती?***



एजेंसी ⏭ कसौली (सोलन)

पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने दावा किया है कि कि ऑपरेशन ब्लू स्टार सेना के वरिष्ठतम अधिकारियों की नासमझी थी। पंजाब में शांति स्थापित करने में भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भूमिका निभाई। लोंगोवाल समझौता भी इसी नीति का हिस्सा था। कसौली में खुशवंत सिंह लिटफेस्ट के अंतिम दिन के पहले सत्र में मणिशंकर अय्यर ने भारत के भविष्य के लिए राजीव गांधी की विरासत का पुनर्मूल्यांकन विषय पर अपनी किताब 'द राजीव आइ न्यू' पर चर्चा करते हुआ यह दावा किया।

**श्रीलंका भेजा शांति मिशन भी गलत साबित हुआ**

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने 1987 के समझौते और श्रीलंका में भारतीय शांति सेना की तैनाती के फैसले का बचाव किया। उनकी दलील है कि श्रीलंका के विघटन को रोकने के लिए यह जरूरी था, जिससे तमिलनाडु में अलगाववाद की भावना भड़क सकती थी। अय्यर बोले कि राजीव को पता था कि श्रीलंका के विघटन से भारत में विघटन की स्थिति पैदा हो सकती है। उनके मुताबिक समझौते पर सेना की सहमति थी और श्रीलंका में शांति सेना पड़ोसी के अनुरोध पर वहां स्थिरता लाने गई थी, उस पर विजय के लिए नहीं। हालांकि, वह मिशन बुरी तरह से गलत साबित हुआ और आरोप लगाया कि भारतीय संस्थाएं जमीनी स्थिति को पढ़ने में नाकाम रहीं और उनकी योजना और उसपर अमल करने का तरीका भी बेकार था।

**जोएल मोकिर, फिलिप अघियन व पीटर हॉविट को अर्थशास्त्र का नोबेल**

### अघियन और हॉविट ने सतत विकास के पीछे के तंत्र का भी अध्ययन किया

# नवाचार और संचालित आर्थिक विकास की व्याख्या करने के लिए दिया पुरस्कार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है। इस वर्ष यह पुरस्कार जोएल मोकिर, फिलिप अघियन और पीटर हॉविट को 'नवाचार-संचालित आर्थिक विकास की व्याख्या करने के लिए' दिया गया है। पुरस्कार का आधा हिस्सा मोकिर को 'तकनीकी प्रगति के माध्यम से सतत विकास के लिए आवश्यक शर्तों की पहचान करने के लिए' और शेष आधा हिस्सा अघियन और हॉविट को 'रचनात्मक विनाश के माध्यम से सतत विकास के सिद्धांत के लिए' संयुक्त रूप से दिया जाएगा। जोएल मोकिर अमेरिका के नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी से जुड़े हैं। वहीं, फिलिप अघियन फ्रांस के कॉलेज डी फ्रांस और ब्रिटेन के द लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस से ताल्लुक रखते हैं। पीटर हॉविट अमेरिका के ब्राउन यूनिवर्सिटी से संबंध रखते हैं।



***अर्थशास्त्र में नोबेल अब तक 99 व्यक्तियों को दिया गया है***


***अर्थशास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार 1968 में शुरू किया गया***



जोएल मोकिर



फिलिप अघियन



पीटर हॉविट

**नवाचार में यह जानना होगा कि कोई चीज कैसे काम करती है?**

नोबेल समिति ने बताया कि मोकिर ने यह प्रदर्शित किया कि यदि नवाचारों को एक स्व-उत्पादक प्रक्रिया में एक-दूसरे का उत्तराधिकारी बनाना है, तो हमें न केवल यह जानना होगा कि कोई चीज कैसे काम करती है, बल्कि हमें यह भी जानना होगा कि ऐसा क्यों होता है। अघियन और हॉविट ने सतत विकास के पीछे के तंत्र का भी अध्ययन किया। इसमें 1992 का एक लेख भी शामिल है, जिसमें उन्होंने रचनात्मक विनाश नामक गणितीय मॉडल का निर्माण किया। इसमें बताया गया कि जब एक नया और बेहतर उत्पाद बाजार में प्रवेश करता है, तो पुराने उत्पाद बेचने वाली कंपनियां नुकसान में आ जाती हैं। आर्थिक विज्ञान पुरस्कार समिति के अध्यक्ष हैस्लर ने कहा कि पुरस्कार विजेताओं का काम दर्शाता है।




## बिहार में गुजरात मॉडल नहीं अपनाएगी भाजपा

# 3 सूत्रीय फॉर्मूले से तय कर रही उम्मीदवार 75 पार वालों को भी मिलेगा टिकट

भाजपा अकसर सभी चुनावों में करीब 30 फीसदी मौजूदा विधायक का टिकट काटती रही है और उनकी जगह युवाओं को मौका देती रही है लेकिन इस बार बिहार में ये मॉडल नहीं अपनाया जाएगा।

**भाजपा ने फाइनल किए नाम, कभी भी जारी हो सकती है**

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सत्ताधारी एनडीए गठबंधन में सीटों के बंटवारे का ऐलान होने के बाद अब उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कभी भी हो सकती है। भाजपा ने गठबंधन के तहत आवंटित सभी 101 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल कर लिए हैं और उसका ऐलान कभी भी हो सकता है। पार्टी बिहार में टिकट बंटवारे में गुजरात मॉडल नहीं अपनाएगी।

यानी 30 फीसदी मौजूदा विधायकों के टिकट नहीं काटेगी। भाजपा अकसर सभी चुनावों में इस मॉडल का इस्तेमाल कर करीब 30 फीसदी मौजूदा विधायक का टिकट काटती रही है और उनकी जगह युवाओं को मौका देती रही है लेकिन इस बार बिहार में ये मॉडल नहीं अपनाया जाएगा। हालांकि पार्टी 16 मौजूदा विधायकों का टिकट काट सकती है। इसके अलावा 75 पार की उम्र वालों को भी टिकट मिल सकता है। जिनके टिकट कटेंगे उनकी सीटों पर महिलाओं और युवाओं को उतारने की रणनीति भाजपा ने बनाई है। इसके तहत जातीय समीकरण, जिताऊ उम्मीदवार और युवाओं की भागीदारी पर विशेष ध्यान दिया

**जातीय समीकरण**
जिताऊ उम्मीदवार और युवाओं पर ध्यान



फाइल फोटो

**नाराज कुशवाहा ने कहा**

### आज बादलों ने फिर साजिश की है



सीट बंटवारे के बाद राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी से क्षमा चाहता हूं। आपके मन के अनुकूल सीटों की संख्या नहीं हो पाई। मैं समझ रहा हूं, इस निर्णय से अपनी पार्टी के उम्मीदवार होने की इच्छा रखने वाले साथियों सहित हजारों-लाखों लोगों का मन दुखी होगा। उन्होंने कहा कि आज बादलों ने फिर साजिश की है। जहां मेरा घर था, वहीं बारिश भी की है। कुशवाह ने सीट बंटवारे का फैसला लेने वाले को संदेश देते हुए लिखा कि अगर फलक को जिद है बिजलियां गिराने की, तो हमें भी जिद है वहीं पर आशियाना बसाने की।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले**

### एनडीए में मतभेद नहीं, भारी बहुमत से बनेगी सरकार, हम 'पांच पांडव'



बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने एनडीए के भीतर किसी तरह के मतभेद होने से इनकार किया और कहा कि गठबंधन एकजुट होकर चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि एनडीए ने पहले ही सीट बंटवारे की घोषणा कर दी है। अब भाजपा समेत राजग के सभी घटक दलों के उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में राजग के पांच घटक दल 'पांच पांडव' की तरह हैं और सभी मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगे तथा भारी बहुमत से सरकार बनाएंगे।

## कुम्हरार से नहीं लड़ेंगे अरुण सिन्हा चुनाव



पटना जिले के कुम्हरार विधानसभा सीट से लगातार चार बार जीत हासिल करने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण कुमार सिन्हा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि मैं आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी के रूप में चुनाव नहीं लड़ूंगा लेकिन संगठन के लिए कार्य करता रहूंगा। सूत्रों की मानें तो चुनाव समिति की बैठक में उनके नाम कटने की बात पर चर्चा हुई थी। कारण उनकी उम्र सीमा थी। इस सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार में मंत्री मंगल पांडेय के नाम की चर्चा चल रही है।

## लोजपा उपाध्यक्ष रविशंकर का इस्तीफा



लोजपा (रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष रविशंकर सिंह अशोक ने पार्टी की सदस्यता व पद दोनों से त्यागपत्र दे दिया। इसके साथ ही उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थकों ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना त्यागपत्र प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी को भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि यदि कोई पार्टी उन्हें चुनाव लड़ने के लिए टिकट देती है तो वह सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र का सम्मान होगा, अन्यथा स्वतंत्र रूप से चुनाव मैदान में उतरेंगे। उन्होंने 17 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करने की भी घोषणा की।

**आईआरसीटीसी घोटाला: कोर्ट ने कहा कि लालू की जानकारी में साजिश रची गई**

# लालू-राबड़ी और तेजस्वी के खिलाफ आरोप तय, 1 से 7 साल तक की हो सकती है जेल

### तेजस्वी बोले- अमित शाह ने दी थी धमकी चुनाव लड़ने लायक नहीं छोड़ेंगे

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को आईआरसीटीसी घोटाले में आरोपी माना। अब तीनों के खिलाफ केस चलेगा। कोर्ट ने कहा कि लालू की जानकारी में टेंडर घोटाले की पूरी साजिश रची गई। टेंडर में उनका हस्तक्षेप था। इससे लालू परिवार को फायदा हुआ। उधर लालू ने इन आरोपों को निराधार बताया। यह मामला रांची और पुरी स्थित आईआरसीटीसी की 2 होटलों के टेंडर में भ्रष्टाचार से जुड़ा है। लालू यादव पर भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी का आरोप है। इसके अलावा, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 120B (आपराधिक साजिश) के तहत आरोप लगे हैं। अगर तीनों के खिलाफ आरोप साबित हुए तो इन्हें एक से 7 साल तक की सजा हो सकती है।



**हम बिहारी, बाहरी से नहीं डरते**

सुनवाई के बाद तेजस्वी यादव ने 'एक्स' पर लिखा कि एक महीना पहले बिहार आकर गृहमंत्री अमित शाह हमें धमकी दे रहे थे कि हमको चुनाव लड़ने लायक नहीं छोड़ेंगे। हम लड़ेंगे और जीतेंगे। हम बिहारी है बिहारी, बाहरी से नहीं डरते। उन्होंने कहा कि यह सब राजनीतिक प्रतिशोध है। बिहार और देश की जनता सच्चाई जानती है।

**लैंड फॉर जॉब्स मामले में फैसला 10 नवंबर को**

ज़मीन के बदले रेलवे में नौकरी से जुड़े लैंड फॉर जॉब स्कैम में लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और अन्य के खिलाफ आरोप तय करने पर फैसला टल गया है। अब 10 नवंबर को आरोप तय करने पर फैसला आ सकता है। सीबीआई ने कहा था कि इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है, कुछ सेल डीड को छोड़कर, ज़मीन की खरीद के लिए ज़्यादातर पैसों का लेनदेन कैश में हुआ। सीबीआई ने मामले में आईपीसी की धारा 120, 420, 468, 467, 471 और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट 1988 की धारा 11,12,13,,8,9 के तहत चार्जशीट दाखिल की थी।

**जनसुराज की दूसरी सूची जारी, 65 सीटों पर उतारे प्रत्याशी**

### प्रशांत किशोर बोले- अति पिछड़ा समाज को दिए सर्वाधिक 70 टिकट

जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर नेचुनाव को लेकर अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि हमने पहले ही कहा था कि समाज में जिसकी जितनी हिस्सेदारी है, उन्हें उतनी ही हिस्सेदारी मिलेगी। बिहार में अतिपिछड़ा समाज के लोगों की संख्या सबसे अधिक है। इसीलिए हमलोगों ने अब तक एक तिहाई सीटों पर इन्हें ही टिकट दिया है। दूसरी सूची में 65 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की गई है। इससे पहले 51 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई थी। अब तक 116 प्रत्याशी के नाम की घोषणा की गई है। इसमें सबसे अधिक संख्या 70 सीट अतिपिछड़ा समाज के लोगों की है। पीके ने कहा कि बिहार के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जब किसी राजनीतिक दल ने इतने अधिक संख्या में अतिपिछड़ों को टिकट दिया है। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने 65 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है।

**'विकसित भारत बिल्डाथॉन' शुरू**

## छात्रों संग बेंच पर बैठे मंत्री प्रधान, शिक्षण पद्धति जानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान कुछ समय के लिए एक 'छात्र' बन गए। ऐसा तब हुआ, जब सोमवार को उन्होंने दिल्ली छावनी स्थित केंद्रीय विद्यालय संख्या-2 का दौरा किया। यह दौरा स्कूल में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान हुआ, जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने बच्चों के साथ बैठकर शिक्षा की बारीकियों को नजदीक से अनुभव किया। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को 'विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025' का शुभारंभ भी किया। इस बिल्डाथॉन में देश भर के 25 लाख से अधिक छात्र शामिल हैं। मंत्री धर्मेंद्र प्रधान कक्षा 1 के छात्रों के साथ बेंच पर बैठ गए और उनके साथ मिलकर कक्षा में पढ़ाया जा रहा अंकों का पाठ देखा-समझा। उन्होंने बच्चों से संवाद किया, उनकी जिज्ञासाओं को सुना और शिक्षकों से विद्यालय में शिक्षण पद्धति के बारे में जानकारी ली।

### सुप्रीम कोर्ट से नेहा राठौर को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** लोकगायिका और एक्टिविस्ट नेहा सिंह राठौर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सोमवार को शीर्ष अदालत ने उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने से इनकार करते हुए साफ कहा कि जाओ और ट्रायल फेस करो। कोर्ट ने कहा कि वह इस वक्त किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं करेगी और न ही केस के मेरिट पर कोई राय दे रही है।

### सोनिया ने वीरभद्र की प्रतिमा का किया अनावरण

**शिमला।** हिमाचल के छह बार के सीएम रहे स्व. वीरभद्र सिंह की रिज पर लगी प्रतिमा का कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अनावरण किया। सोनिया ने रिमोट का बटन दबाकर प्रतिमा के सामने लगा पर्दा हटाया। इस अवसर पर सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस महासचिव सांसद प्रियंका गांधी भी उपस्थित थीं।

**कर्नाटक सीएम के बेटे का आरोप**

## आरएसएस की मानसिकता तालिबान जैसी, बैन लगाएं

सिद्धरमैया बोले- सरकारी जगहों पर शाखा लगने की जांच होगी



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया ने राज्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर बैन लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आरएसएस की मानसिकता तालिबान जैसी है। आरएसएस हिंदू धर्म को उसी तरह लागू करना चाहता है जिस तरह तालिबान इस्लाम के सिद्धांतों को थोपने के लिए आदेश जारी करता है। इसके बाद सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि आरएसएस अपनी शाखा लगाने के लिए सरकारी परिसरों का इस्तेमाल कर रहा है। मैंने मुख्य सचिव से कहा है कि वे जांच करें और देखें कि तमिलनाडु सरकार ने क्या कदम उठाए हैं। और क्या उन्हें कर्नाटक में भी लागू किया जा सकता है।

**आरएसएस को कानून के तहत लाएं**

यतींद्र ने कहा कि आरएसएस को कानून के तहत लाना चाहिए और उसे एक पंजीकृत संस्था बनाया जाना चाहिए। अभी वह एक स्वैच्छिक संगठन है, इसलिए उसे कुछ कानूनी छूट मिल जाती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री भगवंत खुबा ने कहा कि कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के बेटे और विधायक यतींद्र सिद्धारमैया ने अपने बयान में आरएसएस को तालिबान से जोड़ा है। यह कुछ कांग्रेस नेताओं की बेतुकी सोच को दर्शाता है। वहीं, भाजपा नेता बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि आरएसएस शाखाओं से युवा और वृद्ध दोनों द्वारा गूंजे जा रहे भारत माता की जय के नारे और कोरस ने उन लोगों को विचलित कर दिया है जो पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे सुनने के आदी हैं।






## खबर संक्षेप

### भारत-यूएस ट्रेड डील पर लगेगी मुहर?

**नई दिल्ली।** प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) पर बातचीत के लिए इस सप्ताह भारत के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम अमेरिका का दौरा करेगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।



इस वर्ष फरवरी में दोनों देशों के नेताओं ने अधिकारियों को इस समझौते पर बातचीत करने का निर्देश दिया था। दोनों देशों ने बीटीए के पहले चरण को नवंबर 2025 के अंत तक पूरा करने की योजना बनाई है। अब तक दोनों पक्षों के बीच पांच दौर की बात हो चुकी है।

### मेल के खेल में भारतीय मूल के 8 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कनाडा में पुलिस ने क्रेडिट कार्ड और चेक सहित डाक चोरी के आरोप में आठ भारतीय मूल के लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए इन लोगों पर 300 से अधिक आरोप लगाए गए हैं। हिरासत में लिए गए इन लोगों में कुछ लोगों को कनाडा से निर्वासन का सामना करना पड़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, पील पुलिस ने संदिग्धों से 450 से ज्यादा चोरी के डाक, जैसे क्रेडिट कार्ड और चेक बरामद किए।




### हमास की कैद से छूटे 20 कैदियों ने सुनाई आपबीती

# अंधेरी सुरंग में भयानक डरावनी आवाजें भूखे-प्यासे तड़पते रहे हमास के सभी बंधक

एजेंसी ▶▶ गाजा

इजराइल और हमास में सीजफायर हो चुका है और गाजा में शांति समझौता भी लागू हो चुका है। सोमवार को हमास ने इजरायल के 20 बंधकों को रिहा किया है, जो करीब 738 दिन की कैद के बाद रिहा हुए हैं, लेकिन रिहा हुए कैदियों की हालत काफी खराब है। कोई अस्थमा का शिकार है तो कोई संक्रमण से ग्रस्त है। कोई कुपोषित है तो कोई मानसिक रूप से बीमार है। इनके परिजनों ने बताया कि जब इनके जिंदा होने का सबूत देने वाले वीडियो मिले थे, तब वे अंधेरी सुरंग में थे, जहां से भयानक डरावनी आवाजें आ रही थीं और उन्हें वहां भूखा-प्यासा रखा जाता था। बता दें कि हमास ने बंधकों को रिहा करने से पहले इनके नाम जारी किए थे और बताया था कि इन लोगों को नोवा म्यूजिक फेस्टिवल या किबुट्ज़ हमलों के दौरान बंधक बनाया गया था। हमास 28 मृत बंधकों के शव भी उनके परिजनों को सौंपेगा। 7 अक्टूबर 2023 के हमास ने 251 लोग बंधक बनाए थे। वहीं इसके बदले में इजराइल 1700 फिलिस्तीनी कैदियों और 22 नाबालिगों को बंधन मुक्त करेगा। 360 फिलिस्तीनी लड़ाकों के शव भी उनके परिजनों को लौटाएगा।

हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को 251 लोगों बंधक बनाया

28 के शव परिजनों को सौंप दिए गए

738 दिन बाद रिहा हुए कैदियों की हालत खराब



#### बंधकों की सबकी अपनी व्यथा

**रोम ब्रासलाव्स्की**
21 वर्षीय रोम नोवा म्यूजिक फेस्टिवल के सिक्योरिटी गार्ड थे। अगस्त 2025 में एक वीडियो के जरिए इनके जिंदा होने का सबूत मिला था और उन्होंने बताया था कि उन्हें अंधेरी सुरंग में रखा गया है, जहां से भयानक डरावनी आवाजें आती हैं और उन्हें भूखा-प्यासा रखा जाता है।

**एवयातार डेविड**
*24 साल के डेविड को नोवा म्यूजिक फेस्टिवल से बंधक बनाया गया था। अगस्त 2025 में हमास ने जो वीडियो जारी किया था, उसमें वे कुपोषण का शिकार नजर आए थे और उनकी हालत काफी खराब थी।*

**सेगेव कैल्फोन**
*27 साल के सेगेव को तब बंधक बनाया गया था, जब 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के दौरान दोस्त के साथ जान बचाने के लिए भाग रहा था। फरवरी 2025 में हमास की कैद से जो बंधक रिहा हुआ था, उसने सेगेव के परिजनों को बताया था कि वह जिंदा है, लेकिन उसे अंधेरी सुरंग में भयानक हालात में रखा गया है।*

**मैक्सिम हेरकिन**
37 साल के मैक्सिम रूसी मूल के नागरिक हैं और इजरायल में बसे हुए हैं, लेकिन ने नोवा म्यूजिक फेस्टिवल से बंधक बनाए गए थे। अप्रैल 2025 में हमास ने जो वीडियो जारी किया था, उसमें वे बार कुपरस्टीन के साथ दिखे थे।

**बार कुपरस्टीन**
23 साल के कुपरस्टीन को भी नोवा म्यूजिक फेस्टिवल में बंधक बनाया गया था, जबकि वह हमले में घायल लोगों की जान बचाने के लिए रुका था। अप्रैल 2025 में जिस बंधक को हमास ने रिहा किया था, उसने कुपरस्टीन के परिजनों को बताया था कि वह जिंदा है।

**एतान मोर**
25 साल के एतान मोर नोवा म्यूजिक फेस्टिवल के सिक्योरिटी गार्ड थे। उनके जिंदा होने की खबर परिजनों को फरवरी 2025 में मिली थी और तब रिहा हुए बंधकों ने बताया था कि एतान ने हिम्मत बंधाई, तभी उस दर्दनाक खौफनाक जिंदगी को बिता पाए।


**अविनातान ओर**
32 साल के अविनातान को उनकी गर्लफ्रेंड नोआ अर्जमानी के साथ नोवा म्यूजिक फेस्टिवल से बंधक बनाया गया था। नोआ को तो जून 2024 में इजरायली सेना ने हमास की कैद से छुड़ा लिया था। मार्च 2025 में एक वीडियो के जरिए अविनातान के जिंदा होने के सबूत मिले थे।

**एल्काना बोहबोट**
36 साल के एल्काना भी नोवा म्यूजिक फेस्टिवल में आथे थे। फरवरी 2025 में हमास ने जिन बंधकों को रिहा किया था, उन्होंने बताया था कि एल्काना को अस्थमा हो गया है और वे त्वचा की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं।

### अब भिड़ने की तैयारी कर रहा ड्रैगन?

## ताइवान की ओर चीन ने भेजे 13 फाइटर जेट और 6 जंगी जहाज

एजेंसी ▶▶ तेलअवीव



इजरायल-हमास युद्ध में अब शांति के संकेत नजर आने लगे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मिस्र में पूर्ण युद्धविराम सुनिश्चित करने के लिए एक शांति सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। लेकिन इसी समय दुनिया के दूसरे छोर पर तनाव चरम सीमा पर पहुंच गया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को खुलासा किया कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 13 लड़ाकू विमान और 6 नौसेना के जहाजों ने ताइवान के आसपास गतिविधियां तेज कर दीं। इनमें से आठ विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार करते हुए ताइवान के उत्तर, दक्षिण-पश्चिम तथा दक्षिण-पूर्वी हवाई रक्षा क्षेत्रों (एडीआईजेड) में घुसपैठ की। मंत्रालय के मुताबिक, ताइवान की सेना ने पूरे हालात पर सख्त नजर रखी और सभी आवश्यक कदम उठाए। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए बताया कि 13 चीनी विमान और 6 नौसेना के जहाज ताइवान के आसपास देखे गए। आठ विमानों ने हमारे एडीआईजेड में अतिक्रमण किया। हमारी सेनाएं लगातार निगरानी कर रही हैं और उचित कार्रवाई में जुटी हुई हैं। यह घटना चीन की ताइवान पर लगातार जारी 'सैन्य दबाव रणनीति' का नया उदाहरण है। बता दें कि चीन ताइवान को अपना 'विशेष प्रशासनिक क्षेत्र' मानता है और उसके आसपास हवाई तथा समुद्री गश्त को और तेज कर रहा है।

#### लगातार दूसरी रात की घुसपैठ

गौरतलब है कि रविवार को भी ताइवान ने 16 चीनी विमानों, 8 नौसेना जहाजों और एक सरकारी पोत के अपनी सीमाओं के निकट पहुंचने की सूचना दी थी, जिसमें 13 विमानों ने एडीआईजेड में प्रवेश किया था। यह लगातार दूसरी रात थी जब चीन ने हवाई घुसपैठ और नौसैनिक दबाव की रणनीति दोहराई। अब इस घटना ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या चीन धीरे-धीरे ताइवान की चारों ओर सैन्य घेराबंदी की साजिश रच रहा है? हालांकि, ताइवान के वरिष्ठ रक्षा विशेषज्ञों ने इसे 'अव्यावहारिक और असंभव' ठहराया है। तामकांग विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अलेक्जेंडर हुआंग ने कहा कि चीन केवल 'चार-पांच पनडुब्बियों' से ताइवान को बलॉक नहीं कर सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह रणनीति रणनीतिक रूप से टिकाऊ नहीं है। यहां तक कि परमाणु-संचालित पनडुब्बियों की भी अपनी सीमाएं हैं। चालक दल को भोजन, आराम और बदलाव की आवश्यकता होती है।

## पीएम मोदी से कनाडा की विदेश मंत्री ने की मुलाकात

**एजेंसी,नई दिल्ली।** कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएमओ ने बयान में कहा पीएम मोदी ने विदेश मंत्री आनंद का स्वागत किया और बताया कि उनका यह दौरा द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊर्जा देगा। इस साल मई में कनाडा की विदेश मंत्री बनने के बाद अनीता आनंद की यह पहली भारत यात्रा है। पीएमओ के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने जून में जी-7 सम्मेलन के दौरान अपने कनाडा दौरे की चर्चा की, जिसमें उन्होंने कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ 'बेहद उत्पादक' मुलाकात की थी। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, कृषि और जन-जन संबंधों में सहयोग को बढ़ाना महत्वपूर्ण है। मोदी ने कार्नी को अपनी शुभकामनाएं दीं।



### मस्क ने ओपन एआई पर साधा निशाना

## झूठ पर बना संगठन, चैरिटी चुराकर बनाई गई कंपनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



टेक अरबपति एलन मस्क ने एक बार फिर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ओपन एआई पर निशाना साधा है। इस बार उन्होंने कंपनी को झूठ पर बना संगठन कहा है। मस्क ने यह टिप्पणी उस समय की जब ओपन एआई की पूर्व बोर्ड मेंबर हेलेन टोनर ने कंपनी के कामकाज को लेकर अपने विचार साझा किए।

हेलेन टोनर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कभी-कभी ओपन एआई के कर्मचारी मुझसे पूछते हैं कि मैं अब कंपनी को कैसे देखती हूं। कुछ चीजें अच्छी हैं जैसे सिस्टम कार्ड्स बनाना या कॉट मॉनिटरिंग, लेकिन नीति से जुड़े मामलों में उनकी बेईमानी और डराने की रणनीति चिंताजनक है। इस ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने सवाल उठाए कि क्या ओपन एआई एक नॉन-प्रॉफिट संस्था नहीं थी? इस पर मस्क ने जवाब दिया, उन्होंने एक चैरिटी चुरा ली और उसे अपने निजी मुनाफे के लिए इस्तेमाल किया। मस्क पहले भी निशाने पर ले चुके हैं।

## अत्याधुनिक रेलवे, मेट्रो उत्पादों और नवाचारों के साथ टिकाऊ समाधानों का होगा प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 15 से 17 अक्टूबर तक यहां भारत मंडपम में आयोजित होने वाली 16वीं अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी (आईआरईई 2025) का उद्घाटन करेंगे। सीआईआई व्यापार मेला परिषद के अध्यक्ष बी त्यागराजन ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा रेल मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इस प्रदर्शनी में चीन और रूस सहित 15 से अधिक देशों के 400 से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे जो 30 हजार से ज्यादा अत्याधुनिक रेलवे और मेट्रो उत्पादों, नवाचारों और टिकाऊ समाधानों का प्रदर्शन करेंगे। आईआरईई 2025 एक महत्वपूर्ण मंच है जो भारतीय रेलवे को वैश्विक प्रौद्योगिकी दिग्गजों से जोड़ता है। यह भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता को दर्शाता है और साथ ही टिकाऊ एवं कुशल रेलवे समाधानों पर सहयोग को बढ़ावा देता है। त्यागराजन ने कहा कि रेल मंत्रालय के सहयोग से, आईआरईई 2025 का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, व्यापार साझेदारी को सुविधाजनक बनाना और रेलवे प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करना है।




### भारत के मिसाइल टेस्ट के दौरान युआन वांग क्लास के चीनी सर्विलांस शिप देखे गए

# चीन के बाद अब अमेरिका ने शुरू की भारत की जासूसी?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मिसाइल परीक्षण की रेंज देखकर चीन-पाकिस्तान के साथ-साथ अमेरिका भी सकते में आ गया है। चीन के बाद अब अमेरिका ने अपने टोही जहाज, 'ओसियन टाइटन' को हिंद महासागर में भेजा है। 15-17 अक्टूबर के बीच भारत बंगाल की खाड़ी में 3550 किलोमीटर की रेंज वाली मिसाइल का टेस्ट करने जा रहा है। ओसियन टाइटन के साथ ही चीन का 'युआन वांग-5' भी मलक्का स्ट्रेट पार कर हिंद महासागर पहुंचने वाला है ताकि भारत की इस मिसाइल पर नजर रखी जा सके। इससे पहले भी भारत के मिसाइल टेस्ट के दौरान युआन वांग क्लास के चीनी सर्विलांस शिप हिंद महासागर में देखे गए हैं, लेकिन अमेरिका का रिसर्च वैसल पहली बार भारत के मिसाइल परीक्षण के दौरान इस क्षेत्र में देखा गया है। ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या चीन की तरह अमेरिका भी अब भारत के मिसाइल परीक्षण की जासूसी करने जा रहा है क्योंकि हाल के दिनों में भारत और अमेरिका के संबंधों में दरार देखी गई है।




भारत ने 15-17 अक्टूबर तक बंगाल की खाड़ी के ऊपर के क्षेत्र को डेंजर जोन घोषित

भारत ने 2000 किलोमीटर की रेंज वाली अग्नि-प्राइम का टेस्ट किया था

#### भारत ने जारी किया था नोटम



*दरअसल, 6 अक्टूबर को भारत ने इस मिसाइल टेस्ट को लेकर नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया था। शुरुआत में इस परीक्षण के लिए नो फ्लाइंग जोन की रेंज 1480 किलोमीटर रखी गई थी, लेकिन अगले दिन इसकी रेंज 2520 किलोमीटर कर दी गई। फिर महज 22 घंटे में इसकी रेंज 3550 किलोमीटर कर दी गई। ऐसे में कयास इस बात का भी लगाया जा रहा था कि ये कौन सी मिसाइल हो सकती है। 25 सितंबर को डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) और स्ट्रेटेजिक फोर्स कमांड (एसएफसी) कमान ने 2000 किलोमीटर की रेंज वाली अग्नि-प्राइम का टेस्ट किया था। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि 15-17 अक्टूबर के बीच होने वाला परीक्षण भी अग्नि सीरीज की मिसाइल का हो सकता है।*

#### भारत के पास 5 हजार किमी तक रेंज

भारत के आयुध भंडार में अग्नि मिसाइल की कई रेंज हैं और सबसे ज्यादा रेंज 5000 किलोमीटर की है। अग्नि-5 की मारक क्षमता पाकिस्तान और चीन के सबसे उत्तरी हिस्से के साथ-साथ यूरोप के कुछ क्षेत्रों सहित लगभग पूरे एशिया तक है। इसे देश की दीर्घकालिक सुरक्षा जरूरतों को देखते हुए विकसित किया गया है। अग्नि-5 मिसाइल की सबसे बड़ी खासियत है एमआईआरवी टेक्नोलॉजी और एमआईआरवी यानी मल्टिपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल है,इस तकनीक के तहत एक ही मिसाइल अपने साथ कई परमाणु हथियार ले जाकर हमला कर सकती है जिससे अलग-अलग टारगेट को निशाना बनाया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री ने कहा, किसानों की खुशहाली ही हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए लागू की गई भावांतर योजना के लिए इंदौर जिले के देपालपुर और उज्जैन के किसानों ने रविवार को भव्य ट्रैक्टर रैली निकालकर राज्य सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार माना।

ट्रैक्टर रैली में हजारों की संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों के किसान इंदौर के सुपर कॉरिडोर में एकत्रित हुए, जहां मुख्यमंत्री का किसानों के हित में लिए गए निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव श्योपुर जिले से किसान रैली में वर्चुअली शामिल हुए और किसानों के स्नेहपूर्ण आभार प्रदर्शन के प्रति कृतज्ञता जाहिर की। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की खुशहाली ही हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। भावांतर योजना के माध्यम से हमने यह सुनिश्चित किया है कि किसानों को उनकी फसल का पूरा मूल्य मिले। बाजार में यदि दाम घटते भी हैं तो सरकार किसानों की आय में कोई कमी नहीं आने देगी। किसानों के चेहरे पर लौटती मुस्कान हमारे प्रयासों की सफलता का प्रमाण है।

## देपालपुर, इंदौर और उज्जैन में किसानों के साथ जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल

### हजारों की संख्या में किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकालकर भावांतर योजना के लिए मुख्यमंत्री का जताया आभार





### किसानों को उनकी मेहनत और हक का दिलाया जाएगा पूरा पैसा: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सोयाबीन के एमएसपी दर में 500 रुपए की वृद्धि कर 5328 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। किसानों की सुविधा के लिये पूरे प्रदेश में लगभग 1700 पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं। इसमें अब तक 5 लाख से अधिक किसानों ने अपनी फसल का पंजीयन कराया है। अकेले इंदौर जिले में ही अब तक 35 हजार से अधिक किसानों ने सोयाबीन फसल के लिये अपना पंजीयन कराया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर रखी गई है। किसानों को फसल बेचने के 15 दिवस के भीतर राशि वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। सभी किसानों को उनकी मेहनत और हक का पूरा पैसा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि प्रदेश के किसान इस योजना का लाभ उठा रहे हैं और खुश हैं। किसानों के चेहरे पर मुस्कान देखना ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

## किसान भावांतर योजना में अपनी सोयाबीन फसल के लिए कराएं पंजीयन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा पंजीयन से लेकर फसल बेचने तक किसानों के लिए हर संभव सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। सभी जिला कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि मंडियों में उपस्थित रहकर किसानों के लिए सभी व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक सोयाबीन फसल के लिए अपना पंजीयन कराएं। उन्होंने जैविक खेती के लिए भी पंजीयन कराने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता अटूट है और यह योजना उनकी मेहनत का पूरा मूल्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगी।

**सीएम की अपील: अधिक से अधिक सोयाबीन फसल के लिए पंजीयन कराएं**

### भावांतर योजना किसानों की आर्थिक सुरक्षा का है कवच

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज इंदौर में चारों तरफ ट्रैक्टर नजर आ रहे है। अन्नदाताओं ने भव्य रैली निकालकर माता अहिल्या की नगरी को धन्य कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मप्र सरकार किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिये निरंतर कार्य कर रही है। सिंचाई, बीज, खाद, भंडारण और विपणन की व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाया जा रहा है, जिससे कृषि एक लाभकारी व्यवसाय बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि भावांतर योजना केवल एक भुगतान व्यवस्था नहीं, बल्कि किसानों की आर्थिक सुरक्षा का कवच है।

---


## खबर संक्षेप

### आरटीआई रोकने का प्रयास गलत: सक्सेना

**भोपाल।** डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार और सोनिया गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व में 12 अक्टूबर 2005 को ऐतिहासिक सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम अस्तित्व में आया। यह यूपीए सरकार के अधिकार आधारित एजेंडा की पहली कड़ी थी, जिसमें मनरेगा 2005, वन अधिकार अधिनियम 2006, शिक्षा का अधिकार 2009, भूमि कांग्रेस अधिग्रहण में उचित मुआवजा का अधिकार अधिनियम 2013 और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 शामिल थे। यह बात रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में 'सूचना का अधिकार अधिनियम की 20वीं वर्षगांठ' के अवसर पर आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने कही। प्रवीण सक्सेना ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से आरटीआई को लगातार कमजोर किया जा रहा है।

### अनुपम लहरी का निधन, अंत्येष्टि आज

**भोपाल।** अरेरा कॉलोनी में रहने वाले अनुपम लहरी पुत्र स्व. गौरीशंकर लहरी का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भदभदा विश्राम घाट पर सोमवार को किया जाएगा।



अंतिम यात्रा निज निवास ए-1/94 अरेरा कॉलोनी से भदभदा विश्राम घाट के लिए सुबह 10.30 बजे रवाना होगी।

### सीएम ने तिवारी के निधन पर दुःख व्यक्त किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व विधायक, राष्ट्रवादी नेता शंकरलाल तिवारी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व विधायक स्व. तिवारी बचपन से ही संघ से जुड़े थे और बेबाक शैली के लिए जाने जाते थे। स्व. तिवारी मीसा बंदी के रूप में कारावास में रहे। तीन बार सतना से विधायक रहकर उन्होंने आमजन के हित में सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।



---

## राम वन पथ गमन से टाइगर कॉरिडोर तक, मप्र की क्षेत्रीय पहल से मध्य भारत बनेगा पर्यटन हब

# मध्यप्रदेश की क्षेत्रीय साझेदारियों के साथ खुलेगा विकास का नया रास्ता

### पर्यटन राज्य मंत्री लोधी ने कहा-पर्यटन का भविष्य साझेदारी में निहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि पर्यटन का भविष्य साझेदारी में निहित है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पारिस्थितिक ताने-बाने से जुड़े हमारे राज्य मिलकर ऐसे संयुक्त पर्यटन परिपथ और अनुभव गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं, जो न केवल घरेलू बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मध्य भारत को एक नई पहचान देंगे। पर्यटन मंत्री लोधी मप्र ट्रेवल मार्ट के दूसरे दिन फॉस्टरिंग इन्टर स्टेट टूरिज्म कोलेबरेशन विषय चर्चा कर रहे थे।

मप्र न केवल भौगोलिक रूप से, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी भारत का केंद्र है। हमें यह समझना होगा कि अकेले आगे बढ़ने की बजाय मिलकर चलना ज्यादा प्रभावी होता है। मप्र टूरिज्म बोर्ड के उप संचालक युवराज पड़ोले ने बताया कि मप्र में राज्य पुरातत्व विभाग की ओर से संरक्षित 498 स्मारक हैं, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित 290 स्मारक, स्थायी यूनेस्को विश्व धरोहर 3 स्थल, यूनेस्को की संभावित सूची में शामिल 15 स्थल हैं। यूनेस्को से मान्यता प्राप्त रचनात्मक शहर की श्रेणी में संगीत के लिए ग्वालियर, साहित्य के लिए भोपाल का चुना गया है। मांडू, ओरछा, चंदेरी, बुरहानपुर और खजुराहो जैसे ऐतिहासिक शहरों की मध्यकालीन भव्यता दर्शकों को मंत्रमुग्ध करती है।

### मप्र ट्रेवल मार्ट के दूसरे दिन महाराष्ट्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के अधिकारियों के बीच इन्टर स्टेट टूरिज्म कोलेबरेशन विषय पर हुई चर्चा



#### राजस्थान के साथ संयुक्त पर्यटन की संभावनाएं

मप्र और राजस्थान को एक संयुक्त इनबाउंड पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रयास जारी हैं। इसके अंतर्गत सीमा-पार पर्यटन ढांचे को मजबूत करने और सतत गंतव्य विकास को बढ़ावा देने की योजना है। हेरिटेज धरोहर परियोजना के अंतर्गत दोनों राज्यों की सांस्कृतिक और स्थापत्य विरासत को जोड़ते हुए उनका संयुक्त प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

#### कस्टमाइज्ड टूरिज्म पर जोर

तेलंगाना प्रोजेक्ट कन्सल्टेन्ट प्राइवेट लिमिटेड के एमडी श्रीनिवास बंदा ने कहा कि मध्यप्रदेश और तेलंगाना मिलकर मेडिकल टूरिज्म, वाइल्ड और रिलिजीयस टूरिज्म पर बेहतर काम कर सकते हैं। तेलंगाना सरकार में पीएमयू कसंलटेंट फ्राज मलिक ने कहा कि वर्तमान में हमें कस्टमाइज्ड टूरिज्म पर विचार करना चाहिए, जिसके तहत मेडिकल, धार्मिक, वाइल्ड लाइफ आदि टूरिज्म शामिल हैं। इसके अतिरिक्त हम टूरिज्म कॉलेज खोलने पर भी विचार कर सकते हैं।

#### मप्र और महाराष्ट्र के बीच हो टूरिज्म कॉरिडोर पुनर्स्थापित

महाराष्ट्र टूरिज्म डेवलपमेंट के जनरल मैनेजर चंद्रशेखर जायसवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच टूरिज्म कॉरिडोर पुनर्स्थापित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के बीच एक्सचेंज ऑफ टूरिज्म स्टडी टू और बेस्ट प्रेक्टिसेस एक्सचेंज किये जाने चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र मिलकर वाइल्ड लाइफ सर्किट बनाने पर विचार जाना चाहिए।

#### छत्तीसगढ़ के साथ सहयोग के अवसर

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि दोनों राज्यों की जनजातीय संस्कृति, वन्यजीवन, धरोहर और हस्तशिल्प को उजागर करने के लिए को-ब्रांडेड अभियान शुरू किए जाएंगे। यह सहयोग न केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ध्यान आकर्षित करेगा। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के एमडी विवेक आचार्य ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य 7 राज्यों के साथ बार्डर साझा करता है। उन्होंने कहा कि इन्टरस्टेट बाडर्स में पर्यटकों को सबसे बड़ी समस्या टोल प्लाजा पर आती है।

### मुख्य सचिव ने मप्र ट्रैवल मार्ट के बी-2-बी इवेंट और प्रदर्शनी का किया भव्य शुभारंभ

» **मप्र के स्थानीय ग्रामीण परिवेश को जीवंत प्रदर्शनी विलेज वाइब्स के माध्यम से प्रदर्शित करने पर की प्रशंसा**

» **ग्रामीण पर्यटन और व्यावसायिक अवसरों को बढ़ावा देना प्रमुख उद्देश्य**

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने एमवीएम ग्राउंड में मप्र ट्रैवल मार्ट में आयोजित बी-2-बी (बिजनेस-टू-बिजनेस) इवेंट एवं प्रदर्शनी का औपचारिक शुभारंभ किया। इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए व्यावसायिक संबंधों को सुदृढ़ करना है। साथ ही मुख्य सचिव ने मध्यप्रदेश पर्यटन के पेवेलियन और प्रदेश के ग्रामीण पर्यटन की जीवंत प्रदर्शनी विलेज वाइब्स का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रख्यात अभिनेता रघुवीर यादव तथा अपर मुख्य सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति शिवशेखर शुक्ला भी उपस्थित थे। मुख्य सचिव जैन ने प्रदेश के स्थानीय ग्रामीण परिवेश को जीवंत प्रदर्शनी विलेज वाइब्स के माध्यम से प्रदर्शित करने पर प्रशंसा की। उन्होंने महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत प्रशिक्षित बालिकाओं से संवाद किया। साथ ही ग्रामीण किचन की प्रतिरूप मां की रसोई, ब्लॉक प्रिंटिंग, सुविनियर शॉप, चंदेरी साड़ी वीविंग, लाइव गोंड पेंटिंग के लाइव डेमो का अवलोकन किया। मुख्य सचिव जैन का परंपरागत ढोल और बांसुरी बजाकर स्वागत किया गया।



#### प्रदेश के ग्रामीण होम स्टे संचालकों से मिले

*मुख्य सचिव जैन ने बी-2-बी इवेंट में विशेष रूप से स्थान दिए गए प्रदेश के ग्रामीण होमस्टे संचालकों से मिले। ग्रामीण परिवेश के होमस्टे संचालकों की ओर से अंतर्राष्ट्रीय टूर और ट्रैवल ऑपरेटर के साथ संवाद और बिजनेस अवसर उपलब्ध कराने की सराहना की। वनराज होमस्टे, पलाश विला पेंच, ज्यांशी होमस्टे, वेदिका हिल होमस्टे और ग्रैंड नर्मदा होमस्टे सहित विभिन्न होम स्टे संचालकों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उनके सुविनियर उत्पाद देखे और प्रयासों की प्रशंसा की। मुख्य सचिव जैन ने विदेशी और भारतीय टूर ऑपरेटरों, होटल प्रतिनिधियों और निवेशकों से मुलाकात कर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्हें मप्र ट्रैवल मार्ट में आने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही मप्र में पर्यटन को बढ़ाने के लिए आग्रह भी किया। मुख्य सचिव जैन ने प्रदर्शनियों और स्टॉल्स का अवलोकन किया एवं प्रतिभागियों से संवाद करते हुए प्रदेश की नई पर्यटन नीति, निवेश के अवसरों और आगामी योजनाओं की जानकारी साझा की। इस अवसर पर प्रबंध संचालक मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम डॉ. इलैया राजा टी, अपर प्रबंध संचालक एमपी टूरिज्म बोर्ड सुश्री बिदिशा मुखर्जी सहित पर्यटन विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में अंतर्राष्ट्रीय और डोमेस्टिक टूर, ट्रैवल ऑपरेटर और होटलियर उपस्थित रहें।*

---

### सराहनीय पहल: सात फेरे लेकर समाज की मुख्यधारा में लौटे

## विवाह के बंधन में बंधा नक्सली जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के पखांजुर से एक उम्मीद और बदलाव की तस्वीर सामने आई है। जो कभी बंदूक लेकर जंगलों में घूमते थे, आज वे प्रेम और विश्वास के बंधन में बंध गए हैं। थाना परिसर में पूर्व नक्सली जोड़े ने सात फेरे लेकर समाज की मुख्यधारा में लौटने का संकल्प लिया। पखांजुर थाना परिसर रविवार को शादी के मंडप में बदला नजर आया। यहां पूर्व नक्सली सागर हिरदो और सचिला मांडवी ने सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह किया। कभी जंगलों में बंदूक लेकर घूमने वाले इस जोड़े ने अब समाज के साथ जीवन बिताने का संकल्प लिया है। दोनों ने 2024 में आत्मसमर्पण कर नक्सली जीवन को अलविदा कहा और पुलिस बल का हिस्सा बने। इसी दौरान दोनों की पहचान हुई और शादी का फैसला लिया गया। थाना परिसर में फेरे, पूजा और आशीर्वाद की रस्मों में पुलिस अधिकारी और ग्रामीण भी शामिल हुए। इस पहल में पखांजुर थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट और गोण्डाहुर थाना प्रभारी रामचंद्र साहू की अहम भूमिका रही। ये शादी सिर्फ दो लोगों की नहीं, बल्कि एक नई सोच, नई शुरुआत और शांति की दिशा में बढ़ाया गया मजबूत कदम है। यह कहानी बताती है कि बदलाव संभव है। बस एक मौका और समाज का साथ चाहिए।



### महिलाओं, बालिकाओं से जुड़े मामलों पर त्वरित कार्रवाई करें

## कलेक्टर-एसपी की प्रेस कांफ्रेंस, सीएम ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने दूसरे दिन सोमवार को भी कलेक्टर-एसपी की प्रेस कॉन्फ्रेंस ली। इस दौरान प्रदेश की कानून व्यवस्था की समीक्षा की। नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर बैठक हो रही है। इसमें जिलों के परफॉर्मेंस की भी व्यापक समीक्षा की जा रही है। सीएम साय ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि महिला और बालिका से जुड़े आपराधिक मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई की जाए। इन अपराधों से जुड़े मामलों में निर्धारित समय समय सीमा के अंदर चालान प्रस्तुत हो। मुख्यमंत्री साइबर क्राइम और इससे जुड़े आपराधिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि रोज साइबर अपराध के तरीके बदलते रहते हैं। इस संबंध में लोगों को जानकारी दी जाए। बैठक में अधिकारियों ने सीएम साय को बताया कि फिलहाल संभागीय स्तर पर पांच साइबर थाने चल रहे हैं। इसके अलावा नौ थाने जल्द ही शुरू किए जाएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के व्यापार पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम साय ने कहा कि नशे से अन्य अपराधों को बढ़ावा मिलता है। ऐसे में अभियान चला कर कार्रवाई की जाय। अंतरराज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जाए। पिटएनडीपीएस एक्ट के मामलों में समय सीमा में कार्रवाई की जाय।



#### नशाखोरी के खिलाफ चलाएं मुहिम

*उन्होंने कहा कि नशाखोरी के खिलाफ व्यापक मुहिम चलाकर युवाओं को जागरूक किया जाए। सड़क सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा मानकों का पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाए। हेलमेट, सीट बेल्ट न पहनने और नशे में वाहन चलाने वालों में कानून का भय होना चाहिए। ब्लैक स्पॉट को चिन्हांकित कर दुर्घटना के कारणों को दूर करना चाहिए। अंतर्विभागीय समन्वय के साथ लगातार साइबर जागरूकता अभियान चलाने की विशेष पहल की जाए। साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जाए। बैठक में गृहमंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव विकास शील, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सहित रेंज आईजी, कलेक्टर, एसपी सहित अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।*

---

### महर्षि वाल्मीकि की वाणी से जो रामायण निकली, वह केवल ग्रंथ नहीं, भारतीय परंपरा की शुद्ध आत्मा: मुख्यमंत्री

# भगवान श्रीराम ने संबंधों को जाति, वर्ग या रूप से नहीं, हृदय की शुद्धता से जोड़ा

हरिभूमि न्यूज. भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने श्रीराम के चरित्र 'रामायण' के रूप में मानवता को अनुपम उपहार दिया है। महर्षि वाल्मीकि की वाणी से जो रामायण निकली, वह केवल ग्रंथ नहीं भारत की आत्मा है।

रामायण में समरसता केवल एक विचार नहीं, जीता-जागता संदेश है। उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन के माध्यम से दिखाया कि ईश्वर की दृष्टि में सब समान हैं। भगवान श्रीराम ने निषादराज को मित्र बनाया, शबरी माता के झूठे बेर प्रेम से खाए, हनुमान और वानर सेना को परिवार की तरह गले लगाया, धर्म युद्ध में सबको साथ लेकर चले।

- सफाईकर्मियों का कल्याण हमारी जिम्मेदारी, सरकार है आपके साथ
- मानस भवन में मनाया गया महर्षि वाल्मीकि जयंती प्रकटोत्सव





**आपसी सौहार्द्र, प्रेम और अपनत्व की भावना से राष्ट्र बनता है सशक्त**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समाज के सतत विकास की पहली जरूरत सामाजिक समरसता है, जो साहचर्य और भाईचारे की भावना से जन्म लेती है। समरसता केवल एक विचार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। जब समाज आपसी सौहार्द, प्रेम और अपनत्व की भावना से मिल-जुलकर चलता है, तभी कोई राष्ट्र सशक्त और समृद्ध बनता है। मुख्यमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि के योगदान को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने रामायण जैसी अमर कृति के माध्यम से न केवल मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन का चित्रण किया।

#### सफाईकर्मियों-स्वच्छता मित्रों का कल्याण जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को वाल्मीकि समाजजनों ने सभी सफाईकर्मियों को नियमित करने सहित समाज विकास से जुड़ी अन्य मांगें प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी सफाईकर्मियों और स्वच्छता मित्रों का समग्र कल्याण हमारी जिम्मेदारी है। हमारा प्रयास है कि वाल्मीकि समाज के बच्चे पढ़-लिखकर उद्योगपति, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील और बड़े अधिकारी बनें। सरकार इन्हें हर जरूरी प्रोत्साहन देगी।

#### समाज के विकास और कल्याण में कोई कमी नहीं रखेंगे

*मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर घड़ी आपके साथ है, वाल्मीकि समाज के विकास और कल्याण में हम कोई कमी नहीं रखेंगे। राज्यसभा सांसद एवं पीठाधीश्वर वाल्मीकि धाम उज्जैन बालयोगी उमेशनाथ महाराज ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने पवित्र ग्रंथ 'रामायण' की रचना की, जिसके माध्यम से उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव सामाजिक समरसता के इस भाव को निरंतर गति प्रदान कर रहे हैं। वे समाज के हर वर्ग की छोटी से छोटी समस्या का समाधान पूर्ण पारदर्शिता और निष्ठा के साथ कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अखिल भारतीय वाल्मीकि सनातन धर्मसभा एवं मप्र वाल्मीकि एकता संघ ने महर्षि वाल्मीकि का चित्र, रामायण एवं अभिनंदन पत्र भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वाल्मीकि समाज के नागरिकों के साथ सहभोज भी किया। स्वागत उद्बोधन में सुनील वाल्मीकि ने आयोजन की रूपरेखा के बारे में बताया। अजय कदम ने आभार माना। महर्षि वाल्मीकि जयंती प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर अनुसूचित जाति विकास विभाग ने समरसता सम्मेलन का आयोजन किया गया।*

# करोड़ों से बने एयरपोर्ट को बंद कर दें या भोपाल-इंदौर की फ्लाइट जबलपुर से चलाने का दे दें न्यायिक आदेश

## हाईकोर्ट की विमानन कंपनियों को फटकार

**कहा-भोपाल को मुख्य प्रशासनिक तो जबलपुर को मुख्य न्यायिक पीठ बनाया गया, इसके बावजूद जबलपुर से दोयम दर्जे का व्यवहार क्यो, असिस्टेंट सालिसिटर जनरल को संबंधित विभागीय अधिकारियों व अधिवक्ताओं के साथ संयुक्त बैठक कर एयर कनेक्टिविटी पर निर्णय लेकर अवगत कराने की सौंपी जिम्मेदारी**

जबलपुर ।



मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाए जाने के सिलसिले में ठोस प्रयास न किए जाने पर जमकर नाराजगी व्यक्त की। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने विमानन कंपनियों को फटकार लगाई। कहा कि क्यों न करोड़ों से बनाए गए एयरपोर्ट को बंद कर दिया जाए। अथवा भोपाल-इंदौर से संचालित फ्लाइट को जबलपुर से कनेक्ट करने के संबंध में न्यायिक आदेश जारी कर दिया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि भोपाल को मुख्य प्रशासनिक पीठ तो जबलपुर को मुख्य न्यायिक पीठ बनाया गया था। इसके बावजूद जबलपुर जैसे महत्वपूर्ण शहर के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार क्यों किया जा रहा है।

### करें संयुक्त बैठक

हाईकोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान नाराजगी जताते हुए कहा कि सिर्फ टूरिज्म की दृष्टि से विमानन कंपनियां फ्लाइट संचालन का समय निर्धारित कर रही हैं। प्रोफेशनल लोगों की सुविधा से फ्लाइट का समय निर्धारित नहीं किया जा रहा है। जब फ्लाइट संचालित नहीं करनी थी तो एयरपोर्ट विस्तार के लिए राशि व्यय करने का कोर्ट औचित्य नहीं था। कोर्ट ने अस्सिटेंट सालिसिटर जनरल को निर्देशित किया है कि अगली सुनवाई के पूर्व संबंधित विभागीय अधिकारी तथा याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं के साथ संयुक्त बैठक करते हुए निर्णय लें और न्यायालय को अवगत कराएं। याचिका पर अगली सुनवाई छह नवम्बर को निर्धारित की गई है।

### जबलपुर से महज नौ फ्लाइट संचालित

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच व विधि छात्र पार्थ श्रीवास्तव की तरफ से दायर जनहित याचिका में जबलपुर से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने की मांग की गई है।अन्य शहरों की तुलना में कम फ्लाइट होने को चुनौती दी गई है। कहा गया कि जबलपुर से केवल नौ उड़ानें संचालित हो रही हैं। भोपाल एयरपोर्ट से प्रतिदिन 40 से अधिक, इंदौर से लगभग 80 व ग्वालियर से लगभग 25 फ्लाइट संचालित हो रही हैं। पूर्व में जबलपुर से मुम्बई, पुणे, कोलकाता, बेंगलुरू आदि शहरों के लिए फ्लाइट संचालित होती थी।

### हवाई अड्डे के उन्नयन पर 500 करोड़ रुपये खर्च

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने कोर्ट को बताया कि जबलपुर हवाई अड्डे के उन्नयन पर लगभग 500 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इंडिको एयर लाइंस की मूल कंपनी इंटरग्लोब सहित अन्य विमानन कंपनियों को निर्देषित किया था कि फ्लाइट की संख्या बढाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार से क्या रियायत चाहिए। इस संबंध में सुझाव पेश करें। जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान विमानन कंपनी की तरफ से उपस्थित अधिवक्ता सिद्धार्थ शर्मा ने न्यायालय को बताया कि सरकार के द्वारा मध्य प्रदेश के लिए आरएफपी जारी की गयी है। इसके अलावा नवम्बर माह से दिल्ली के लिए फ्लाइट प्रारंभ की जाएगी। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य सांघी ने युगलपीठ को बताया कि साल 2011 में जबलपुर के हवाई अड्डे के विस्तार और रात में लैंडिंग की सुविधा का वादा किया था। हवाई अड्डे का चार साल पहले विस्तार हुआ था। इसके पहले यह हवाई अड्डा ग्रीनफील्ड में आता था। विस्तार के बाद ब्राउनफील्ड में आ गया और सिर्फ पांच फ्लाइट संचालित हो रही है। रीवा को ग्रीन फील्ड में रखा गया है और जबलपुर से अधिक रीवा से फ्लाइट संचालित हो रही है। दिल्ली के लिए प्रारंभ होने वाली नई फ्लाइट व पुरानी फ्लाइट के समय में सिर्फ आधे घंटे का समय है।

## पर्स, मोबाइल के लुटेरों को सात-सात वर्ष का कारावास व जुर्माना

**जबलपुर।** जिला अदालत ने पर्स व मोबाइल फोन लूटने के आरोपी माढ़ोताल निवासी शुभम खटीक व पवन बर्मन का दोष सिद्ध पाया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धनकुमार कुड़ोपा की अदालत ने दोनों को सात-सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। दो-दो हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राजकुमार गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपितों ने फारियादी जेकब केल्विन के साथ लूट की थी। शिकायत के अनुसार 28 अगस्त, 2019 को रात्रि 10 बजे शिकायतकर्ता शोरूम से अपने घर ग्रीनवैली कालोनी की ओर आ रहा था। जैसे ही सगड़ा के समीप पहुंचा, आरोपितों ने एक्टिवा रोक ली। इसके साथ ही हाथ पकड़कर पर्स, मोबाइल लूट लिया। साथ ही मारपीट भी की। तिलवारा पुलिस ने शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। अदालत ने दोष सिद्ध पाकर सजा सुना दी।

# आगरा से जबलपुर आया था नकली मावा

## जीआरपी पुलिस की कार्यवाही से मचा हड़कंप

हरिभूमि, जबलपुर।



दीपावली पर्व के अवत्तर पर विकय होने वाले मावा, मिठाइयां तथा नमकीन आदि की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर जबलपुर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार गठित गरूड़ दल के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा आज मौके पर ही मावा आदि में मिलावट का रासायनिक परीक्षण कर नमूने लिये गये। आगरा से जबलपुर विकय होने के लिये रेल्वे पार्सल के माध्यम से आये चार क्विंटल मावा को जी.आर.पी के द्वारा रोका गया, जिसकी जांच चलित खाद्य प्रयोगशाला के में कराये जाने पर मावा में स्टार्च की उपस्थिति होना पाये जाने पर सम्पूर्ण मात्रा को विनष्ट कराया गया।इसके अतिरिक्त मझौली स्थित भूरेलाल नेमा स्वीट्स तथा श्याम स्वीट्स से मावा, अम्बे बीकानेर से बर्फी, कटंगी स्थित हेमंत स्वीट्स से मावा तथा मावा बर्फी, अभिनंदन नमकीन से मावा, वीरेन्द्र स्वोट्स से रसगुल्ला तथा कलाकंद, कन्दराखेड़ा स्थित मंट डेयरी से मावा तथा पनीर, केशरवानी डेयरी से मावा तथा घी के नमूने लिये गये। तिलवारा स्थित साई स्वीट्स से 50 किलोग्राम दूषित मावा तथा 30 किलोग्राम दूषित मिठाई विनष्ट कराया गया । इसी स्थान पर रामजी स्वीट्स से मिल्क केक तथा बीकानेर मिष्ठान्न भण्डार से कलाकंद के नमूने लिये गये। अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में कीटों से दूषित मावा तथा मिठाइयों का संग्रहण होना पाये जाने पर तिलवारा स्थित साईं स्वीट्स का खाद्य पंजीयन निलंबित किया गया है।

# सुबह और रात होने लगी सर्द

# ऋतु परिवर्तन का आगाज जल्दी ढलने लगी शाम

**जबलपुर।** आसमान से बादलों के छंटते ही मौसम शुष्क होने लगा है। दिन व रात के तापमान में गिरावट शुरू हो गई है। सुबह और रात में ठंड अपना असर दिखाने लगी है। सूर्यास्त के पश्चात चलने वाली उत्तरी ठण्डी हवाएं गर्म कपड़ों की आवश्यकता महसूस कराने लगी हैं। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक अभी मौसम के मिजाज ऐसे ही बने रहेंगे। हवा में नमी प्रातःकाल अधिक होने के कारण सूर्योदय होने तक ठण्ड का प्रभाव बना रहेगा। शाम जल्दी ढलने लगी है, दिन देर से होता है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से उठा चक्रवात गुजरात के रास्ते निकल गया। जिससे मौसम धीरे-धीरे शुष्क होने लगा है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार



पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम, न्यूनतम तापमान 18.5 डिग्री सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 81 प्रतिशत और सायंकाल 62 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.07 व सूर्यास्त 5.46 बजे हुआ। पिछले वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.09 डिग्री दर्ज किया गया था। उत्तरपूर्वी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## जिले में अवैध मादक पदार्थों का विनष्टीकरण

### एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत 50 प्रकरणों में की गई कार्रवाई

**जबलपुर।** जबलपुर जिले में नशीले पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस द्वारा एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत पंजीबद्ध कुल 50 प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों का विधिवत विनष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई पुलिस उप महानिरीक्षक, जबलपुर रेंज, श्री अतुल सिंह तथा पुलिस अधीक्षक जबलपुर, श्री सम्पत उपाध्याय की उपस्थिति में संपन्न हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन 50 मामलों में से 47 प्रकरणों में गांजा जब्त किया गया था, जिनमें कुल 243 किलो 7268 ग्राम गांजा शामिल था। इसके अतिरिक्त, स्मैक के 1 प्रकरण में 34 ग्राम 50 मिलीग्राम स्मैक तथा 2 प्रकरणों में 1481 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए थे। नष्ट किए गए मादक पदार्थों का विनष्टीकरण एन.डी.पी.एस. अधिनियम के प्रावधानों तथा माननीय न्यायालय के निर्देशों के अनुसार किया गया। इस कार्रवाई का उद्देश्य समाज को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव से मुक्त करना तथा युवाओं को इसके सेवन से रोकने की दिशा में कड़ा संदेश देना है।

# समीक्षा के साथ ही महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर दिये आवश्यक निर्देश

## कलेक्टर सभागार में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

जबलपुर।



कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा की और कहा कि प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अन्य लंबित प्रकरणों का निराकरण तत्परता करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति, धान व कोदो, कुटकी उपार्जन की तैयारी, गिरदावरी का सत्यापन के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही कहा कि करंट से दो लोगों की मृत्यु पर अनुग्रह सहायता राशि सुनिश्चित हो जाये। समग्र ई-केवायसी को लेकर कहा कि सभी एसडीएम जनपद सीईओ की बैठक कर इस दिशा में प्रगति लायें। अब ठंड आने वाली है, अतः एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र के रैन बसेरा में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराये। केन्टीन, होटल व दीनदयाल रसोई में समय-समय पर निरीक्षण करें और मावा व खाद्यान्न का सैंपल भी लें। बैठक में सूक्ष्म सिंचाई योजना, स्वावलंबी गौशाला, उर्वरक वितरण, ई-अटेंडेंस, जल जीवन मिशन की प्रगति, सड़क सुधार, पीएम आवास, पीएम जनमन, धरती आबा व जाति प्रमाण पत्र आदि के साथ आदि कर्मयोगी मिशन के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। इसके अलावा वन ग्रामों का राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन, स्वरोजागर योजनाएं, छात्रवृत्ति, फेल ट्रांजेक्शन को रीचेक करने, स्कूलों, कॉलेजों में बालिकाओं के हीमोग्लोबीन टेस्ट करने के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। कलेक्टर सिंह ने कलेक्टर्स-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के विषयों पर बैठक पर चर्चा कर कहा कि कई जगहों पर अनाधिकृत रूप से पटाखों का संग्रहण कर विक्रय करते हैं, अतः इस पर कार्यवाही करें। त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए अमानक व मिलावटी पदार्थों पर कार्यवाही करें, इसके लिए बस स्टैंड के साथ-साथ अन्य स्थलों पर भी जांच की जाये। इस दौरान उन्होंने कृषि व कृषि संबंद्ध विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि पशुधन संवर्धन के लिए विभाग के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करें। मत्स्य विकास की दिशा में कार्य करें। एक बगिया मां के नाम, फसल अवशेष प्रबंधन, बाहर से आने वाली मशीनों में एसएमएस सिस्टम अवश्य लगवाने आदि के संबंध में भी चर्चा की गई। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी अधिकारी मौजूद थे।

# सभी जोन कार्यालय में होगी जनसुनवाई

**जबलपुर।** अब मुख्यालय के साथ सभी संभागीय कार्यालयों में भी जनता जनार्दन की सुनवाई होगी। इसके लिए निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने सभी संबंधितों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने यह भी बताया है कि दिवाली पूर्व शहर के सभी प्रमुख सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी, इसके लिए निगम प्रतिबद्ध है।निगमायुक ने कार्यालय में आते ही सभी अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के साथ त्योहार को देखते हुए सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के भी निर्देश संबंधितों को जारी किए हैं।उन्होंने सभी प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों, और लेफ्ट टर्न को अतिक्रमण मुक्त रखने नियमित रूप से कारवाई करने के निर्देश दिए हैं। निगमायुक्त ने राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों कर्मचारियों को भी बुलाकर निगम की आय बढ़ाने पर फोकस करते हुए वसूली की कार्यवाही को गति प्रदान करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने सभी को प्रतिदिन की गई कार्रवाई से शाम तक रिपोर्ट्स प्रस्तुत करने भी अधिकारियों से कहा है।

## भारी हंगामा, कई गिरफ्तार, ताला तोड़कर दिलाया गया चार्ज

# मोमिन ईदगाह के प्रभार को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

जबलपुर।





गोहलपुर स्थित मोमिन ईदगाह में सोमवार की शाम उस वक्त तनाव फैल गया जब नई कमेटी को चार्ज सौंपने की प्रक्रिया के दौरान मुस्लिम समाज के दो पक्ष आमने-सामने आ गए। करीब आधे घंटे तक नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन चलता रहा। तनावपूर्ण हालात बनने पर एसडीएम और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा. इस दौरान कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया।दरअसल वक्फ बोर्ड ने पुरानी कमेटी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद जनवरी 2025 में नई कमेटी को चार्ज सौंपने का आदेश जारी किया था। अंसारी समाज की केन्द्रीय पंचायत ने इस कमेटी को स्वीकार करने से इंकार कर दिया जिसके बाद पुरानी कमेटी ने प्रभार नहीं सौंपा। नई कमेटी ने कई बार प्रशासन से शिकायत की, जिसके बाद एसडीएम कार्यालय से भी आदेश जारी किया गया कि ईदगाह का संचालन अब नई कमेटी के हाथों में होगा।

सोमवार को जब प्रशासन के निर्देश पर नई कमेटी को चार्ज सौंपने की प्रक्रिया शुरू हुई, तो अंसार समाज के सरदार हकीम बाबा नेतृत्व में बड़ी संख्या में आमजन एकत्रित हो गये और विरोध करना शुरू कर दिया। ईदगाह परिसर में दोनों पक्षों के बीच तीखी नारेबाजी और बहस हुई। लगभग आधे घंटे तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा।स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए पांच थानों की पुलिस और एसडीएम पंकज मिश्रा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पहले समझाइश दी, लेकिन जब विरोध जारी रहा तो प्रशासन ने कानूनी कार्रवाई करते हुए ताला तोड़कर नई कमेटी को चार्ज सौंप दिया।विरोध के दौरान पुरानी कमेटी के सदस्यों ने प्रशासनिक कार्रवाई का जोरदार विरोध किया। कई लोग ईदगाह में ताला लगाकर बैठ गए, जिन्हें पुलिस ने समझाने की कोशिश की, परंतु बात नहीं बनी। आखिरकार पुलिस ने बलपूर्वक कार्रवाई करते हुए 15 लोगों को गिरफ्तार किया और सभी को पुलिस लाइन में रखा गया।

### नई कमेटी को सौंपा गया प्रभार

एसडीएम पंकज मिश्रा ने बताया कि "पुरानी कमेटी का कार्यकाल समाप्त हो चुका था। वक्फ बोर्ड और प्रशासन दोनों की ओर से स्पष्ट आदेश थे कि नई कमेटी को चार्ज सौंपा जाए। पुरानी कमेटी द्वारा आदेश का पालन न करने पर कानूनी कार्रवाई की गई और नई कमेटी को विधिवत प्रभार सौंपा गया है।"उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल ईदगाह में शांति बनी हुई है, लेकिन किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

### 15 लोग गिरफ्तार

जानकारी के मुताबिक 15 लोग गिरफ्तार कर पुलिस लाईन ले जाए गये. गिरफ्तार किये गये लोगों में सरदार हकीम बाबा, याकूब अंसारी, वकील अंसारी, गुलाम हुसैन, शफीक हीरा, अदनान अंसारी, रशीद हिना, शफीक हिना, सगीर अंसारी बम्बईया, रब्बानी हाफिज जी, रिजवान कबाब, फैज एसके, गुलाम जीलानी, जमन अंसारी, गुड्डा, सैफ अंसारी, मोहम्मद अंसारी आदि शामिल हैं।

### पुलिस बल तैनात

घटना के बाद से प्रशासन ने मोमिन ईदगाह परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की है। एसडीएम और थाना प्रभारी ने क्षेत्र में लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं ताकि स्थिति दोबारा न बिगड़े।

# भारी मात्रा में अंग्रेजी व देशी शराब जब्त

## बुलेरो वाहन के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** बरेला और घमापुर पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1 हजार 250 पाव अंग्रेजी शराब और 324 पाव देशी शराब व परिवहन में प्रयुक्त बुलेरो पिकअप वाहन जब्त की है। प्रभारी बरेला थाना प्रभारी अनिल पटेल ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर जबलपुर तरफ से आ रही एक बुलेरो पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 20 जेड डब्ल्यू 5941 को मेन रोड पर चैकिंग प्वाइंट लगाकर रोका गया। गंज मोहल्ला बरेला निवासी 27 वर्षीय वाहन चालक शनि चक्रव्रती को गिरफ्तार कर लिया गया वहीं एक आरोपी मौके से फरार हो गया। तलाशी लेने पर बुलेरो पिकअप वाहन में 25 पेटियों में शराब रखी मिली जिनमें 19 पेटी में जीनियस रम तथा 6 पेटी में गोवा अंग्रेजी शराब के कुल 1 हजार 250 पाव शराब रखी मिली।

इसी तरह घमापुर थाना प्रभारी श्रीमति प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि गत देर रात मुखबिर की सूचना पर गोपाल होटल आशा चक्की के पास शराब लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहे गोपाल होटल घमापुर निवासी 45 वर्षीय सुरेश स्वामी को गिरफ्तार कर उसके पास से 324 पाव देशी शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत 28 हजार 700 रूपये बताई गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये मामला जांच में लिया है।

विजयनगर हिट एंड रन मामले पर हाईकोर्ट सख्त, ट्रायल पर लगाई रोक, एसपी को किया तलब

# ऐसे पुलिस वाले को तत्काल सस्पेण्ड करके उसके खिलाफ विभागीय जांच होनी चाहिए

हरिभूमि जबलपुर।



मप्र हाईकोर्ट ने विजय नगर में हुए बहुचर्चित हिट एण्ड रन मामले में मासूम की मौत को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने एसआई संजय गुर्जर की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे हर तरह से घटना के आरोपी को बचाने में लगे रहे। कोर्ट ने कहा कि ऐसे पुलिस वाले को तत्काल सस्पेण्ड करके उसके खिलाफ विभागीय जांच होनी चाहिए। इस मत के साथ कोर्ट ने निचली अदालत में चल रही मामले की ट्रायल पर रोक लगा दी। बेंच ने कहा कि इस मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित होना चाहिए। जबलपुर एसपी को 14 अक्टूबर को हाजिर रहने के निर्देश दिए गए।

कोतवाली निवासी सौरभ अग्रवाल की ओर से दायर अपील में कहा गयाकि 05 नवंबर 2024 की रात करीब 9:30 बजे वो अपनी पत्नी और 3 साल के बेटे के साथ ई स्कूटर से जा रहे थे। अहिंसा चौक स्थित पानी की टंकी के पास एक एसयूवी ने उनके वाहन को टक्कर मारी, जिससे उसका तीन साल का बेटा हवा में उछलकर गिर गया। आवेदक का आरोप है कि उन्होंने एसयूवी चला रहे व्यक्ति से गाड़ी न बढ़ाने की गुहार लगाई, लेकिन उसने जानबूझकर गाड़ी आगे बढ़ाकर उसकी पत्नी और बच्चे को कुचल दिया। इससे बच्चे की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। आरोपी की पहचान रेलवे के सेक्शन इंजीनियर विजयंत गंगेले के रूप में हुई, जो विजय नगर के ही एकता चौक में रहता है। आरोप है कि कोतवाली थाना पुलिस ने मामले को दबाते हुए हत्या के बजाए लापरवाही से हुई मौत का प्रकरण दर्ज किया। इसके खिलाफ दायर याचिका हाईकोर्ट की एकलपीठ से 4 अगस्त को खारिज होने पर यह अपील दायर की गई।

डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान पाया कि दंप्रस की धारा 161 के तहत चश्मदीद गवाह के बयान जिस तरह से लिए गए, उससे साफ है कि एसआई संजय गुर्जर पुलिस वाले के बजाए वकील के रूप में उससे जिरह कर रहे थे। उनका मकसद यही था कि बयानों को इस तरह से दर्ज किया जाए, ताकि उसका फायदा आरोपी को ट्रायल के दौरान मिल सके।

सुनवाई के दौरान आवेदक के अधिवक्ता विशाल डेनियल ने कहा कि मामले का ट्रायल गुरुवार से निचली अदालत में शुरू हो गया है। इस पर बेंच ने कहा कि पूरा मामला ही दोषपूर्ण विवेचना पर आधारित है। ऐसे में बेहतर होगा कि उस ट्रायल पर रोक लगाई जाए, ताकि आरोपी को उसका फायदा न मिल सके।

मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर को

## घोड़ों की मौत के मामले में हाईकोर्ट में पेश की गई जानकारी

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के समक्ष पूर्व निर्देश के पालन में हैदराबाद से जबलपुर लाए गए घोड़ों की मौत के मामले में जानकारी पेश की गई। के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विजय सराफ की डिवीजन बेंच को अवगत कराया गया कि पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर ली है। अब इस मामले में दिल्ली की वरिष्ठ अधिवक्ता रीतिका गोयल पक्ष प्रस्तुत करेंगी। इसके लिए समय प्रदान किया जाए। कोर्ट ने मांग स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई 11 नवम्बर को निर्धारित कर दी।

इससे पूर्व हाई कोर्ट के निर्देश के पालन में कलेक्टर व घोड़ो केयर टेकर की ओर से शपथ पत्र पर घोड़ों की मौत के कारण, उपचाररत घोड़े की मेडिकल रिपोर्ट व उसके उपचार और भोजन व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई।

दरअसल, जबलपुर निवासी पशु प्रेमी सिमरन इस्सर की ओर से से दायर याचिका में कहा गया था कि हैदराबाद निवासी सुरेश पाल गुडू हार्स पावर लीग के सूत्रधार है। हैदराबाद रेस क्लब में दो घोड़ों की रेस कराकर उन्होने ट्रोपंग करेठस्ता नाम एप के माध्यम से फिलीपिंग में ऑनलाइन स्ट्रीमिंग करते हुए सट्टा लगवाया। इस संबंध में फिलीपिंग सरकार ने केंद्र सरकार से शिकायत की थी। शिकायत के बाद उन्होंने इसे बंद कर दिया था। सुरेश पाल गुडू के पास 150 से अधिक घोड़े थे और उन्होंने चार माह पूर्व कर्मचारियों के वेतन देना बंद कर दिया था। भोजन नहीं मिलने के कारण लगभग 90 घोड़ों की मौत हो गई थी। साक्ष्य छिपाने के लिए घोड़ों को नियम विरुद्ध तरीके से जबलपुर लगाकर सचिन तिवारी के द्वारा पनागर के रैपुरा में रखा गया है। देखरेख तथा भोजन व उपचार नहीं मिलने के कारण घोड़ों की मौत हो रही है। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया था कि हैदराबाद से 57 घोड़े जबलपुर लाए गए थे। जिनमें से 12 घोड़ों की मौत हो गई है। याचिकाकर्ता की ओर से दावा किया गया कि अभी तक 18 घोड़ों की मौत हुई है। रास्ते में लाते समय छह घोड़ों की मौत हो गई थी।

### विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**जबलपुर।** कमिश्नर धनंजय सिंह भदौरिया द्वारा सोयाबीन भावांतर योजना के संबंध में विभागीय अधिकारियों से विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त संचालक म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड जबलपुर द्वारा अवगत कराया गया कि आज दिनांक तक संभाग में 6887 कृषकों ने सोयाबीन भावांतर योजना के तहत पंजीयन करा लिया है। कृषकों द्वारा दिनांक 17 अक्टूबर तक पंजीयन कराया जा सकेगा एवं दिनांक 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक भावांतर योजना अंतर्गत सोयाबीन का क्रय-विक्रय मंडी प्रांगण में किया जा सकेगा। संयुक्त संचालक द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि भावांतर योजना का लाभ उन्हीं कृषकों को मिलेगा जो सोयाबीन का विक्रय मंडी प्रांगण में करेंगे। मंडी प्रांगण में भावों को कृत्रिम रूप से कम किए जाने की स्थिति में मंडी समितियों के लिए उपविधि सन 2000 की कंडिका 16(3) (क) के अनुसार कार्यवाही की जाएगी एवं कम मूल्य पर विक्रय होने वाली कृषि उपज के सैंपल आवश्यक रूप से लिए जाएंगे। संयुक्त संचालक मंडी बोर्ड द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि सभी मंडियों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर किया जा रहा है। कमिश्नर श्री सिंह द्वारा बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि सभी मंडियों का निरीक्षण कर सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के संबंध में शासन दिशा निर्देश अनुरूप समस्त आवश्यक प्रबंध कर लिए जायें। मंडी क्षेत्र में निरीक्षण कार्यवाही नियमित एवं प्रभावी रूप से की जाये तथा शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

## रैपुरा में करंट हादसा, ठेकेदार की लापरवाही से कर्मचारी झुलसा

**पनागर।** रैपुरा में दोपहर करीब एक बजे लाइन शिफ्टिंग का काम कर रहे ठेकेदार जैनुल सिद्दीकी के कर्मचारियों के साथ बड़ा हादसा हो गया। कार्य के दौरान मेनू लाइट कंपनी में कार्यरत कर्मचारी उदित राज सिंह परस्ते, निवासी नौराजाबाद, जिला उमरिया, को तेज करंट का झटका लग गया।



बताया जाता है कि उदित राज खंभे पर चढ़कर लाइन शिफ्टिंग का काम कर रहा था, तभी अचानक उसका हाथ बिजली के तार से छू गया और वह अचेत होकर खंभे पर ही लटक गया। मौके पर मौजूद साथियों ने हिम्मत दिखाते हुए तुरंत बिजली लाइन बंद कराने की कोशिश की और किसी तरह उसे नीचे उतारा। घायल कर्मचारी को गंभीर हालत में जबलपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि यह हादसा मेनू लाइट कंपनी के कर्मचारियों के साथ हुआ, जो रैपुरा क्षेत्र में लाइन शिफ्टिंग का कार्य कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने ठेकेदार जैनुल सिद्दीकी और बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि काम शुरू करने से पहले बिजली लाइन बंद करने की सूचना नहीं दी गई थी। लोगों का कहना है कि कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की सुरक्षा सामग्री जैसे ग्लव्स या सेफ्टी बेल्ट नहीं दी गई थी, जिसके चलते यह दर्दनाक हादसा हुआ।

घटना के बाद इलाके में ठेकेदार और विभाग की लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

वार्डवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आंगनबाड़ी की मरम्मत की कार्रवाई की जाए

# आंगनबाड़ी बदहाली की शिकार, हादसे की आशंका

**मझौली।** नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों की बदहाल स्थिति से क्षेत्रवासी खासे परेशान हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि आंगनबाड़ी के चारों ओर घनी खरपतवार जमा हो चुकी है, जिसकी समय पर सफाई नहीं की जाती। इसके चलते बच्चों और स्टाफ को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आंगनबाड़ी का एक हिस्सा धीरे-धीरे धंसने लगा है। इससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। गड्ढे और फैला हुआ कचरा न सिर्फ बीमारियों को न्योता दे रहा है, बल्कि बच्चों के गिरने और चोटिल होने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। वार्डवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आंगनबाड़ी की स्थल जांच की जाए और आवश्यक मरम्मत व साफ-सफाई की कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह लापरवाही बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती है।



### सभी जोन कार्यालय में होगी जनसुनवाई

**जबलपुर।** अब मुख्यालय के साथ सभी संभागीय कार्यालयों में भी जनता जनार्दन की सुनवाई होगी। इसके लिए निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने सभी संबंधितों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने यह भी बताया है कि दिवाली पूर्व शहर के सभी प्रमुख सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी, इसके लिए निगम प्रतिबद्ध है। निगमायुक्त ने कार्यालय में आते ही सभी अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के साथ त्योहार को देखते हुए सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के भी निर्देश संबंधितों को जारी किए हैं। उन्होंने सभी प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों, और लेफ्ट टर्न को अतिक्रमण मुक्त रखने नियमित रूप से कारवाई करने के निर्देश दिए हैं।

कृषि अधिकारियों ने किया अवलोकन

## हाई टेक विधि से की जा रही मटर की बुआई

हरिभूमि जबलपुर।

पाटन विकासखंड के ग्राम छितुरहा में युवा किसान अक्षय पटेल द्वारा पराली प्रबंधन के साथ की जा रही मटर की हाई टेक खेती का कृषि अधिकारियों ने सोमवार को अवलोकन किया। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में बी टेक अक्षय पटेल द्वारा अपने खेत मे हैप्पी सीडर से मटर की बुवाई कराई जा रही है। हैप्पी सीडर से बुवाई में पराली जलाये की आवश्यकता नहीं होती और पर्यावरण को भी प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है। बताया कि हैप्पी सीडर में सीड ड्रिल के साथ रोटरी भी लगी होती है, इससे दो बार ट्रेक्टर चलाने की आवश्यकता नहीं होती और डीजल के साथ लागत में भी कमी आती है।

उप संचालक कृषि के अनुसार अक्षय पटेल द्वारा मक्का की तुड़ाई के बाद हेरो का प्रयोग किया जाता है। यह मक्के की पौध को छोटे छोटे टुकड़ों में बाँट देता है और सुपर सीडर चलने से रोटरी उन टुकडों को मिटटी में मिला देती है जो खाद का भी काम करता है। कृषक अक्षय पटेल द्वारा पराली प्रबंधन के साथ हाई टेक पद्धति से की जा रही मटर की खेती का अवलोकन करने छितुरहा पहुँचे कृषि अधिकारियों में अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पँकज श्रीवास्तव एवं क्षेत्रीय कृषि विकास अधिकारी हरीश बर्वे शामिल थे। इस दौरान अरविंद पटेल, मयंक पटेल, रामकृष्ण पटेल, कृष्ण ठाकुर, शिवकुमार, वीरेंद्र, भजनी चडार सहित बड़ी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे। अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉ इंदिरा त्रिपाठी ने किसानों से पराली ना जलाने की अपील की तथा सुपर सीडर, हैप्पी सीडर जैसे यंत्रों का उपयोग करने की सलाह दी।

## गति शक्ति ने सड़क निर्माण को विज्ञान और तकनीक से जोड़ा

*दिल्ली के राष्ट्रीय कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री ने रखा खाका*

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान की चौथी वर्षगांठ पर भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में मध्य प्रदेश का प्रदर्शन खास रहा। इस आयोजन में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और मध्य प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि "गति शक्ति" भारत की विकास यात्रा का इंजन बन चुकी है। उन्होंने राकेश सिंह और उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश ने इस योजना को जमीनी स्तर पर उतारकर आदर्श मॉडल पेश किया है। राकेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गति शक्ति योजना ने सड़क निर्माण को विज्ञान और तकनीक से जोड़ दिया है। मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग ने बिसन एन के सहयोग से गति शक्ति प्लेटफॉर्म अपनाया है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही में बड़ा सुधार आया है। उन्होंने बताया कि राज्य की 95% सड़कों की जीआईएस आधारित मैपिंग पूरी हो चुकी है। "लोक निर्माण सर्वेक्षण ऐप" और "लोकपथ मोबाइल ऐप" के जरिए अब सड़क की स्थिति और शिकायतों की निगरानी रियल टाइम में की जा रही है। साथ ही 1632 इंजीनियरों को गति शक्ति प्लेटफॉर्म पर प्रशिक्षित किया गया है। मंत्री ने बताया कि सात नए ग्रीनफील्ड एलाइनमेंट चिन्हित किए गए हैं और रैंडम इंस्पेक्शन सिस्टम से गुणवत्ता निगरानी को सुदृढ़ किया गया है। राकेश सिंह ने कहा — प्रधानमंत्री जी के 'गति' और 'शक्ति' मंत्रों को अपनाते हुए मध्य प्रदेश ने सड़क निर्माण में तकनीक और पारदर्शिता का नया अध्याय लिखा है।"

### गालीगलौज कर वृद्ध पर पत्थर से हमला

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अतंर्गत कजरवारा में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर दो बदमाशों ने एक वृद्ध के साथ गालीगलौज कर पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कजरवारा निवासी 61 वर्षीय मुन्नालाल चौधरी गत रात घर पर था उसी समय रात लगभग 9.15 बजे मोहल्ले के सुनील चौधरी एवं सोनू चौधरी उसके घर आए और जोर से चिल्लाते हुये उसके घर के दरवाजा खटखटाने लगे, वह दरवाजा खोलकर बाहर आए तो दोनों ने उससे शराब पीने के लिये 400 रूपये की मांग करने लगे, मना करने पर दोनों गाली गलोज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर सुनील ने पत्थर से उस पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 119(1), 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

चांदनी चौक में वारदात, आरोपी फरार

## जीजा ने की साले की हत्या

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत चांदनी चौक में रविवार की देर रात एक युवक ने अपने साले की चाकू मारकर हत्या कर दी। बताया गया है कि पत्नी के मायके से वापस नहीं आने के कारण आरोपी परेशान था और इसी दौरान उसके साले से उसका विवाद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है।



हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सैय्यद बाबा मजार वाली गली चांदनी चौक हनुमानताल निवासी 36 वर्षीय सराफत अली फेरी लगाकर चादर बेचने का काम करता है। लगभग 15 दिन पहले ग्राम अनिया कला थाना हरगांव जिला सीतापुर निवासी 30 वर्षीय रहमत अली उसके पास आया था और फेरी लगाकर चादर बेचने का काम करने लगा। रहमत अली सराफत अली के घर में ही रहता था।

शनिवार 12 अक्टूबर की शाम करीब 7:45 बजे सराफत अली अपने घर के सामने खड़ा था। उसी दौरान रहमत अली फेरी लगाकर लौटा और उसके पीछे उसका बहनोई जमील अहमद भी पहुंच गया। जमील ने रहमत अली से कहा कि तेरी बहन नसरीन बानो अब मेरे साथ नहीं रहती, इसी वजह से तू और तेरे परिवार वाले मुझसे बुरा व्यवहार करते हो, कोई मुझे काम नहीं दे रहा।

इसी बात को लेकर दोनों में विवाद बढ़ा और गुस्से में आए जमील अहमद ने जेब से चाकू निकालकर रहमत अली के सीने पर वार कर दिया, जिससे रहमत अली की मौत हो गई। घटना के बाद सराफत अली और बाबू खान ने घायल रहमत अली को ऑटो से मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद रात करीब 11:05 बजे रहमत अली को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सराफत अली की रिपोर्ट पर आरोपी जमील अहमद के खिलाफ धारा 103 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। आरोपी फरार है।

### दवा विक्रेता के सूने घर का ताला तोड़कर चोरी

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत अंबेडकर कालोनी त्रिमूर्ति नगर में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर और नगदी 20 से 25 हजार रुपए चोरी कर ले गए। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबेडकर कालोनी त्रिमूर्ति नगर निवासी 30 वर्षीय शिवांश दुबे मेडिसन होल सेल का काम घर से ही करता है। गत शाम लगभग 6 बजे अपने घर पर ताला लगाकर परिवार सहित पैतृक मकान बघराजी कुंडम गया था। वहां से एक हफ्ते बाद शाम लगभग 6 बजे वह परिवार सहित वापस घर आया तो उसके होश उड़ गए। घर के दरवाजे का ताला टूटा था और अंदर रखी आलमारी का लॉक टूटा था। आलमारी में रखे आभूषण सोने का मंगलसूत्र, 1 अंगूठी, चांदी की 4 पायल, नगदी 20-25 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पति, सास ससुर एवं देवर पर दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम जमखार में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मृतका के परिजनों के बयान के आधार पर दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज करते हुए पति, ससुर और सास सहित पांच परिजनों को आरोपी बनाया है। इनमें से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि बाकी की तलाश जारी है।

बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम जमखार निवासी किसान छोटेलाल मेहरा गत 11 अक्टूबर को अपने नाती के जन्मदिन समारोह में शामिल होने के लिए जबलपुर गया था। अगले दिन शाम करीब 5 बजे उसके बेटे रूमकेश मेहरा ने फोन पर सूचना दी कि उसकी पत्नी 23 वर्षीय दुर्गा मेहरा ने घर के अंदर पंखे से गमछा बांधकर फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया। जांच के दौरान मृतिका के पिता गोपाल, मां सरोज और भाई गणेश ने बयान दिए कि दुर्गा ने रूमकेश मेहरा से प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद वह ससुराल में पति और परिवारजनों के साथ रहती थी। ससुराल पक्ष — पति रूमकेश मेहरा, ससुर छोटेलाल मेहरा, सास मालती बाई मेहरा, देवर रूपेश मेहरा और मामा ससुर रामस्वरूप मेहरा द्वारा लगातार सोने की चेन और दहेज की मांग को लेकर दुर्गा को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था।

ससुराल वालों की प्रताड़ना से परेशान होकर दुर्गा ने रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जांच के बाद थाना बेलखेड़ा पुलिस ने पति रूमकेश मेहरा, ससुर छोटेलाल मेहरा, सास मालती मेहरा, देवर रूपेश मेहरा और मामा ससुर रामस्वरूप मेहरा के विरुद्ध धारा 80(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) तथा धारा 3, 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस ने आरोपी पति रूमकेश मेहरा और ससुर छोटेलाल मेहरा को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि शेष तीन आरोपी फरार हैं।

**श्री सुदामा भगत कुशवाहा-** इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री सुदामा भगत कुशवाहा (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विक्की चौधरी-** बाबा टोला शास्त्री वार्ड निवासी श्री दिलीप चौधरी के पुत्र श्री विक्की चौधरी (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रेमलता झारिया-** इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवसी श्री दादूराम झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता झारिया (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामसिया पटेल-** सरकारी कुआं करियापाथर रोड निवासी श्री रामसिया पटेल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनसुख साहू-** सन सिटी कॉलोनी कंचनपुर अधारताल निवासी श्री मनसुख साहू (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय विश्वकर्मा-** छोटी ओमती निवासी श्री विजय विश्वकर्मा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती श्यामा कुमारी यादव-** अनुराधा कॉलोनी कजरवारा वाटर वर्क्स रोड निवासी श्री सीताराम यादव की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा कुमारी यादव (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश कुमार गुरू-** लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री राजेश कुमार गुरू (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**कु. सावित्री गौतम-** बगासपुर नरसिंहपुर निवासी श्री महेश गौतम की पुत्री कु. सावित्री गौतम (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ज्ञानचंद यादव-** छोटी ओमती तिलक वार्ड निवासी श्री ज्ञानचंद यादव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।




**श्रीमती रामकली तिवारी-** सेठी नगर एमजीएम स्कूल के पास गुप्तेश्वर निवासी श्री माधव प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली तिवारी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती त्रिवेणी कोरी-** आजाद चौक गोरखपुर निवासी श्री रामा कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती त्रिवेणी कोरी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती संध्या भट्टाचार्य-** हुगली (बंगाल) निवासी श्री निताईचंद्र भट्टाचार्य की धर्मपत्नी श्रीमती संध्या भट्टाचार्य (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मोती बाई बंशकार-** राधाकृष्णन वार्ड झंडा चौक निवासी श्री रामसरूप बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती मोती बाई बंशकार (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती विमला शुक्ला-** एपीआर कॉलोनी बिलहरी निवासी श्री राम शंकर शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती विमला शुक्ला (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल कोल-** ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री बुद्धू लाल कोल के पुत्र श्री अनिल कोल (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रमेश कुमार जाटव-** गोराबाजार केंट मद्रासी मंदिर वाली गली निवासी श्री रमेश कुमार जाटव (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

### वृद्ध महिला की संदिग्ध मौत

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अतंर्गत ग्राम रोंसरी में एक वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रोंसरी निवासी 60 वर्षीय कुसुम बाई चौधरी गत रात लगभग 9.45 बजे चित अवस्था में पड़ी थी। सूचना पर परिवारजन, कोटवार व गांव के अन्य लोगों ने कुसुम बाई को उपचार के लिए सिहोरा अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने चैक कर कुसुम बाई को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### जुआ के फड़ पर पुलिस का छापा, 7 हजार 840 रुपए एवं 3 दुपहिया वाहन जब्त

**जबलपुर।** चौकी बरगी नगर अंतर्गत राजाराम डुंगरिया रोड ग्राम बरबटी में पुलिस ने एक जुए के फड़ पर छापा मारकर 7 हजार 840 रुपए एवं 3 दुपहिया वाहन जब्त किए है। बरगी थाना प्रभारी जितेंद्र पाटकर ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर चौकी बरगी नगर अंतर्गत राजाराम डुंगरिया रोड मोड़ पर खंबे की लाईट के उजाले में जुआ मन्ना खेल रहे रविराज तिवारी उर्फ विक्की तिवारी, राजू ठाकुर, बंटू पटैल, प्रेमलाल पटेल, सुमरत यादव, सरजू मसराम को गिरफ्तार कर उनके पास से ताश के 52 पत्ते तथा 7 हजार 840 रूपये तथा घटनास्थल से एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसएन 4073, मोटर सायकल पेशन प्रो क्रमांक एमपी 20 एमक्यू, होण्डा साईन क्रमांक एमपी 20 एमएच 2542 जप्त करते हुये जुआड़ियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कालम से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

## खबर संक्षेप

### ओएनजीसी बाजार पूंजीकरण में हुआ जोमैटो से पीछे





**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) का मूल्य लगभग 3.10 लाख करोड़ रुपये है। कंपनी जोमैटो से पीछे है। ऐसा इस तथ्य के बावजूद है कि ओएनजीसी की अनुषंगी कंपनियों और अन्य निवेश में हिस्सेदारी इसके बाजार पूंजीकरण के एक तिहाई से अधिक है।

### जियो पेमेंट्स बैंक ने दो टोल प्लाजा परियोजना की हासिल

Jio Payments Bank

**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने सोमवार को कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनी जियो पेमेंट्स बैंक ने गुरुग्राम और जयपुर के बीच दो टोल प्लाजा पर एमएलएफएफ संग्रह प्रणाली लागू करने का अनुबंध हासिल किया है। जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड ने मल्टी-लेन फ्री फ्लो सड़क परियोजनाओं के लिए अगली पीढ़ी की टोल सेवाओं में प्रवेश किया है।

### रुपया पांच पैसे बढ़कर 88.67 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले पांच पैसे बढ़कर 88.67 (अस्थायी) पर बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक के संदिग्ध हस्तक्षेप और विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने से रुपया मजबूत हुआ। बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण रुपये को कुछ प्रतिरोध का सामना करना पड़ा।

### एतिहाद भारत में राजस्व बढ़ाने उत्पाद बेहतर करेगा

**कोलकाता।** भारत के 11 शहरों में प्रति सप्ताह 185 उड़ानें संचालित करने वाली एतिहाद एयरवेज देश में अपनी वृद्धि को गति देने के लिए प्रीमियम सेवाओं, लक्षित ग्राहकों और रणनीतिक साझेदारियों पर निर्भर है। अबू धाबी स्थित एयरलाइन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत एयरलाइन के लिए शीर्ष तीन वैश्विक बाजारों में से एक है।

### कैस्ट्रॉल के प्रबंध निदेशक लेले ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** लुब्रिकेंट बनाने वाली कैस्ट्रॉल इंडिया ने कहा कि उसके प्रबंध निदेशक केदार लेले ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। मुंबई स्थित कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि लेले 31 दिसंबर, 2025 को कारोबारी घंटों की समाप्ति से कंपनी के प्रबंध निदेशक नहीं रहेंगे। उन्होंने अन्य अवसरों की तलाश में इस्तीफा दे दिया है। उपरोक्त स्थिति के मद्देनजर, कंपनी के बोर्ड ने सौगत बासुरे को एक जनवरी, 2026 से नए प्रबंध निदेशक (एमडी) की नियुक्ति होने तक अंतरिम सीईओ नियुक्त किया है।

### एचआरईपीएल ने ठाकुर को किया एमडी नियुक्त

**नई दिल्ली।** हिंदुजा रिन्यूएबल्स एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (एचआरईपीएल) ने दीपक ठाकुर को कंपनी का प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं सीईओ नियुक्त किया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि उनकी नियुक्ति एक अक्टूबर से प्रभावी हो गई है। ठाकुर ने महिंद्रा समूह, स्टर्लिंग एंड विल्सन, एलएंडटी, हनीवेल और थर्मेक्स सहित कई संगठनों में नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभाई हैं। उनको नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य श्रृंखला का संपूर्ण अनुभव है जिसमें सौर, पवन, भंडारण एवं 'हाइब्रिड' प्रणालियां शामिल हैं। हिंदुजा समूह का हिस्सा हिंदुजा रिन्यूएबल्स एक स्वतंत्र नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक है।

## खाद्य पदार्थों में नरमी के कारण घटी महंगाई

# सितंबर में खुदरा महंगाई घटकर आठ साल के निचले स्तर 1.54 प्रतिशत पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में आठ साल के निचले स्तर 1.54 प्रतिशत पर आ गई, जो इससे पिछले महीने 2.07 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार यह कमी सब्जियों और दालों सहित खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी के कारण हुई।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति सितंबर, 2024 में 5.49 प्रतिशत थी। सितंबर, 2025 से पहले इसका न्यूनतम स्तर जून, 2017 में 1.46 प्रतिशत था। यह दूसरी बार है जब 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत से नीचे आई है।

### एनएसओ ने जारी किए आंकड़े

सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि उपभोक्ता कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति चार प्रतिशत पर बनी रहे, जिसमें दो प्रतिशत की घट-बढ़ हो सकती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने कहा, "अगस्त, 2025 की तुलना में सितंबर की मुख्य मुद्रास्फीति में 0.53 प्रतिशत की कमी आई है। यह जून, 2017 के बाद सालाना आधार पर सबसे कम मुद्रास्फीति है।"

### तेल, फल, अनाज, दाल की कीमतें कम हुई

एनएसओ ने बयान में कहा, "सितंबर, 2025 के दौरान अनुकूल आधार प्रभाव के साथ ही सब्जियों, तेल तथा वसा, फल, दाल, अनाज, अंडे, ईंधन और प्रकाश की कीमतों में कमी के कारण मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट हुई।"



### आरबीआई ने मुद्रास्फीति अनुमान को घटाया

*सितंबर, 2025 के दौरान खाद्य मुद्रास्फीति सालाना आधार पर शून्य से 2.28 प्रतिशत नीचे रही, जबकि अगस्त में यह शून्य से 0.64 प्रतिशत नीचे और पिछले साल सितंबर में 9.24 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने अक्टूबर की अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति में 2025-26 के लिए अपने मुद्रास्फीति अनुमान को घटाकर 2.6 प्रतिशत कर दिया है। अगस्त में इसके 3.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था।*

- सब्जियों और दालों की कीमतों में आई गिरावट
- पिछले महीने खुदरा महंगाई 2 .07 प्रतिशत थी
- सन 2025 में दूसरी बार महंगाई दो प्रतिशत से नीचे आई

### खाद्य पदार्थों में अनुमान से अधिक कीमतें घटी

आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि सीपीआई मुद्रास्फीति सितंबर, 2025 में 99 महीने के निचले स्तर पर आ गई। ऐसा खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतों में अनुमान से कहीं अधिक कमी के कारण हुआ।

### ब्याज दरों में कमी आ सकती है

नायर ने कहा, "हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 में सीपीआई मुद्रास्फीति औसतन 2.6 प्रतिशत रहेगी। ऐसा जीएसटी युक्तिकरण और नरम खाद्य कीमतों के चलते होगा।" इक्रा का मानना है कि दिसंबर, 2025 में ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कमी हो सकती है।

### खाद्य पदार्थों की कीमतें अक्टूबर तक कम रहेगी

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंड-रा) के संयुक्त निदेशक पारस जसराय ने कहा कि खाद्य कीमतों में गिरावट की प्रवृत्ति अक्टूबर, 2025 तक बनी रहेगी, और टमाटर, प्याज, आलू तथा दालों जैसी प्रमुख वस्तुओं की कीमतों में दोहरे अंक में गिरावट आएगी। इंड-रा को उम्मीद है कि अक्टूबर, 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति लगभग एक प्रतिशत होगी।

## सरकार ने निजी क्षेत्र के लिए पीएम गति शक्ति पोर्टल खोला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने सोमवार को कहा कि निजी क्षेत्र के लिए पीएम गति शक्ति पोर्टल खोल दिया गया है। इससे उन्हें अंतिम-छोड़ पर डिलिवरी सेवाओं को अनुकूलतम बनाने और बुनियादी ढांचा-आधारित एप्लिकेशन विकसित करने में मदद मिलेगी। यह एक वेबमंच है जो पीएम गतिशक्ति एनएमपी (राष्ट्रीय मास्टर प्लान) से चयनित गैर-संवेदनशील आंकड़ों तक विनियमित पहुंच प्रदान करता है। इससे निजी इकाइयों, सलाहकारों, शोधकर्ताओं और नागरिकों को बुनियादी ढांचा नियोजन और निवेश निर्णयों के लिए बेहतर विश्लेषण का लाभ उठाने में मदद मिलती है। उल्लेखनीय है कि लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के एकीकृत और नियोजित विकास के लिए अक्टूबर, 2021 में पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान शुरू की गई थी।

- आरबीआई ने यह कदम विनियम, 2015 में संशोधनों के तहत उठाया

## भारतीय बैंक अब नेपाल, श्रीलंका के निवासियों को रुपए में दे सकेंगे कर्ज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि भारत के बैंक और उनकी विदेशी शाखाएं अब भूटान, नेपाल और श्रीलंका में रहने वाले व्यक्तियों और बैंकों को भारतीय रुपये में ऋण मुहैया करा सकती हैं।आरबीआई ने एक बयान में कहा कि यह कदम विदेशी विनिमय प्रबंधन (उधारी एवं ऋण) विनियम, 2018 और विदेशी मुद्रा खाता प्रबंधन विनियम, 2015 में संशोधनों के तहत उठाया गया है। इसका उद्देश्य 'बाहरी व्यापार और भुगतान को सुगम बनाना' है। रिजर्व बैंक ने कहा, "भारत में अधिकृत डीलर बैंकों और उनकी विदेशी शाखाओं को अब भूटान, नेपाल और श्रीलंका में रहने वाले व्यक्तियों और बैंकों को रुपये में ऋण देने की अनुमति है, ताकि सीमापार व्यापार लेनदेन को सुविधाजनक बनाया जा सके। इसके अलावा जनवरी, 2025 में आरबीआई ने भारतीय निर्यातकों को यह मंजूरी दी थी कि वे विदेशों में किसी बैंक में विदेशी मुद्रा खाते खोलकर अपने निर्यात प्राप्तियों को संग्रहीत कर सकें। इन खातों में अप्रयुक्त शेष राशि को अब तक अगले महीने के अंत तक वापस भेज देना अनिवार्य था।

*अवधि तीन माह बढ़ाई गई : हालांकि, आरबीआई ने अब इस अवधि को बढ़ाकर तीन महीने कर दिया है, यदि विदेशी मुद्रा खाता भारत के आईएफएससी में किसी बैंक में रखा गया हो। आरबीआई ने एक अक्टूबर, 2025 को अपनी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा के दौरान इस कदम की घोषणा की थी।*

- ईडी ने फ्लिपकार्ट को जुर्माना भरने कहा

## फ्लिपकार्ट को फेमा मामला बंद करने का प्रस्ताव मिला

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फ्लिपकार्ट को फेमा उल्लंघन का मामला बंद करने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, इसके लिए ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी को अपनी गलती स्वीकार करनी होगी और जुर्माना भरना होगा। इस घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले हफ्ते फ्लिपकार्ट को फेमा (विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम) के कंपाउंडिंग नियमों के तहत यह विकल्प दिया था। 'ईडी ने फ्लिपकार्ट को कंपाउंडिंग का विकल्प दिया है। ईडी ने फ्लिपकार्ट से अपनी गलती स्वीकार करने, जुर्माना भरने और उससे जुड़े विक्रेता नेटवर्क को खत्म करने को कहा है।' इस संबंध में फ्लिपकार्ट को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। ईडी ने अमेजन इंडिया की स्थिति की जांच के लिए उसे भी तलब किया था।


**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सरगुजा वनमण्डल, अम्बिकापुर (छ.ग.)**

**नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि सरगुजा वनमण्डल, के अधीनस्थ काष्ठागार अम्बिकापुर में भण्डारित ईमारती काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में ई-ऑक्शन किया जावेगा । इच्छुक व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/ काष्ठागार अम्बिकापुर से प्राप्त की जा सकती है ।

काष्ठागार अम्बिकापुर
नीलाम दिनांक - 28.10.2025 समय - प्रातः 09.00 बजे से

| प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) |
| सागौन | 0.000 | 0 | 114.612 | 3335 | 114.612 | 3335 |
| साल | 170.126 | 25 | 4223.466 | 2953 | 4393.592 | 2978 |
| साजा | 0.000 | 0 | 46.607 | 176 | 46.607 | 176 |
| तिंसा | 0.000 | 0 | 0.146 | 0 | 0.000 | 0 |
| खम्हार | 0.000 | 0 | 74.516 | 516 | 74.516 | 516 |
| धावड़ा | 0.000 | 0 | 66.356 | 19 | 66.356 | 19 |
| सलैया | 0.000 | 0 | 58.633 | 39 | 58.633 | 39 |
| हल्दू | 8.594 | 0 | 10.899 | 0 | 19.493 | 0 |
| अन्य | 36.316 | 25 | 759.202 | 1530 | 795.518 | 1555 |
| योग | 215.036 | 50 | 5354.437 | 8568 | 5569.327 | 8618 |
| जलाऊ | 0 | | 2828 Chatta | | 2828 Chatta | |

टीपः-
1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते हैं ।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 20 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा ।

वनमण्डलाधिकारी
G-252604111/4 सरगुजा वनमण्डल अम्बिकापुर (छ.ग.)



**कार्यालय अधीक्षक सब जेल वारासिवनी, जिला बालाघाट (म. प्र. )**
**www.mptenders.gov.in के माध्यम से**

क्रमांक. 0.3 / निर्वाह / 2025 **ई-निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26** वारासिवनी, दिनॉक 04/10/2025

**ई-निविदा सूचना तृतीय आमंत्रण**

जेल मुख्यालय, म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक 13631 / निर्वाह शाखा / 2025 भोपाल, दिनांक 09/06/2025 के पालन में सबजेल वारासिवनी में म0प्र0 जेल पूर्ति नियम 1968 तथा म.प्र. भण्डार क्रय नियम 2015 ( यथासंशोधित - 2022 ) के तहत वित्तीय वर्ष 2025 - 2026 में खण्ड-दवाईयां एवं चिकित्सीय जांच एवं सामग्री की तृतीय वार्षिक निवदाएं ई-टेण्डर के माध्यम से विज्ञप्ति का प्रकाशन किया जा रहा है । सब जेल वारासिवनी की ई - निविदा जेल मुख्यालय, म.प्र. भोपाल के उक्त पत्र के परिपालन में दिये गये निदेशार्नुसार वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर दिनांक 24.10.2025 को शाम 05 :30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑन लाईन निविदा प्रकाशन | 06.10.2025 | कार्यालय सबजेल वारासिवनी जिला बालाघाट |
| 2 | प्रिबिड मीटिंग | 13.10.2025 | कार्यालय सबजेल वारासिवनी जिला बालाघाट |
| 3 | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि निविदा फार्म की कीमत रू 1000/- प्रतिफार्म ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियां में जमा किया जावेगा | 24.10.2025 को सायंकाल 05 :30 बजे तक | वेबसाईट www.mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है । |
| 4 | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 24.10.2025 को सायंकाल 05 :30 बजे तक | वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर स्वीकार की जावेंगी । |
| 5 | ऑनलाईन तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं दस्तावेज परीक्षण | 27.10.2025 प्रातः 12 :30 | कार्यालय सबजेल वारासिवनी जिला बालाघाट |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट पर भी देखी जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित वेबसाइट पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन पेमेंट कर क्रय किया जा सकता है ।

जेल अधीक्षक
सबजेल वारासिवनी (म.प्र.)
G-19978/25 "स्वच्छता ही सेवा"



**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक**
**जिला चिकित्सालय सिवनी**

क्रमांक/भण्डार/2025-26 / 6803 **निविदा सूचना प्रारूप** सिवनी दिनांकः- 08.10.2025

**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक सिवनी**

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला सिवनी से निम्नानुसार खुली निविदा आयोजित कर दर अनुबंध किया जाना है जो कि आन लाइन www.mptenders.gov.in के माध्यम से संपादित होगी अन्य जानकारी निम्नानुसार है :-

| प्रवर्ग | निविदा ब्रिकी आरम्भ दिनांक | निविदा ब्रिकी समाप्त दिनांक | निविदा जमा करनें की अंतिम दिनांक | निविदा खुलने का दिनांक | धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| आर्थोपेडिक इंम्प्लॉण्ट | 18.10.25 11.00 pm | 29.10.25 17.00 pm | 29.10.25 17.00 pm | 30.10.25 12.00 pm | रू. 200000.00 |
| आई पी बेस्ड सी.सी.टी.व्ही कैमेरा | 18.10.25 11.00 pm | 29.10.25 17.00 pm | 29.10.25 17.00 pm | 30.10.25 12.00 pm | रू. 50000.00 |
| फायर इक्यूपमेंट रिफिलिंग एवं क्न्जूमेबल, सामग्री | 18.10.25 11.00 pm | 29.10.25 17.00 pm | 29.10.25 17.00 pm | 30.10.25 12.00 pm | रू. 5000.00 |
| कम्प्यूटर रिपेयरिंग एवं कम्प्यूटर क्न्जूमेबल | 18.10.25 11.00 pm | 29.10.25 17.00 pm | 29.10.25 17.00 pm | 30.10.25 12.00 pm | रू. 50000.00 |
| प्रपत्र मुद्रण एवं अन्य | 18.10.25 11.00 pm | 29.10.25 17.00 pm | 29.10.25 17.00 pm | 30.10.25 12.00 pm | रू. 10000.00 |
| आक्सीजन पाइप लाइन स्थापना एवं रिपेयर | 18.10.25 11.00 pm | 29.10.25 17.00 pm | 29.10.25 17.00 pm | 30.10.25 12.00 pm | रू. 5000.00 |
| आक्सीजन सिलेण्डर रिफलिंग | 18.10.25 11.00 pm | 29.10.25 17.00 pm | 29.10.25 17.00 pm | 30.10.25 12.00 pm | रू. 10000.00 |
| औषधि एवं सामग्री का क्रय | 18.10.25 11.00 pm | 29.10.25 17.00 pm | 29.10.25 17.00 pm | 30.10.25 12.00 pm | रू. 200000.00 |

निविदा प्रपत्र का मूल्य सभी प्रवर्ग हेतु अलग अलग रू. 1000 होगा। निविदा की एक प्रति निर्धारित समय एवं दिनांक तक कार्यालय के आवक शाखा में जमा कराया जाना अनिवार्य होगा।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल
अधीक्षक जिला चिकि. सिवनी
G-20013/25 "स्वच्छता ही सेवा"



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - सिवनी (म. प्र. )**

विज्ञापन पत्र क्रमांक/3197/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/2025 सिवनी, दिनांक-08.10.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)**

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| निविदा सूचना क्रमांक/ दिनांक | ई-टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कुल अमानती राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने कीअंतिम तिथि | ऑन लाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 / नि.प्र. /2025-26 दिनांक 08.10.2025 | 2025 _PHED_ 456368_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड घंसौर के अंतर्गत एकलव्य स्कूल घंसौर मे पेयजल व्यवस्था कार्य | 11.13 | 22,260.00 | 2,000.00 | 27/10/2025 | 27/10/2025 | 30 दिवस वषार्काल छोड़कर | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म / ठेकेदार |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिवनी (म. प्र. )
G-19962/25 "स्वच्छता ही सेवा"



**कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग**

क्रमांक / 4815/ भू-अर्जन/2025 **प्रारंभिक अधिसूचना** सिवनी दिनांक 30/09/2025

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि, इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से ( 14 ) में उल्लेखित वर्णित भूमि की शेर सिंचाई कॉम्पलेक्स परियोजना के के बांध क्रमांक 4 के निर्माण हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार एतद् द्वारा सभी संबंधित हितबद्ध व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि, राज्य शासन इसके द्वारा कार्यपालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन बांध जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 चौरई जिला छिंदवाडा को संबंधित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 12 मे दी गई शक्तियों के प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है। अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि केसंबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 6 के अंतर्गत सिचाई परियोजनाओं की बाबत् जहां तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधो के अधीन पर्यावरणीय समाधात निर्धारण की प्रक्रिया की अपेक्षा की जाती है, इस अधिनियम के सामाजिक समाघात निर्धारण उपबंध लागू नही होगे । उपरोक्त के संबंध में पर्यावरण स्वीकृति प्रस्ताव क्रमांक रकअ/टढ/फकश/544816/2025 राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की गई है । अतः अधिनियम की धारा 11 ( 3 ) के अंतर्गत सामाजिक सामाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश प्रकाशित नही किया जा रहा है। अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का विवरण निम्नानुसार है :-

1- ग्राम का नामः- सागर प.ह.नं.58 रा.नि.म. :-आदेगांव तहसीलः-लखनादौन जिलाः-सिवनी 2-अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफलः-20.39 हेक्टेयर

| स. क्र. | सर्वेक्षण संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन का क्षेत्र. हे. में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता | सीमाऐं उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | वृक्ष किस्म | संख्या | संरचनाऐं प्रकार | [illegible] |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | 180/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.02 | दयाराम,सलकू,देवकीबाई पिता गहनसी जाति गोंड पता लखनादौन जिला सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 207 की भूमि | खसरा 186 की भूमि | खसरा 191 की भूमि | खसरा 183 की भूमि | - | - | - | - |
| 2 | 185 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.37 | अम्मो बेवा चतुरसिह, रूपलाल, डेलनसिह, कमला, कुसम पिता चतुरसिह, चतरो पिता धीरा,जाति लुहार पता सागर लखनादौन जिला सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 184 की भूमि | खसरा 186 की भूमि | खसरा 184 की भूमि | खसरा 180 की भूमि | - | - | - | - |
| 3 | 187 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.96 | उदेलाल पिता भदई जाति गोंड पता विचुआ सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 168 की भूमि | खसरा 186 की भूमि | खसरा 186 की भूमि | खसरा 186 की भूमि | - | - | - | - |
| 4 | 199/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 1.08 | जीराबाई पत्नी जेट, पंछीलाल, मंचलाल पिता जेटू, जाति गोंड पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 201 की भूमि | खसरा 186 की भूमि | खसरा 200 की भूमि | खसरा 186 की भूमि | - | - | - | - |
| 5 | 199/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 1.08 | सुमत पिता अमरसिंग जाति गौड पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी अहस्तांतरणीय | खसरा 201 की भूमि | खसरा 186 की भूमि | खसरा 200 की भूमि | खसरा 186 की भूमि | - | - | - | - |
| 6 | 199/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 1.07 | कुमत पिता अमरसिंग जाति गौड पता निवासी ग्राम भूमि स्वामी | खसरा 201 की भूमि | खसरा 186 की भूमि | खसरा 200 की भूमि | खसरा 186 की भूमि | - | - | - | - |
| 7 | 200 | भूमिस्वामी | कृषि | 1.16 | अहिल्या पति सुरेश, प्रीतिबाई पति महेश कुमार, जाति परधान पता बिचुआ सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 201 की भूमि | खसरा 186 की भूमि | खसरा 391 की भूमि | खसरा 199/2 की भूमि | - | - | - | - |
| 8 | 201 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.20 | अमरलाल पिता भभूतसिह, दमोतीबाई पनि ठुल्ली, कौशल्याबाई पिता ठुल्ली जाति गोंड पता सिमरिया सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 202 की भूमि | खसरा 200 की भूमि | खसरा 391 की भूमि | खसरा 186 की भूमि | - | - | - | - |
| 9 | 202 | भूमिस्वामी | कृषि | 4.20 | सौरभ कुमार, गौरव कुमार परते पिता मुनीम कुमार परते, पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 287 की भूमि | खसरा 391 की भूमि | खसरा 389 की भूमि | खसरा 390 की भूमि | - | - | - | - |
| 10 | 381 | भूमिस्वामी | कृषि | 1.10 | | खसरा 384 की भूमि | खसरा 396 की भूमि | खसरा 396 की भूमि | खसरा 382 की भूमि | - | - | क. कुआ 1 | - |
| 11 | 204/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.05 | पुसियाबाई पत्नी सऊवा, रामफल,रामकुमारी, श्यामकुमारी, श्यामकली, भूरियाबाई पिता सऊवा, जाति गोंड, पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 204/2 की भूमि | खसरा 202 की भूमि | खसरा 203/3 की भूमि | खसरा 386 की भूमि | - | - | - | - |
| 12 | 204/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.12 | चमरूलाल, रूपलाल पिता हरप्रसाद जाति गोड पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 203/1 की भूमि | खसरा 204/1की भूमि | खसरा 206/2 की भूमि | खसरा 385/3 की भूमि | - | - | - | - |
| 13 | 205/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.05 | कौशल्याबाई पत्नी नन्हा, गुल्झराम, तोफान, गुलझोबाई पिता नन्हा जाति गोंड पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 384 की भूमि | खसरा 204/2 की भूमि | खसरा 206/2 की भूमि | खसरा 205/2की भूमि | - | - | - | - |
| 14 | 383 | भूमिस्वामी | कृषि | 2.36 | मानसिह पिता सुम्मा, जाति गोंड पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 384 की भूमि | खसरा 396 की भूमि | खसरा 382 की भूमि | खसरा 385 की भूमि | - | - | - | - |
| 15 | 385/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.52 | दादूराम पिता तेइसा, जाति गोंड पता सागर सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 384 की भूमि | खसरा 387 की भूमि | खसरा 383 की भूमि | खसरा 204 की भूमि | नीम | 1 | - | - |
| 16 | 385/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.51 | जयपाल, सहपाल, कृपाल, जियोबाई पिता रामसिंह, सिवियाबाई पत्नी गोपाल,घंसराम, सनियाबाई, सनवती, झीनीबाई, भानवती पिता गोपाल, जाति गोंड पता बिचुआ, सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 384 की भूमि | खसरा 387 की भूमि | खसरा 383 की भूमि | खसरा 204 की भूमि | - | - | - | - |
| 17 | 385/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.51 | कौशल्याबाई पत्नी नन्हा,गुल्झराम, तोफान, गुलझोबाई पिता नन्हा जाति गोंड पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 384 की भूमि | खसरा 387 की भूमि | खसरा 383 की भूमि | खसरा 204 की भूमि | - | - | - | - |
| 18 | 385/4 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.51 | किशोरीलाल पिता बीरसा, पांचोबाई, गुडडोबाई, सहुआ पिता लगुनसिंह जाति गोंड पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 384 की भूमि | खसरा 387 की भूमि | खसरा 383 की भूमि | खसरा 204 की भूमि | - | - | - | - |
| 19 | 386 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.40 | मिट्ठू पिता सुखलाल जाति गोंड पता विचुवा सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 204 की भूमि | खसरा 202 की भूमि | खसरा 202 की भूमि | खसरा 202 की भूमि | - | - | - | - |
| 20 | 390/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.50 | सुखलाल पिता मँगलू, जाति गोंड पता सागर लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 202 की भूमि | खसरा 391 की भूमि | खसरा 202 की भूमि | खसरा 201 की भूमि | - | - | - | - |
| 21 | 390/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.12 | देवसिह पिता मंगलू, जाति गोंड पता सागर लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 202 की भूमि | खसरा 391 की भूमि | खसरा 202 की भूमि | खसरा 201 की भूमि | - | - | - | - |
| 22 | 392/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 1.50 | | खसरा 389 की भूमि | खसरा 392/2की भूमि | खसरा 394 की भूमि | खसरा 202 की भूमि | - | - | - | - |
| 23 | 392/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 2.00 | रख्खू पिता मँगलू जाति गौड पता सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 392/1 की भूमि | खसरा 395 की भूमि | खसरा 395 की भूमि | खसरा 395 की भूमि | चार | 2 | - | - |
| कुल योगः- | | | | 30.39 | | | | | | वृक्ष | 3 | कच्चा कुआ 1 | |

1 अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी लखनादौन जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। 2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण कार्यालय कार्यपालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन बांध जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 चौरई जिला छिंदवाडा के कार्यालय में किया जा सकता है । 3. अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नही करेगा या कोई भी संव्यवहार नही होने देगा अर्थात कय / विक्रय आदि नही करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नही करेगा । 4.अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति " भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा - 15 ( 1 ) के अधीन इस अधिसूचना प्रकाशन के 60 दिनों के अंदर भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष आक्षेप यदि कोई हो, फाईल किए जा सकेंगे ।

(संस्कृति जैन)
मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
कलेक्टर सिवनी एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला सिवनी (म.प्र.)
G-19937/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

चिंतन

# आम आदमी को महंगाई के मोर्चे पर बड़ी राहत

जीएसटी और ब्याज दरों में कटौती होने के बाद ऐसी आशंकाएं जताई जा रही थी कि महंगाई के मोर्च पर झटका लग सकता है, लेकिन हुआ इसके बिलकुल उलट। खुदरा महंगाई दर आठ साल के निचले स्तर पर आ गई है। सितंबर में रिटेल महंगाई 1.54% पर रही है। इससे पहले जून 2017 में भी ये इतनी थी। इसकी वजह खाने-पीने की कुछ वस्तुओं की कीमतों में गिरावट है। वहीं, अगस्त में रिटेल महंगाई 2.07% रही थी। रिटेल महंगाई के आधिकारिक आंकड़े सरकार ने सोमवार को जारी किए हैं। रिजर्व बैंक का लक्ष्य महंगाई को 4% से दो ऊपर-नीचे की सीमा में रखने का है। सितंबर में खाने-पीने के सामानों की कीमत घटी यही कारण रहा कि महंगाई निचले स्तर पर पहुंच गई। महंगाई में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 0.64 से घटकर माइनस 2.28% हो गई है।

सितंबर में ग्रामीण महंगाई दर 1.69 से घटकर 1.07 प्रतिशत हो गई। वहीं शहरी महंगाई 2.47 से घटकर 2.04 फीसदी पर आ गई। असल में महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं, अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी। लगातार घटती महंगाई आम लोगों के लिए राहत की बात है, जिसके मुख्य कारण अनुकूल आधार प्रभाव, सब्जियों, दालों, और अनाज जैसी खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट हैं। इस स्थिति से आम नागरिक के जीवन स्तर में सुधार और उपभोक्ता मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, हालांकि भविष्य में महंगाई को नियंत्रित रखने के लिए निरंतर निगरानी की आवश्यकता होगी। महंगाई कम होने से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और वे खरीदारी के लिए प्रोत्साहित होंगे, जिससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। लोग जितना खरीदारी करेंगे अर्थव्यवस्था को उतना लाभ होगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। महंगाई कम होने से देश के लोगों के लिए अपने सपने पूरे करना आसान होगा, घरों से लेकर सपनों की चीजें खरीदने पर कम खर्च होगा और घूमना-फिरना सस्ता होगा। अगर नागरिकों के पास पैसा होगा वो ज्यादा खर्च कर सकेंगे। सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि लोगों की जेब में खरीदारी के लिए धन छोड़ा जाए। जीएसटी और ब्याज दरों में कटौती के पीछे सबसे पहली सोच यही है और इसके सार्थक परिणाम भी आने लगे हैं। खुदरा महंगाई में नरमी को देखते हुए, रिजर्व बैंक अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो दर में और कटौती कर सकता है। हालांकि यह महंगाई की आगे की दिशा पर निर्भर करेगा। क्योंकि अधिक बरसात होने के कारण अनेक उत्तरी राज्यों में फसलों को ज्यादा नुकसान हुआ है। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि महंगाई के आंकड़े केवल आंकड़ों तक सीमित न रहें, बल्कि लोगों को बाजारों में वास्तविक राहत मिले। ऐसा न हो कि आंकड़ों में तो लगातार महंगाई कम होती रही और आम आदमी को इसका असली लाभ ही न मिल पाए।



तकनीक
प्रमोद भार्गव

# पहली एआई मंत्री डिएला की नियुक्ति

एआई मंत्री डिएला को अल्बानिया की नेशनल एजेंसी फॉर इंफॉर्मेशन सोसायटी ने माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से विकसित किया है। डिएला को मंत्री पद की जिम्मेदारी संवैधानिक लोकतांत्रिक प्रणाली से चौथी बार प्रधानमंत्री बने एडी रामा ने सौंपी है। इसी साल मई 2025 में चुनाव जीतने के बाद 11 सितंबर को उन्होंने अपनी नई सरकार का गठन किया है। डिएला ने संपूर्ण स्त्री भाव से संसद में राजनीतिक चतुराई से भरा उल्लेखनीय वक्तव्य भी दिया। उन्होंने कहा, 'विपक्ष मेरी नियुक्ति को बार-बार असंवैधानिक बता रहा है। विपक्ष के इस व्यवहार से मेरी भावना आहत हुई है।'

विडंबना देखिए, मनुष्य द्वारा निर्मित वाहनों ने मनुष्य के पैरों से चलने की ताकत छीन ली। मशीनी तकनीक मनुष्य के हाथों के हुनर छीनती जा रही है और अब हैरान करने वाली वास्तविकता यहां तक पहुंच गई है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अर्थात कृत्रिम बुद्धि से निर्मित डिएला नामक रोबोट स्त्री को मानव के विरुद्ध एक प्रति मानव के रूप में अस्तित्व में लाया गया रोबोट का यह दखल राजनीति से नेता के विस्थापन के रूप में देखने में आया है। सत्ता पक्ष डिएला की नियुक्ति से भ्रष्टाचार मुक्त शासन की कल्पना कर रहा है, जबकि विपक्ष इस रोबोट-स्त्री की तैनाती को असंवैधानिक करार दे रहा है।

एआई मंत्री डिएला को अल्बानिया की नेशनल एजेंसी फॉर इंफॉर्मेशन सोसायटी ने माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से विकसित किया है। डिएला को मंत्री पद की जिम्मेदारी संवैधानिक लोकतांत्रिक प्रणाली से चौथी बार प्रधानमंत्री बने एडी रामा ने सौंपी है। इसी साल मई 2025 में चुनाव जीतने के बाद 11 सितंबर को उन्होंने अपनी नई सरकार का गठन किया। डिएला ने संपूर्ण स्त्री भाव से संसद में राजनीतिक चतुराई से भरा उल्लेखनीय वक्तव्य भी दिया। उन्होंने कहा, 'विपक्ष मेरी नियुक्ति को बार-बार असंवैधानिक बता रहा है। विपक्ष के इस व्यवहार से मेरी भावना आहत हुई हैं। मैं शासन-प्रशासन को पारदर्शी बनाने और जनता की मदद के लिए हूं। विपक्ष आशंकित न हो, मेरा लक्ष्य जैविक मनुष्य को प्रतिस्थापित (रिप्लेस) करने का नहीं है। मैं किसी की जगह लेने के लिए नहीं आई हूं।' डिएला ने जो कहा वह अजैविक मानव के लिए ठीक हो सकता है, लेकिन सच्चाई तो यही है कि मनुष्य के विरुद्ध एक प्रति मनुष्य के रूप में अपनी जगह बनाता रोबोट जैविक मनुष्य को सीमेंट, कंक्रीट और यंत्रों के जंगल में धकेलता जा रहा है। प्रति मानव रोबोट में बुद्धि डालकर उसे हम मनुष्य का शासक बनाने में लगे हैं। अभी तक रोबोट को नए-नए रूपों में विकसित करने का काम वैज्ञानिक रूपी मनुष्य करता था, लेकिन प्रौद्योगिकी के आकाश में कृत्रिम बुद्धि ने ऐसे पंख दे दिए कि रोबोट अब एआई की मदद से स्वयं अद्यतन (अपडेट) होने लगे हैं और जो जीवित रोबोट अस्तित्व में आए हैं, वे स्वयं रोबोट पैदा करने लगे हैं। रोबोट के स्वमेव परिवर्तन और नए रोबोट पैदा करने की इस ताकत के परिणाम फलदायी होंगे या घातक यह अभी भविष्य के गर्भ में जरूर है, किंतु चिंतनीय बिंदू अवश्य है।

अमेरिकी वैज्ञानिकों ने जीवित रोबोट 'जेनोबोट्स' अवतरित कर दिया है। इसके आविश्कारक वैज्ञानिकों का दावा है कि यह रोबोट अपने जैसे रोबोट संतान के रूप में पैदा कर सकता है। यह करिश्मा वर्मोंट, हावर्ड और टफ्ट्स विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों ने कर दिखाया है। यह रोबोट अफ्रीका में पाए जाने वाले जेनोपस लेविस प्रजाति के मेढ़क के भ्रूण की स्तंभ कोशिकाओं से बनाया गया है। वैज्ञानिकों ने मेंढ़क के भ्रूण की (एंब्रियो) की जीवित कोशिकाओं को अन्य नए जीवन रूपों के तौर पर प्रयोग करने में सफलता पाई है। इसे जीवित क्रिया-कलाप करने लायक जीव के तौर पर देखा जा रहा है। एक मिमि से भी कम चौड़े इन रोबोट्स को पहली बार 2020 में दुनिया के सामने सार्वजनिक किया गया था। ये जीते-जागते रोबोट्स हैं। भ्रूण से विकसित इन रोबोट के दिल को मोटर की तरह उपयोग में लाया जाता है।



मसलन ये जेनोबोट्स मुंह के अंदर एकल कोशिकाओं को एकत्रित करते हैं और रोबोट के रूप में बच्चों को अवतरित (पैदा) करते जाते हैं। जो हूबहू माता-पिता के प्रतिकृति होते हैं। कोई गड़बड़ी होने पर खुद को ठीक भी कर सकते हैं।

वैज्ञानिकों का दावा है कि जेनोबोट्स में जानवर या पौधों से अलग जैविक प्रजनन का एकदम नया मौलिक रूप खोजा है। ये रूप विज्ञान के लिए ज्ञात किसी भी रूप नख से शिख तक भिन्न हैं। लोग अभी तक यह जानते हैं कि रोबोट धातु, चीनी मिट्टी या प्लास्टिक से बने होते हैं। जबकि जेनेबोट्स मेंढ़क के जीवित भ्रूण की स्तंभ कोशिकाओं को कतरन (स्क्रैप) करके सेने (इनक्यूबेट) के लिए छोड़ दिया। इन्हें साइबॉर्ग रोबोट की श्रेणी में रखा जा सकता है। इस सिलसिले में सूक्ष्म शल्य क्रिया विषेशज्ञ का कहना है कि 'स्तंभ कोशिकाओं की कतरन को चिमटी और लघु इलेक्ट्रोड से सूक्ष्मदर्शी यंत्र के माध्यम से एक आकार में ढाला गया, फिर इन्हें शरीर का रूप दिया गया। तत्पश्चात ये कोशिकाएं पुनः सक्रिय हो गईं। इस तरह तैयार जेनोबोट्स को जब टुकड़ों में विभाजित किया गया तो वह स्वयं को जोड़कर क्रियाशील हो गया।' इसी कारण ये रोबोट के साथ जीव भी हैं। ये रोबोट समुद्र, नदी और तालाब की गहराइयों से माइक्रोप्लास्टिक कचरा खींच लाने में सक्षम हैं। लिहाजा इस जीवित मशीन को स्वच्छता के अभियान में भी लगाया जा सकता है। मानव की धमनियों की बाधा को दूर करने में भी इनका इस्तेमाल हो सकता है। ऐसी ही रोबोट तकनीक का कमाल है डिएला।

28 लाख की आबादी वाले देश अल्बानिया की अल्बानियाई भाषा में 'डिएला' का अर्थ 'सूरज' होता है। डिएला को अल्बानिया की पारंपरिक वेशभूषा में सौम्य, सुंदर और सुशील स्त्री को रोबोट के रूप में विकसित किया है। डिएला की वाणी और मुखाकृति अल्बानियाई अभिनेत्री अनिला बिशा का मॉडल है। प्रधानमंत्री ने इन्हें सार्वजनिक खरीद मंत्रालय का मंत्री बनाने की घोषणा विधिपूर्वक राजधानी तिराना की संसद में की थी। अल्बानिया यूरोपीय संघ में शामिल होने की प्रक्रिया में है। इस प्रक्रिया को पूरी होने में भ्रष्टाचार बड़ी बाधा बन रहा है। इसीलिए डिएला को सरकारी खरीद निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और कदाचरण खत्म करने की दृष्टी से नियुक्त किया है। यानी डिएला का मनोनयन रामा सरकार की रणनीति की एक कूटनीतिक चाल है। पीएम रामा इसी लक्ष्यपूर्ति के बहाने राष्ट्र को भ्रष्टाचार मुक्त बनाए जाने के प्रति, प्रतिबद्धता जता रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में सरकार में शामिल अन्य मंत्रियों, सरकारी अधिकारियों ने कहना शुरू कर दिया है कि सार्वजनिक व्यय में भ्रष्टाचार से लड़ने में मदद मिलेगी। इसके विपरीत विपक्षी सांसद दावा कर रहे हैं कि यह तथाकथित एआई से संचालित स्त्री रोबोट भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का काम करेगा। क्योंकि हम जानते हैं कि अंततः रोबोट एक मशीन है, जिसके डाटा व सर्किट में परिवर्तन किए जा सकते हैं।

अल्बानिया के संविधान में जनता द्वारा निर्वाचित सांसद को ही मंत्री बनने का अधिकार है न कि किसी स्त्री रोबोट के आभासी अवतार को ? यह तरीका इंसान को जीवंत राजनीति से विस्थापन का कुटिल तकनीकी उपाय भर है, जो किसी भी देश और मानव जाति के लिए घातक है। कोई प्रतीक मनुष्य का स्थान नहीं ले सकता है। डिएला की तैनाती में जो सबसे प्रमुख कमी है, वह है कि इसकी गलतियों के लिए जिम्मेदार किसे ठहराया जाए? अतएव एआई कुशल और समावेशी शासन व्यवस्था के लिए एक शक्तिशाली मशीनी यंत्र अवश्य है, तथापि इसके उत्तरदायित्व और लोक विश्वास सुनिश्चित होने जरूरी हैं, जिससे इसके नैतिक और लोकतांत्रिक मानदंड निर्धारित हों।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विदेश
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा




# धौंस-धमकान की नीति ट्रंप के लिए होगी आत्मघाती

धमकाने और धौंस की नीति पर चल रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी झूठी चौधराहट और खनिजों के चक्कर में लगता है दुनिया के देशों में अमेरिकी विरोधियों की बड़ी फौज ही तैयार करते जा रहे हैं। शांति के नोबल पुरस्कार का ट्रंप का सपना धरा का धरा ही रह गया है और अब 30% टैरिफ के अतिरिक्त 100% और यानी कि 130 प्रतिशत टैरिफ लगाकर चीन के खिलाफ भी आर्थिक क्षेत्र में खुली जंग छेड़ दी। कनाडा को अमेरिका का नया राज्य बनाने और रूस-यूक्रेन युद्ध के पीछे के अमेरिकी एजेंडे को आज दुनिया के देश समझ ही चुके हैं। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष के साथ डिनर के माध्यम से अमेरिका के गिरते स्तर को दुनिया के देश देख ही चुके हैं। भारत जैसे देश से पंगा लेना सबके सामने हैं। पाकिस्तान पर भी खनिजों के चक्कर में डोरे ड़ाले जा रहे हैं। देखा जाए तो ट्रंप का रवैया जिस तरह का दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद देखने को मिल रहा है वह गली मौहल्ले के गुंडे मवाली जैसा है। दुनिया के देशों को धमकाना जैसे ट्रंप का काम ही हो गया हो। दुनिया के देशों में युद्ध समाप्त कराने का झूठा तमगा पहनने के प्रयास और शांति के नोबल पुरस्कार के लिए नोबल संस्था तक को धमकाने के कुत्सित प्रयास से ट्रंप स्वयं और अमेरिका दोनों की ही हेठी कराने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। हालांकि भारत किसी भी तरह के ट्रंप के दबाव में नहीं आया और सबसे बड़ी तोहीन तो यह रही कि भारत ने इस पर प्रतिक्रिया तक व्यक्त करने की जहमत नहीं उठाई, जिसके कारण अमेरिका का तमतमाना लाजिमी है। अमेरिका ने भारत पर 100% टैरिफ लगाने के बाद सोचा था कि भारत घुटनों के बल आ जाएगा पर हुआ इसका उल्टा ही और भारत ने नए बाजार की संभावनाएं तलाशना आंरभ कर दिया। आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि अब चीन पर अमेरिकी टैरिफ वार का भारत पर सकारात्मक प्रभाव होगा। भारत की निर्यात की संभावनाओं को पर लगने के अधिक आसार हो जाएंगे। स्वाभाविक है चीन के उत्पाद महंगे हो जाएंगे और भारतीय उत्पाद कपड़ा, हैण्डिक्राफ्ट, खिलौने आदि आदि तुलनात्मक रूप से सस्ते होंगे तो भारतीय उत्पादों की मांग कम होने के स्थान पर बढ़ेगी ही। वहीं अमेरिकी टैरिफ वार अमेरिका पर ही उल्टा पड़ना है। आज अमेरिका भारतीय प्रतिभाओं का लाभ उठा रहा है पर नए वीजा नियमों और विदेशियों को पलायन करने के बाध्यकारी आदेशों से अमेरिका आने वाले समय में शून्यता की और बढ़ेगा। इधर, ट्रप के व्यवहार के चलते श्वेत-अश्वेत की खाई और चौड़ी होती जा रही है।

20वीं सदी के अंत में दुनिया के देशों में विश्वग्राम का सपना देखा था, इस दिशा में दुनिया के देश आगे भी बढ़े थे और फिर संचार क्रान्ति ने तो दुनिया के देशों को लगभग विश्वग्राम बना ही दिया पर जिस तरह के हालात ट्रंप जैसे अति महत्वाकांक्षी द्वारा उठाए जा रहे हैं, उससे विश्वग्राम का सपना बीच राह में ही टूटता नजर आने लगा है। एक दूसरे के सहयोग और समन्वय की बात तो ट्रंप ने भुला ही दी है। फिर सबको एक ही लकड़ी से हांकने की नीति भी आत्मघाती बनती जा रही है। अमेरिका को समझना होगा कि आज आप किसी पर टैरिफ का दबाव बढ़ाते हो तो अन्य देशों के लिए राह आसान कर रहे हो। हो यह राह है कि टैरिफ की मार का सबसे नकारात्मक प्रभाव अमेरिका पर ही पड़ना है। आज दूसरे देशों के प्रति निर्भरता बढ़ी है और ऐसे में आगे बढ़ने के लिए दो मोर्चो पर जुटना पड़ता है। पहले तो यह कि दूसरे देशों में आ रहे बदलावों, तकनीक को समझना और फिर उस तकनीक को अपनी जरूरत के अनुसार अपने देश में विकसित करना। अमेरिका दरअसल, दूसरों की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करना चाहता है पर वह यह भूल रहा है कि इकोनोमी एक दूसरे की सहायता से आगे बढ़ती है। देसी-विदेशी मांग को बढ़ाना ही होता है। स्थानीय के साथ ही विदेशों में भी बाजार खोजना होता है। ऐसे में बड़े-बड़े व्यापार समझौते देशों के बीच होते हैं। अमेरिका ने जिस तरह से व्यापार समझौतों को दरकिनार कर टैरिफ वार और तरह तरह के अवरोध खड़े करने के प्रयास किए हैं उनका असर अंततोगत्वा अमेरिकी इकोनोमी पर भी पड़ना ही है। लगता है ट्रंप अमेरिका को आत्मघाती गोल की तरफ ले जा रहा है। दुनिया के देशों को वैश्विक ग्राम की परिकल्पना को ही आगे बढ़ाना होगा। आज दुनिया और दुनिया के देश कहां खड़े हैं यह कोरोना काल में सबको पता चल चुका है। ऐसे में समय रहते नीतियों मे बदलाव जरूरी हो जाता है। जिस तरह से तकनीक ने एक दूसरे को नजदीक लाने का प्रयास किया है उसे आगे बढ़ाना वैश्विक नेताओं का दायित्व हो जाता है। आज एकला चालो रे की नीति से आगे बढ़ने और कुछ पाने की कल्पना करना बेमानी होगा, यह देर सबेर समझना ही होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## प्रेम क्या है?



संकलित
दर्शन

प्रेम कोई क्रिया नहीं है। 'मैं' भी प्रेम है और 'तुम' भी प्रेम हो। प्रेम वह तत्त्व है जिससे हम सब बने हैं। यह एक अवस्था है, कोई कार्य नहीं। जब हम वर्तमान में होते हैं, तब हमारा मन स्वच्छ होता है-न क्रोध, न चिंता, बस प्रेम होता है। छोटे बच्चों को देखो-उनके चेहरे पर कितना निर्मल प्रेम होता है! बच्चे आकर्षक क्यों होते हैं? क्योंकि वे अपने भीतर के प्रेम को बिना किसी अवरोध के बाहर लाने देते हैं। यही कारण है कि यीशु ने कहा था - "जब तक तुम बच्चों जैसे नहीं बनते, तब तक स्वर्ग के द्वार तुम्हारे लिए नहीं खुलते।" बच्चे एक पल रोते हैं, और अगले ही पल हँस पड़ते हैं - यह है वर्तमान में जीने की कला। हम सबमें यह क्षमता है लेकिन जैसे-जैसे हम 'बुद्धिमान' होते जाते हैं, हम अपनी मासूमियत खो देते हैं। आत्मज्ञान का अर्थ है-मासूमियत को बनाए रखते हुए ज्ञान में बढ़ना। एक अज्ञानी व्यक्ति मासूम हो सकता है, लेकिन उसकी मासूमियत का कोई मूल्य नहीं होता। एक चतुर व्यक्ति चालाक हो सकता है, पर उसकी बुद्धिमत्ता में करुणा न हो तो वह भी व्यर्थ है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था है-जब व्यक्ति बुद्धिमान हो, लेकिन फिर भी भीतर से मासूम बना रहे। यह जीवन में बहुमूल्य है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था यह है कि हम बुद्धिमान बनें, पर भीतर से बच्चे जैसे सरल और निष्कलुष बने रहें। आज की भागदौड़ भरी जीवन में हम सब सफल, समझदार, प्रभावशाली बनना चाहते हैं लेकिन इस दौड़ में कहीं हमारी सरलता, सहजता और वह निर्मल मुस्कान पीछे छूट गई है।

## सुख-दुख आते-जाते रहेंगे



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

## सटाका




## आज की पाती

### मिलावटी चीजों से सावधान रहें

आज बहुत से ऐसे लोग भी हैं जो अपने थोड़े से फायदे के लिए खाने-पीने की चीजों में मिलावट करके दूसरों की जान को भी जोखिम में डाल देते हैं। लेकिन चंद सिक्कों की खातिर दूसरों की जान जोखिम में डालना मानवता के खिलाफ है। खाने-पीने की मिलावटी चीजें तो जहर समान होती है। स्वस्थ भारत के लिए खानपान की चीजों में मिलावट रोकना भी बहुत जरूरी है। खाद्य पदार्थों में मिलावट नहीं रुक रही, क्योंकि एक तो आमजन सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण के कानून के प्रति जागरूक नहीं है, दूसरा सरकार और प्रशासन मिलावट रोकने के लिए गंभीरता नहीं दिखाते। तीसरा कारण सरकारी तंत्र में फैला भ्रष्टाचार है। इसके कारण खाद्य पदार्थों की जांच समय-समय पर नहीं होती।

*- रमेश शर्मा, कांकेर*

## ट्रेंड

### टमाटर की खेती

मैं टमाटर के खेत पर खड़ा हूं। हमने बड़ी मेहनत से टमाटर की खेती करने का प्रयास किया है। फसल बहुत अच्छी है, उसे देखकर प्रसन्नता हो रही है। इल्लियों का थोड़ा प्रकोप जरूर हुआ था, लेकिन उसे भी कंट्रोल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**



### पेड़ काटने पर दुःख

यह वाकई दिल दहला देने वाला दृश्य है। एक महिला वृक्ष को काटे जाने के बाद उसे नमन कर रही है। ये पेड़ 20 साल से भी ज्यादा बड़ा था और बाद में उसे काट दिया गया। मुझे बताया गया है कि यह छत्तीसगढ़ राज्य में हुआ था।

**- किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री**



### प्रतिबद्धता का संकल्प

डॉ. राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन। नाइंसाफ़ी और ग़ैर-बराबरी के ख़िलाफ़ लोहिया की 'सप्त क्रांति' के सिद्धान्त को ज़मीन पर उतारने के लिए हम आज प्रतिबद्धता का संकल्प लेते हैं।

**- अखिलेश यादव, सपा नेता**



### परिवार के तीन

एक परिवार.. एक ही परिवार के तीन सदस्य.. तीनों का एक ही व्यवसाय और एक ही दिन में तीन पुरस्कार। जया को सम्मानित करते हुए फिल्मफेयर के 70 साल। अभिषेक के लिए 2025 का सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और 70 साल के जश्न के लिए वास्तव में आपका धन्यवाद।

**- अमिताभ बच्चन, अभिनेता**



## करंट अफेयर


# पाक-अफगान आपसी मुद्दों को संवाद से सुलझाएं



चीन ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर हुई झड़पों में दर्जनों सैनिकों की मौत के बाद सोमवार को दोनों देशों से संयम बरतने और आपसी मुद्दों को संवाद व परामर्श के जरिए सुलझाने की अपील की। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने सप्ताहांत में दोनों देशों के बीच हुए संघर्ष पर टिप्पणी करते हुए संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हाल में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष के कारण दोनों के रिश्ते तनावपूर्ण होने पर चीन गहरी चिंता व्यक्त करता है। उन्होंने कहा, "चीन गंभीरता से उम्मीद करता है कि दोनों पक्ष व्यापक दृष्टिकोण अपनाएं, शांति और संयम बरतें, आपसी मुद्दों को संवाद व परामर्श के जरिए सुलझाएं, संघर्ष को बढ़ने से रोकें और क्षेत्र में शांति व स्थिरता बनाए रखें।" पाकिस्तान सेना ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर रातभर चली झड़पों में उसके कम से कम 23 सैनिक शहीद हो गए जबकि तालिबान से जुड़े 200 से अधिक आतंकवादी मारे गए। दूसरी ओर तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने कहा कि 58 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और करीब 30 घायल हुए। चीन के पाकिस्तान और अफगानिस्तान दोनों से घनिष्ठ संबंध हैं।

## ऑफ बीट

# आपका शरीर हो सकता है चलता-फिरता जिम



आपको शारीरिक रूप से मजबूत बनने के लिए जिम की सदस्यता, डम्बल या महंगे उपकरणों की आवश्यकता नहीं है। शुरुआत से ही, हमारे पास शारीरिक मजबूती के प्रशिक्षण के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध रहा है - हमारा अपना शरीर। बाहरी बलों और उपकरणों के इस्तेमाल के बिना शारीरिक मजबूती के प्रशिक्षण को 'बॉडीवेट प्रशिक्षण' कहा जाता है। पुश-अप्स और स्क्वैट्स से लेकर प्लैंक्स और चिन-अप्स तक, बॉडीवेट प्रशिक्षण व्यायाम करने के सबसे लोकप्रिय तरीकों में से एक बन गया है, क्योंकि इसे कहीं भी किया जा सकता है और यह मुफ्त भी है। तो, यह क्या है, यह क्यों काम करता है, और आप इसे कैसे शुरू कर सकते हैं? बॉडीवेट प्रशिक्षण क्या है? बॉडीवेट प्रशिक्षण का सीधा सा मतलब है कि आप बारबेल और डम्बल जैसे बाहरी वजन के बजाय अपने शरीर के वजन को प्रतिरोध के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इसमें व्यायाम के आम तरीकों में पुश-अप्स, स्क्वैट्स, लंजेस और सिट-अप्स शामिल हैं। लेकिन बॉडीवेट प्रशिक्षण में स्थिर पकड़ का भी उपयोग किया जा सकता है जो आपके शरीर को बिना हिलाए चुनौती देता है, जैसे कि प्लैंक या योग आसन। बॉडीवेट प्रशिक्षण का इस्तेमाल किसी भी मांसपेशी समूह के लिए किया जा सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# सिवनी में हवाला कांड, छिंदवाड़ा में सिरप प्रदेश में मचा हड़कंप

## हवाला कांड के बाद मचा हड़कंप, सिवनी कंट्रोल रूम में आये आइजी-डीआइजी, मामले की चल रही जांच

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** हवाला कांड की जांच में नया मोड सामने आया है। सोमवार को जबलपुर से आई जी सिवनी पहुंचे। उन्होंने भी स्वीकारा की इस मामले में पुलिस की छवि खराब हुई है। इसके साथ ही सिवनी पहुंचे जबलपुर जोन के आईजी और छिंदवाड़ा के डीआईजी ने बताया कि हवाला कांड के 3 करोड़ के मामले में लखनवाड़ा थाने में प्रार्थी सहित तीन लोगों के खिलाफ ही दर्ज की गई एफ आई आर सोहन परमार, शेख मुश्तक, इरफान पठान पर धारा 112(2)3(5)बीएनएस तहत मामला किया दर्ज। अभी तक लूट मामले में सीएसपी पूजा पांडे सहित 11 लोगों पर निलंबन की हो चुकी है कार्यवाही।

इस प्रकरण में संदिग्ध आचरण में एसडीओपी, टीआई सहित 11 पुलिस कर्मियों का अब तक निलंबन हो चुका है। वहीं मामले में उच्च स्तरीय अधिकारियों की निगरानी में चल रही जांच अभी पूरी नहीं हुआ है। हालांकि हवाला के 1.45 करोड़ रुपये बरामद होने के मामले में 11 अक्टूबर की देर रात लखनवाड़ा पुलिस थाना में तीन लोगों पर संगठित अपराध की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर 12 अक्टूबर को गिरफ्तार किया जा चुका है। लेकिन 8-9 अक्टूबर की रात कार में फरियादी ने 2 करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपये होने की बात कही थी, जो सही है या नहीं अब तक की जांच में यह बात खुलकर सामने नहीं आई है।

### पुलिस कंट्रोल रूम में तैयार हो रही है रिपोर्ट

इधर जबलपुर एएसपी आयुष गुप्ता 10 अक्टूबर से जबलपुर आइजी के निर्देशन में प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट तैयार करने में लगे हैं। वहीं 13 अक्टूबर की सुबह सिवनी पुलिस कंट्रोल में जबलपुर आइजी प्रमोद वर्मा, छिंदवाड़ा डीईजी राकेश कुमार सिंह भी पहुंच गए। सूत्रों के अनुसार पुलिस कप्तान, एएसपी सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस कंट्रोल रूम में प्रकरण पर जांच चल रही है। कहा जा रहा है कि शाम तक इस मामले में अभी तक हुई कार्रवाई की अधिकारिक जानकारी पुलिस अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक की जा सकती है।




### पुलिस की गिरफ्त में तीनों आरोपी

महाराष्ट्र जालना के तीन आरोपित सोहन परमार, शेख मुख्तार व इरफान पठान पुलिस की गिरफ्त में है। साथ ही जिस गाड़ी में हवाला के रुपयों का अवैध परिवहन किया जा रहा था, उसे पहले ही पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। यह करोड़ों रुपये जुआ-सट्टा सहित अन्य आपराधिक कार्यों के होने का अंदेशा है। नागपुर गई पुलिस की एक टीम वापस लौट गई है जबकि दूसरी टीम के सतना में होने की बात कही जा रही है। हवाला रुपयों को इधर-उधर करने में शामिल अन्य आरोपियों के नाम भी सामने आ सकते हैं।

लखनवाड़ा थान में दर्ज एफआईआर के अनुसार घटना की रात वाहन सफेद रंग की क्रेटा कार क्र. एमएच 13 ईके 3430 में इरफान पठान पुलबंडी जिला औरंगाबाद तथा शेख मुख्तार उज्जैन पुरी तहसील बदनापुर जिला जालना महाराष्ट्र निवासी सवार थे, जो कार्रवाई के दौरान मौके से फरार हो गए। जबकि पकड़ी गई रकम पर जालना के सोहन परमार ने अपना दावा करते हुए पुलिस पर रुपयों की लूटे करने संगीन आरोप लगाए थे। इसके बाद से ही पूरे पुलिस विभाग में हडक्रंप की स्थिति बनी हुई है। इसके बाद 1.45 करोड़ रुपये की रकम 9 अक्टूबर को सीएसपी पूजा पांडे व एसआई अर्पित भैरम ने प्रस्तुत की थी। मामले में कोई भी अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहा है। केवल जांच प्रचलित होने की बात कह रहा है।

## कलेक्टर के निर्देश पर बच्चों की स्वास्थ्य मॉनिटरिंग के लिए डोर-टू-डोर सर्वे जारी



### कफ से ग्रसित बच्चों के उपचार में उपयोग दवाओं की ली जा रही जानकारी

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देश पर जिले में कफ सिरप जांच अभियान के अंतर्गत बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए डोर-टू-डोर सर्वे प्रारंभ किया गया है। संयुक्त जांच दलों के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला घर-घर पहुंचकर बच्चों की मॉनिटरिंग कर रहा है। सर्वे के दौरान विगत दिनों में कफ से ग्रसित बच्चों के उपचार में उपयोग की गई दवाइयों की जानकारी संधारित की जा रही है ताकि संभावित दुष्प्रभावों की पहचान की जा सके और आवश्यक चिकित्सा सहायता समय पर प्रदान की जा सके।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सर्वे कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा प्रत्येक बच्चे की स्थिति का विवरण स्वास्थ्य विभाग को नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाए।

## दवा दुकान संचालक पर पीसीआई आदेश उल्लंघन के आरोप, जांच की मांग

शहडोल।

जिले के जयसिंहनगर में संचालित जय गोपाल मेडिकल के संचालक पंकज राव पर फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) के आदेशों का उल्लंघन करने के गंभीर आरोप लगे हैं। बताया जा रहा है कि पंकज राव न तो पंजीकृत फार्मासिस्ट हैं और न ही उनके पास स्वयं का वैध ड्रग लाइसेंस है। इसके बावजूद वे दवा दुकान का संचालन कर रहे हैं, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। सूत्रों के अनुसार, पंकज राव ने वर्ष 2021 में ड्रग लाइसेंस प्राप्त किया, जबकि उन्होंने 12वीं की परीक्षा वर्ष 2022 में उत्तीर्ण की है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि जब उन्होंने बारहवीं पास भी नहीं की थी, तब उन्हें मेडिकल ड्रग लाइसेंस कैसे जारी हुआ? बताया जाता है कि उन्होंने किसी भोपाल स्थित फार्मेसी कॉलेज से घर बैठे रिजल्ट प्राप्त कर लिया और बाद में फार्मेसी काउंसिल, भोपाल में डिग्री के लिए आवेदन भी कर दिया। यह पूरा मामला जांच का विषय बन गया है।

# भाजपा नेता के रिश्तेदारों की दबंगई, पुलिस के वाहन को रोक कर पीड़ितों को पीटा

वीडियो वायरल,मुकदमा दर्ज

**सतना।** जिले के कोलगवां थाना क्षेत्र स्थित सगमनिया इलाके से रविवार देर रात एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मारपीट के पीड़ितों को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल ले जा रही पुलिस टीम पर ही कुछ लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस की मौजूदगी में पीड़ितों को गाड़ी से उतारकर जमकर मारपीट की गई।

इस घटना से कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार,सगमनिया निवासी संदीप बंसल और शिवप्रसाद कोल के साथ उनके पड़ोसी प्रमोद सिंह अप्पू का पुराना विवाद था।बताया गया कि बीती रविवार रात प्रमोद सिंह शराब के नशे में दोनों से गाली -गलौज करने लगा। जब पीड़ितों ने विरोध किया तो प्रमोद और उसके साथियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घायल पीड़ित देर रात थाने पहुंचे,जहां पुलिस ने महिलाओं सहित सभी को एमएलसी के लिए जिला अस्पताल रवाना किया।

### पुलिस वाहन का रोका रास्ता

सोमवार रात 12:30 बजे,जब पुलिस वाहन सिमरिया चौक के पास पहुंचा,तभी भाजपा नेता धर्मेंद्र सिंह बराज के भाई कल्लू सिंह अपने दर्जन भर से अधिक साथियों के साथ वहां पहुंच गया।आरोप है कि उन्होंने पुलिस की गाड़ी का रास्ता रोक लिया,पुलिसकर्मियों से बदसलूकी की और पीड़ितों को गाड़ी से उतरवाकर बेरहमी से पीटा। घटना के बाद पुलिस ने पीड़ितों को दोबारा थाने लाकर सुरक्षा में रखा और करीब रात 3 बजे सशस्त्र बल की मौजूदगी में उन्हें जिला अस्पताल लेकर गई। बताया गया कि मुख्य आरोपी प्रमोद सिंह अप्पू भाजपा नेता धर्मेंद्र सिंह बराज का भतीजा है। यह घटना अपराधियों के बढ़े हुए हौसलों को दर्शाती है। सवाल यह है कि जब पुलिस की मौजूदगी में ही इस तरह की गुंडागर्दी हो सकती है,तो आम नागरिकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। फिलहाल कोलगवां थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही कर रही है।

## चलती ट्रेन से गिरा यात्री, बाल-बाल बची जान

**कटनी।** साउथ कटनी रेलवे स्टेशन में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गाड़ी संख्या 12121 संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, जो जबलपुर से कटनी की ओर जा रही थी, उसमें यात्रा कर रहे एक युवक का पैर पानी लेने के लिए उतरते समय फिसल गया। युवक चलती ट्रेन से नीचे गिर पड़ा जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घटना को देखकर यात्रियों ने तत्परता दिखाते हुए चेन पुलिंग कर ट्रेन को रुकवा दिया। घायल यात्री को तत्काल ट्रेन में बैठाकर कटनी स्टेशन लाया गया, जहाँ से उसे हॉस्पिटल में उपचार के लिए भेजा गया। रेल प्रशासन ने मामले की जानकारी प्राप्त कर आगे की जांच प्रारंभ कर दी है।

## पुलिस द्वारा जब्त मादक पदार्थों का हुआ विनष्टीकरण



पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत जब्त किए गए मादक पदार्थों का विधिवत विनष्टीकरण (डिस्ट्रक्शन) किया गया। पिछले कई महीनों के दौरान जिले में विभिन्न थाना क्षेत्रों में मादक पदार्थों की बड़ी मात्रा जब्त की गई थी, जिनका न्यायालय के आदेशानुसार नष्टिकरण किया गया। विनष्टीकरण की यह कार्रवाई जे.के. सीमेंट लिमिटेड, अमानगंज, जिला पन्ना के सीमेंट संयंत्र की भट्टी के भीतर की गई। भट्टी के अंदर उच्च तापमान पर एक-एक करके मादक पदार्थों को जलाकर नष्ट किया गया। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी एवं दस्तावेजीकरण भी कराया गया ताकि पारदर्शिता बनी रहे। इस दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज अतुल सिंह, पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक जबलपुर संपत उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (क्राइम) जितेंद्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक कटनी उमराव सिंह तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गैंग रेप के दोषियों को 20 वर्ष का सश्रम कारावास और जुर्माना, अपर सत्र न्यायालय ने सुनाया अहम फैसला

**रीवा । गैंगरेप के आरोपियों को दोषी करार देते हुए न्यायालय ने सश्रम कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना जमा न करने पर दोषियों को 6 माह अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 28 दिसंबर 2024 को पौड़ित महिला मजदूरी की तलाश में अस्पताल चौराहा आई थी, जिसको दो आरोपी काम के बहाने अपने साथ ले गए। आरोपी सिटी कोतवाली थाने के पांडेन टोला स्कूल के पीछे मैदान की झाड़ियों में ले गए, जहां धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घर जाकर पति को घटना की जानकारी दी। उसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।**



पुलिस ने मामला दर्ज कर 300 सीसीटीवी कैमरे चेक किए, आरोपियों की पहचान धर्मराज बंसल उर्फ धर्म पिता रमेश बंसल (25) निवासी नया तालाब गुढ़ चौराहा थाना सिटी कोतवाली और अभिषेक पिता राजेन्द्र हरिजन (33) निवासी गड़रिया मोहल्ला थाना सिटी कोतवाली के रूप में की। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसे चिहिनत अपराध में शामिल किया गया और तत्कालीन थाना प्रभारी अरविंद राठौर व उपनिरीक्षक सुशीला साकेत ने विवेचना कर 50 दिन में चालान सुनवाई के लिए न्यायालय में पेश कर दिया। 17वें अपर सत्र न्यायाधीश अनु सिंह के न्यायालय में मामले की सुनवाई हुई। अभियोजन की ओर से पैरवी विकास द्विवेदी ने की। 14 साक्षियों के न्यायालय में बयान कराए गाए। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर न्यायालय ने आरोपियों को दोषी मानते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 6-6 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई।

## सहायक राजस्व निरीक्षक रिश्वत लेते हुए धरा गया

शहडोल।

**महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के निर्देश पर भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए लोकायुक्त संभाग रीवा ने नगर पालिका परिषद धनपुरी में एक साहसिक और निर्णायक ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया। उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज सिंह के मार्गदर्शन में और पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार पाटीदार के निर्देशन में आयोजित इस कार्रवाई में आरोपी सहायक राजस्व निरीक्षक इंद्र बहादुर सिंह को 3000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया।**

### शिकायत पर हुई कार्रवाई

यह कार्रवाई शिकायतकर्ता योगेन्द्र मेहरा पुत्र गया प्रसाद मेहरा निवासी सिद्दीकी कॉलोनी धनपुरी की शिकायत पर आधारित थी। शिकायत में उल्लेख किया गया था कि उनके पिता द्वारा सिद्दीकी कॉलोनी में बन रहे मकान के निर्माण कार्य को आरोपी ने रोक रखा था और काम चालू करने की अनुमति देने के लिए 5000 रुपए की रिश्वत की मांग की थी। पहले ही आरोपी ने 2000 रुपए ले लिए थे, जबकि शेष 3000 रुपए की राशि आज मांगने पर ट्रैप कार्यवाही की योजना बनाई गई।

### सटीक और तकनीकी ट्रैप योजना

शिकायत मिलने के तुरंत बाद लोकायुक्त रीवा के पुलिस अधीक्षक द्वारा सत्यापन कर कार्रवाई की योजना तैयार की गई। जांच के दौरान स्पष्ट हो गया कि आरोपी ने शिकायतकर्ता से शेष 3,000 रुपए की रिश्वत की मांग की। इसके बाद 13 अक्टूबर 2025 को ट्रैप दल ने आरोपी को उसके कार्यालय में रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। इस कार्रवाई में टीम की तैयारी, तकनीकी कौशल और पूर्ण गुप्त निगरानी ने इसे सफलता की मिसाल बना दिया।

### टीम और कार्यवाही का विवरण

ट्रैप कार्यवाही का नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार ने किया। ट्रैप दल में निरीक्षक संदीप सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक सुरेश कुमार, मुकेश मिश्रा, पवन पाण्डेय, आरक्षक शाहिद खान और शिवेंद्र मिश्रा शामिल रहे। टीम ने पूरी सतर्कता और गुप्त रणनीति के साथ आरोपी को रिश्वत लेते हुए पकड़ कर अपराध को दर्ज किया।

### कानूनी कार्रवाई और प्रभाव

आरोपी इंद्र बहादुर सिंह पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधन अधिनियम 2018) की धारा 7 के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया है। लोकायुक्त कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की कार्रवाई का मकसद सरकारी अधिकारियों में डर पैदा करना और जनता के प्रति जिम्मेदारी सुनिश्चित करना है। यह कार्रवाई प्रशासनिक भ्रष्टाचार पर कड़ा संदेश है और इसे भविष्य में निवारण के लिए एक मिसाल माना जा रहा है। लोकायुक्त रीवा की यह कार्रवाई यह दिखाती है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। अधिकारियों को चेतावनी दी गई है कि जनता के अधिकारों और सरकारी कार्यों में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही यह कदम आम जनता में विश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूत करेगा। धनपुरी में सहायक राजस्व निरीक्षक द्वारा रिश्वत लेने की यह ट्रैप कार्रवाई लोकायुक्त रीवा की भ्रष्टाचार के खिलाफ निरंतर लड़ाई की चमकदार मिसाल है।

## एनडीआरएफ ने टीपर सहित चालक अनिल कुशवाहा को ट्रेस किया

**शहडोल।** जिले के अमलाई ओपनकास्ट खानों में तीन दिन पहले हुए हादसे में राहत की बड़ी खबर मिली है। हादसे के तीसरे दिन एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की संयुक्त टीमों ने मिट्टी और पानी में धंसे टीपर का सटीक स्थान ट्रेस कर लिया है। राहत की बात यह है कि वाहन के अंदर लापता चालक अनिल कुशवाहा का भी पता चल गया है। रेस्क्यू टीम अब सावधानीपूर्वक मलबा हटाने की तैयारी कर रही है, ताकि जल्द से जल्द वाहन और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। गौरतलब है कि रविवार को अमलाई खदान में मिट्टी खिसकने से बड़ा हादसा हुआ। यह घटना उस समय हुई जब छत्तीसगढ़ की आर.के.टी.सी. कंपनी द्वारा ओवरबर्डन हटाने का कार्य किया जा रहा था। अचानक भारी मात्रा में मिट्टी और पानी नीचे आ गया, जिससे कई कर्मचारी मलबे में दब गए। चार में से दो कर्मचारियों ने किसी तरह अपनी जान बचाई।

ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम अतरसुमा में लाश मिलने से सनसनी, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

# रात में टहलने निकला प्रौढ़, सुबह खेत में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा थाना की सिलौड़ी चौकी के ग्राम अतरसूमा में रविवार की सुबह एक प्रौढ़ व्यक्ति का शव खेत में पेड़ के नीचे संदिग्ध अवस्था में मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान ग्राम निवासी मुकेश पिता मचलेश्वर चनपुरिया (45 वर्ष) के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि मुकेश शनिवार देर रात भोजन के बाद टहलने निकले थे, लेकिन फिर घर वापस नहीं लौटे। रविवार सुबह जब ग्रामीणों ने खेत की ओर जाते समय एक शव देखा, तो पास जाकर देखा कि वह मुकेश हैं। सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते घटना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए।



जानकारी के अनुसार मृतक मुकेश चनपुरिया रोजाना की तरह शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे घर से टहलने के लिए निकले थे। परिजनों के अनुसार, वे आमतौर पर आधे घंटे में लौट आते थे, लेकिन उस रात देर तक नहीं लौटे। परिवार ने पहले सोचा कि शायद वह किसी रिश्तेदार के यहाँ या परिचित से मिलने चले गए होंगे, मगर सुबह होते-होते जब घर से कुछ दूरी पर स्थित खेत के पास लोगों ने आम के पेड़ के नीचे उनका शव देखा, तो सबके पैरों तले ज़मीन खिसक गई।ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना सिलौड़ी चौकी पुलिस और ढीमरखेड़ा थाना पुलिस को दी। थोड़ी ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके को चारों ओर से घेर लिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को शव के पास से कोई संघर्ष या झगड़े के स्पष्ट निशान नहीं मिले, लेकिन मृतक के पैर की उंगलियों पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे घटना का स्वरूप संदिग्ध माना जा रहा है।

### पुलिस ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड को मौके पर बुलाया। टीमों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और विभिन्न कोणों से सबूत एकत्र किए। शव के पास मिट्टी के नमूने, पैरों के निशान और कुछ अन्य वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि ₹घटना प्रथम दृष्टया संदिग्ध लग रही है। शव के पास किसी तरह के संघर्ष या झगड़े के स्पष्ट प्रमाण नहीं मिले हैं, लेकिन मृतक के पैर में चोट के निशान और आसपास के हालात यह संकेत देते हैं कि मामला सामान्य नहीं है। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

मृतक मुकेश के परिजनों ने कहा है कि यह सामान्य मौत नहीं है। उनका कहना है कि मुकेश का किसी से कोई झगड़ा नहीं था, लेकिन हाल के दिनों में कुछ लोगों से उनका विवाद अवश्य हुआ था। परिवार का कहना है कि अगर मुकेश प्राकृतिक कारणों से मरे होते, तो उनके शरीर पर चोट के निशान नहीं होते। परिजनों ने पुलिस से मामले की गहराई से जांच कर हत्या की दिशा में कार्यवाही करने की मांग की है।

### गांव में दहशत का माहौल

घटना की खबर फैलते ही अतरसूमा ग्राम में शोक और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। लोग यह विश्वास नहीं कर पा रहे कि शांत स्वभाव के मुकेश की इतनी रहस्यमय तरीके से मौत हो सकती है।

ग्रामीणों का कहना है कि मुकेश मेहनती, मिलनसार और सबके चहेते व्यक्ति थे। वे अपने खेतों में काफी समय बिताते थे और गांव के सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय रहते थे। एक ग्रामीण ने बताया, "रात को तो उन्हें टहलते हुए देखा था। वे हमेशा मुस्कुराते हुए बातें करते थे। सुबह जब पता चला कि वे नहीं रहे, तो पूरा गांव स्तब्ध रह गया।

### डॉग स्क्वॉड ने खेत से ली गंध, कुछ दूरी तक किया सर्च

मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए बुलाए गए डॉग स्क्वॉड ने शव से गंध लेकर खेत के किनारे तक सर्च किया। कुत्ता कुछ दूर तक गया और फिर सड़क के किनारे पहुंचकर रुक गया। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि संभवतः मृतक को खेत तक किसी वाहन से लाया गया हो या फिर घटना के बाद कोई व्यक्ति वहां से भागा हो। पुलिस इन सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है।

## रील बनाने के चक्कर में 14 वर्षीय बालक की मौत, 36 घंटे से लापता



**शहडोल।** रील बनाने का शौक कभी-कभी जानलेवा साबित हो सकता है। जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवलपुर स्थित सोन नदी में रील बनाने के दौरान 14 वर्षीय बालक की मौत हो गई। बुढ़ार थाना क्षेत्र निवासी अंश अपने दोस्तों के साथ नदी किनारे घूमने आया था। इसी दौरान सभी दोस्तों ने मिलकर कपड़ों की रस्सी तैयार की और नदी के तेज बहाव में उतरकर रील बनाने लगे। इसी बीच अंश का हाथ रस्सी से छूट गया और वह तेज बहाव में बह गया। उसके दोस्त देखते रह गए, लेकिन कोई उसे बचा नहीं सका। घटना का चार सेकंड का वीडियो बालक के दोस्तों के मोबाइल में कैद हुआ है, जो अब पुलिस के पास है। हादसा दो दिन पहले हुआ था, लेकिन 36 घंटे बीत जाने के बाद भी अंश का पता नहीं चल पाया है। थाना प्रभारी सोहागपुर भूपेंद्र मणि पांडे ने बताया कि सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। एसडीआरएफ प्रभारी उप निरीक्षक कोमल सिंह ने बताया कि नदी में तेज बहाव के कारण सर्च अभियान में कठिनाई आ रही है। अब तक लगभग 30 किलोमीटर क्षेत्र में तलाशी ली जा चुकी है, लेकिन सफलता नहीं मिली है। टीम लगातार खोजबीन में जुटी हुई है।

# भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के जिला स्तरीय द्वितीय सोपान जाँच शिविर में विद्यार्थियों को मिला बहुआयामी प्रशिक्षण

## पाँच दिवसीय शिविर में विद्यार्थियों ने सीखे नेतृत्व, अनुशासन व सेवा के गुण





**जबलपुर।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, जिला संघ जबलपुर द्वारा अपने वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत 9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2025 तक द रॉयल हैरिटेज पब्लिक स्कूल, समाधि रोड में जिला स्तरीय द्वितीय सोपान जाँच शिविर का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया।

इस पाँच दिवसीय शिविर में जबलपुर जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए स्काउट्स एवं गाइड्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को प्रार्थना एवं अनुशासन, पायनिरिंग कला, द्वितीय सोपान की गांठें, प्राथमिक चिकित्सा, स्काउट-गाइड नियम आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इन गतिविधियों से बच्चों के नेतृत्व कौशल, आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को नई दिशा मिली। मुख्य अतिथि के रूप में रिकुंज विज, अध्यक्ष, नगर निगम जबलपुर एवं अध्यक्ष, जिला संघ उपस्थित रहे। साथ ही डॉ. तनुश्री सिंह (संचालक, द रॉयल हैरिटेज पब्लिक स्कूल), अजय तिवारी (संरक्षक), डॉ. विजयकांत तिवारी (जिला मुख्य आयुक्त), अमिता चौधरी (संयुक्त सचिव), देवेंद्र कुमार भट्ट (जिला हेड क्वार्टर कमिश्नर), बेला सिंह (ए.एल.टी. गाइड), अनुरोध पटेरिया (यूनिट हेड, हरिभूमि), सोहन सिंह (समाजसेवी) सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।


शिविर का सफल संचालन मंत्रों इक्का (ए.एल.टी. गाइड) द्वारा किया गया। सहयोगी दल में श्रीमती प्रतिभा दुबे, श्रीमती अंजना वर्मा, सुरेंद्र चौधरी, रूपेश भुसारी, डॉ. सत्यम मिश्रा, शुभम सिंह एवं अंकित दाहिया ने अहम भूमिका निभाई। इस शिविर ने प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर नागरिक बनने की प्रेरणा दी और स्काउट गाइड आन्दोलन को और भी सशक्त किया।



## सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, गुप्तेश्वर जबलपुर का पहला विद्यालय जिसने प्रारंभ किया स्टूडेंट इंटर्नशिप प्रोग्राम

**जबलपुर।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, गुप्तेश्वर को यह गर्व है कि वह जबलपुर का पहला विद्यालय बना है जिसने स्टूडेंट इंटर्नशिप प्रोग्राम की शुरुआत की है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा के बाहर वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोड़ना और व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करना है। इस नवाचारपूर्ण कार्यक्रम के अंतर्गत प्राइमरी एंड सेकेंडरी कक्षा के विद्यार्थियों ने 9 अक्टूबर 2025 को मॉडल साइंस कॉलेज, जबलपुर का शैक्षणिक दौरा किया। इस दौरे के दौरान विद्यार्थियों ने प्राणियों एवं प्रजातियों के संग्रहालय का अवलोकन किया, जहाँ उन्होंने विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में विज्ञान की अद्भुत जानकारियाँ प्राप्त कीं। इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों ने प्राणि वर्गीकरण जैव विविधता, जीवाश्म निर्माण तथा खनिजों की पहचान जैसे विषयों पर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने यह भी सीखा कि प्राकृतिक इतिहास और वैज्ञानिक अभिलेखों को संरक्षित रखना क्यों आवश्यक है। कॉलेज के प्राध्यापकों द्वारा संचालित इन सत्रों ने विद्यार्थियों को जीवविज्ञानभूविज्ञान और पर्यावरण विज्ञान की विभिन्न शाखाओं की गहन समझ प्रदान की। यह कार्यक्रम डॉ. सुनीता शर्मा, मनुश्री मुखर्जी, अजय कुमार के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सभी विद्यार्थियों को उनकी सक्रिय भागीदारी और जिज्ञासा के सम्मान में इंटर्नशिप प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह अनोखी पहल चेयरमैन सर डॉ. ए. एफ. पिंटो की दूरदर्शी सोच और मैनेजिंग डायरेक्टर मैडम डॉ. ग्रेस पिंटो के सतत प्रोत्साहन का परिणाम है।

## आध्यात्मिक संगोष्ठी और जिन धर्म प्रभावना शिविर 22 से



**जबलपुर।** जैन धर्म के प्रमुख आयोजन में से एक, आध्यात्मिक संगोष्ठी और जिन धर्म प्रभावना शिविर का आयोजन जबलपुर में होने जा रहा है। यह आयोजन 22 से 27 अक्टूबर तक श्री महावीर स्वामी मार्ग स्थित धर्मायतन श्री 1008 महावीर स्वामी जैन मंदिर में होगा। इस आयोजन में बाल ब्रह्मचारी पंडित सुमत प्रकाश (खनियाधाना) की उपस्थिति में जैन धर्म के प्रमुख विद्वानों और धर्मावलंबियों का समागम होगा। इस अवसर पर नगर के प्रमुख विद्वान पंडित राजेंद्र कुमार, डॉ मनोज जैन, श्रेणिक जैन आदि की भी उपस्थिति रहेगी।इस आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए जैन युवा फेडरेशन के धर्मप्रचारक नितिन जैन ने बताया कि यह आयोजन जैन धर्म के प्रमुख सिद्धांतों और मूल्यों को समझने और आत्मसात करने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करेगा।

## बंग समाज ने 22वें वर्ष का विजय सम्मेलन धूमधाम से मनाया



**जबलपुर।** अधारताल सार्वजनिक पूजा समिति रविंद्र नगर बंग समाज द्वारा 22वें वर्ष का विजय सम्मेलन का आयोजन रामेश्वरम पैलेस में किया गया। आयोजन में सभी पंजीकृत सदस्य और अतिथि सदस्य की उपस्थिति रही और इसमें मार्गदर्शन रहा सुजीत लोध, सुब्रत दास, विभास मुखर्जी, प्रदीप मजूमदार, श्रीमानश, अरुण चक्रवर्ती, आर चौधरी, सोमनाथ मिस जूईता मित्रा, कुमारी रितिका कुमारी, अनुष्का, गायत्री चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

## धम्म चक्र अनुवर्तन दिवस पर सामुहिक माल्यार्पण कार्यक्रम आज

**जबलपुर।** आल इंडिया समता सैनिक दल जिला इकाई जबलपुर मप्र के तत्वावधान में आज मंगलवार को 69 वां धम्मचक्र अनुवर्तन दिवस (मुक्ति दिवस) पर डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक हाईकोर्ट जबलपुर मप्र में डॉ बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर सामुहिक माल्यार्पण कार्यक्रम सुबह 9 बजे रखा गया है। मुक्ति दिवस धम्म चक्र अनुवर्तन दिवस पर आयु अशोक शेन्डेजी राष्टीय उपाध्यक्ष AISSD बिंदुसार कापसे जिला अध्यक्ष AISSD अशोक रामटेके प्रदेश अध्यक्ष AISSD आयु दिलीप साहारे सचिव AISSD संतोष अतुलकर जी कोषाध्यक्ष AISSD डॉ संजय शेन्डे सहसचिव AISSD पंकज पाटिल, राकेश थोरात, अनिल हुमने, प्रकाश वंजारी, प्रवीण मेश्राम, सुनिता शेन्डे, आयुष्मति माया बाई वासनिक आदि ने 14अक्टुम्बर धम्म चक्र अनुवर्तन दिवस पर डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक हाईकोर्ट जबलपुर मप्र में उपस्थित रहेंगे।




## पमरे में स्वच्छता हेतु विशेष अभियान 5.0 जारी

**जबलपुर।** महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेलवे में 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता के लिए विशेष अभियान 5.0 संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रेल परिसरों में स्वच्छता को सुदृढ़ करना तथा प्रशासनिक दक्षता में सुधार लाना है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों, कार्यालयों एवं कार्यस्थलों पर स्वच्छता, ई-कचरा प्रबंधन, स्क्रैप निपटान, स्थान के अधिकतम उपयोग तथा ई-फाइलों की समीक्षा जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही अपशिष्ट से राजस्व अर्जित करने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रत्येक कार्यालय एवं स्टेशन पर स्वच्छता अभियान के लिए निर्धारित लक्ष्य तय किए गए हैं तथा स्क्रैप की मात्रा का आकलन कर उससे प्राप्त होने वाले राजस्व की गणना भी की जा रही है। ई-ऑफिस प्रणाली में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की जा रही है ताकि सभी मामलों का शीघ्र निपटारा किया जा सके। रेल प्रशासन द्वारा इस अवधि में "अपशिष्ट से संपदा" की अवधारणा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा संचालित यह विशेष अभियान स्वच्छ, हरित और जन-अनुकूल रेलवे के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम उठाए।

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की आठवीं राज्य रैली का रेलवे जीएम ने किया अवलोकन



**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय द्वारा रेलवे स्टेडियम, जबलपुर में 11 से 15 अक्टूबर तक आठवीं राज्य रैली आयोजित कि जा रही है। इस 5 दिवसीय राज्य रैली में पश्चिम मध्य रेल के तीनो मंडलों जबलपुर, भोपाल, कोटा एवं मुख्यालय से लगभग 350 स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर एवं यूनिट लीडर शामिल है। इस अवसर पर सोमवार 13 अक्टूबर 2025 को पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय द्वारा रेलवे स्टेडियम, जबलपुर में आयोजित आठवीं राज्य रैली का अवलोकन कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों ने जीएम को स्कार्फ पहनाकर सम्मानित और मार्चपास्ट से सलामी दी गई इसके पूर्व भारत स्काउट-गाइड ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। मार्च पास्ट में पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर, भोपाल, कोटा के स्काउट एवं गाइड टीम और बैंड टीम शामिल हुई। महाप्रबंधक ने आकर्षक बैंड पार्टी का प्रदर्शन, पॉयनियरिंग प्रोजेक्ट प्रतियोगिता, प्रदर्शनी, रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागियों की प्रतिभा एवं कला और कौशल की सराहना की। साथ ही भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कैंप का विधिवत अवलोकन किया। इस आठवीं राज्य रैली में अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नीरज कुमार, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य इंजीनियर आशुतोष, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, सहित मुख्यालय के मुख्य विभागाध्यक्ष और जबलपुर, भोपाल, कोटा मण्डल के वरिष्ठ अधिकारीगण भी शामिल रहे।

## खालसा महाविद्यालय में "विश्व पशु दिवस" मनाया गया

जबलपुर। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में आज "विश्व पशु दिवस" (World Animal Day) उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एस. चंडोक के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए "Save Animal, Save Nature, Save Earth" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पशुओं के प्रति संवेदनशीलता, संरक्षण एवं करुणा का संदेश अपने रचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. आर.एस. चंडोक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि- "Protecting animals is not charity, it is our responsibility. पशु संरक्षण कोई दान या उपकार नहीं है, बल्कि यह हमारे मानवीय कर्तव्यों में से एक है। जब हम पशुओं के अधिकारों और जीवन का सम्मान करते हैं, तब हम वास्तव में प्रकृति और मानवता के बीच सामंजस्य स्थापित करते हैं। प्रत्येक विद्यार्थी को यह समझना चाहिए कि पशुओं के प्रति संवेदना रखना केवल नैतिक दायित्व नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।" उन्होंने आगे कहा कि पशु केवल पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा नहीं, बल्कि जीवन के चक्र में समान रूप से योगदान देने वाले

## दुबे सर्जिकल एंड डेंटल हॉस्पिटल में 'स्माइल वीक' का हुआ समापन

### अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता नसीर खान ने 'द पावर ऑफ ए स्माइल' से किया प्रेरित




**जबलपुर।** स्माइल ट्रेन इंडिया, जिसकी स्थापना 1999 में हुई थी, विकासशील देशों में स्थानीय अस्पतालों और चिकित्सा पेशेवरों के साथ मिलकर जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क क्लेफ्ट सर्जरी और व्यापक क्लेफ्ट देखभाल प्रदान करती है। अपने सतत मोडल के माध्यम से, स्माइल ट्रेन ने लाखों परिवारों के लिए उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई है, पूरे विश्व में 25 लाख और भारत में अब तक 7 लाख से अधिक क्लेफ्ट सर्जरी की है। सर्जरी के अलावा स्माइल ट्रेन क्लेफ्ट उपचार जैसे स्पीच थैरेपी द्वारा आवाज़ ठीक करना, टेढ़े मेढ़े दांतों को ठीक करना, विकृत जबड़े की सर्जरी, विकृत नाक की सर्जरी, तथा पीड़ित बच्चों और उनके परिवारों की समस्त आवश्यकताओं को पूरा करता है। 2012 से स्माइल ट्रेन के भागीदार अस्पताल के रूप में, दुबे सर्जिकल एंड डेंटल हॉस्पिटल, घमापुर रोड ने लगभग 8,000 रोगियों को निःशुल्क क्लेफ्ट उपचार सफलतापूर्वक प्रदान किया है। अस्पताल की टीम डॉ गुंजन दुबे (मैक्सिलोफेशियल सर्जन), डॉ पल्लवी दुबे, डॉ श्याम बोस और डॉ राजेश मिश्रा और उनकी टीम द्वारा इस प्रकार के मरीजों का मुफ्त इलाज किया जा रहा है।

11 अक्टूबर 2025 को, अस्पताल ने स्माइल वीक समापन समारोह का आयोजन किया, जिसमें अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता, लेखक और न्यूरो कोडिंग के निर्माता नसीर खान द्वारा 'द पावर ऑफ ए स्माइल' शीर्षक से प्रेरक मुख्य सत्र प्रस्तुत किया गया। श्री खान ने बताया कि एक मुस्कान सिर्फ चेहरे की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि हमारे पूरे शरीर की रासायनिक संरचना को बदलने की ताकत रखती है। जब आप मुस्कुराते हैं, तो आपके दिमाग में खुशी के रसायन डोपामाइन, सेरोटोनिन और एंडोर्फिन स्वतः जागृत हो जाते हैं। ये रसायन न सिर्फ तनाव को दूर करते हैं, बल्कि आपके अंदर एक नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करते हैं। इस सिद्धांत को व्यावहारिक रूप से समझाने के लिए उन्होंने मौके पर ही कुछ सरल लेकिन प्रभावी न्यूरो कोडिंग अभ्यास कराए, जिन्हें करते हुए बच्ची से लेकर बड़ों तक सभी के चेहरे पर हंसी और आंखों में चमक आ गई।

## आनंद विभाग की संभाग स्तरीय स्नेह संचार सभा का किया आयोजन

**जबलपुर।** शिक्षा का सृजन राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग की संभाग स्तरीय स्नेह संचार सभा का आयोजन किया गया जिसमें लखनऊ से आई प्रबोधक डॉ मनीषा शुक्ला और डॉ आलोक पाण्डे, डॉ विजयकांत तिवारी चीफ़ कमिश्नर (स्काउट गाइड), डॉ गोविंद नारायण श्रीवास्तव मास्टर ट्रेनर रीवा, संरक्षक दीप्ति ठाकुर,समन्वयक डॉ मनीषा खरे ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतिभा दुबे के द्वारा सरस्वती वंदना गाई गई। डॉ आलोक पांडे द्वारा अभ्यास सत्र का संचालन किया गया जिसमें उन्होंने मैं (जीवन) को मैं (जीवन) के द्वारा देखने का अभ्यास के तीनों स्टेप से प्रतिभागियों को गुजारा, प्रतिभागियों ने इस बात को स्वयं में देखने का अभ्यास किया। उनमें समझ बनी कि सहज और स्वभाव के अनुकूल भाव के आधार पर ही मैं संगीत व्यवस्था में रहता हूँ ,सुखी रहता हूँ। डॉ विजयकांत तिवारी ने मानवीय मूल्यों की शिक्षा पर बल दिया और परिवार मे रिश्तों को महत्ता को समझने हेतु

## बच्चों में नैतिक शिक्षा का विकास होगा सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों के द्वारा



प्रेरित किया। बीएल मिश्रा शास. मनोविज्ञान एवं संदर्शन महाविद्यालय, जबलपुर ने कहा कि सभी प्रकार की आध्यात्मिक किताबें पढ़ने से अच्छे संस्कारों को विकसित किया जा सकता है। मनीषा खरे, सुनीता शर्मा, रमेश नापित ने विद्यालय में UHV सेल का गठन, आगामी कॉन्फ्रेंस/सम्मेलन का आयोजन, सदस्यों का पारिवारिक परिचय एवं प्राइवेट स्कूलों में फैकल्टी डेवलपमेंट हेतु uhv पर चर्चा की गई। भोजन उपरांत डॉ मनीषा शुक्ला दीदी ने दिसंबर माह में आयोजित होने वाले संभावित दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस/ सम्मेलन का प्रस्तावित स्वरूप रखा। जिसमें उन्होंने प्रतिभागी के रूप में शिक्षक, विद्यार्थी, प्रिंसिपल, अभिभावक, शिक्षा विभाग के अधिकारी, आरएएस/ यूएचवी को सम्मिलित करने का प्रस्ताव रखा। लगभग 100 लोगों के साथ वृहद स्तर पर इस कार्य को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसे मॉडल बनाने की बात कही गई। अल्पना श्रीवास्तव, सुनीता शर्मा, रमेश नापित, बरखा राजपूत, एस कोरी ने अपने यूएचवी के अनुभव साझा किए। शास उ मा वि ब्यौहारबाग की प्राचार्य मंजूषा श्रीवास्तव ने समाज के हित हेतु इस सफल कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी। दीप्ति ठाकुर संरक्षक यूएचवी आनंद विभाग के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## नागरिक अधिकार मंच ने लगाया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर



**जबलपुर।** नागरिक अधिकार मंच द्वारा सेंटर फॉर साइट नेत्र हॉस्पिटल के सहयोग से स्थानीय भड़पुरा आधारताल, नेताजी सुभाषचंद्र वार्ड 42 में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 70 महिला-पुरुष ने अपना नेत्र परीक्षण कराया, कार्यक्रम में उपस्थित पार्षद महेश राजपूत ने संस्था के कार्य की प्रशंसा की और इस तरह के कार्य के लिए सभी तरह की मदद का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में संस्था से पूजा भुर्रक, विकास खोब्रागढ़े, अंजलीना सालोमन, शुभम चौधरी, गायत्री साहू एवं सेंटर फॉर साइट नेत्र हॉस्पिटल की डॉक्टर्स की टीम और स्थानीय प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

## शासकीय मनोविज्ञान व संदर्शन महाविद्यालय में पूर्व छात्रों का मिलन समारोह संपन्न

**जबलपुर।** प्रदेश के एकमात्र व्यावहारिक मनोविज्ञान की शिक्षा हेतु स्थापित शासकीय शिक्षा मनोविज्ञान एवं संदर्शन महाविद्यालय जबलपुर के सभाकक्ष में 11 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व छात्रों का मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें देश एवं समाज उत्थान में मनोविज्ञान के महत्व की चर्चा की गई। कार्यक्रम में शिक्षकों का सम्मान शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं विशिष्ट सम्मान पत्र देकर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गुरु वंदना, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत संगीत एवं स्वरुचि भोज रहा। आयोजन में डॉ. प्रशांत मिश्रा, एड. मृदुल त्रिपाठी, डॉ. सुरेश कुशवाहा, उषा अरिहा, भारत भूषण मिश्रा, हेमंत यादव, अनुराधा अग्रवाल, सत्येन्द्र पटेल, आलोक साहू, रचना सिंह, मंजरी साबू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## इंटक ने दैवेभो की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ (इंटक) के प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ दिलीप सेन एवं समस्त संगठनों ने दैवेभो कर्मियों की समस्याओं को लेकर 13 अक्टूबर को संयुक्त रूप से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर दिलीप सेन, प्रवीण कुमार सोनी, प्रदीप पटेल, रजनीश पटेल, रज्जन कनोजिया, बबलू केवट, कमलेश तिवारी, प्रशांत केवट सहित अन्य उपस्थित रहे।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/141
दिनांक:- 13/10/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दिलीप कुमार जुरयानी पिता स्व. श्री अन्शी राम जुरयानी ने मकान नं. 191 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 111 व. फु., मैजनाइन 100 व.फु. शपथपत्र/विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/140
दिनांक:- 13/10/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि डॉ. अरविंद प्रसाद मोहन्ती पिता श्री अभय चरण मोहन्ती ने मकान नं. 761 जी एफ दु. नं. 4 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 398 व. फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/139
दिनांक:- 13/10/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वासंती खेरडीकर पति स्व. श्री सुनील खेरडीकर, अभिनव सुनील खेरडीकर एवं सिद्धार्थ सुनील खेरडीकर दोनों के पिता स्व. श्री सुनील खेरडीकर ने मकान नं. 305/D-11 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 650 व. फु., प्रथम तल 600 व. फु. शपथपत्र/मृत्यू प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/138
दिनांक:- 09/10/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री स. करन सिंह खनूजा (2) श्री स. कुनाल सिंह खनूजा दोनों के पिता श्री स. सुखबीर सिंह खनूजा ने मकान नं. 780/1 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 2530 व. फु., प्रथम तल 1900 व. फु., द्वितीय तल 1900 व. फु., तृतीय तल 1931 व. फु. मृत्यू प्रमाण पत्र/वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# एलन टैलेंटेक्स में 1.70 लाख से अधिक स्टूडेंट्स हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज, कोटा।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से देश की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए आयोजित की जाने वाली एलन टैलेंटेक्स परीक्षा के 12वें संस्करण की ऑफलाइन परीक्षा का दूसरा चरण रविवार 12 अक्टूबर को हुआ। इस चरण में 25 राज्यों व 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 446 शहरों के 726 केन्द्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 1.70 लाख से अधिक स्टूडेंट्स शामिल हुए। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के वाइस प्रसीडेंट एवं टैलेंटेक्स के नेशनल हेड पंकज अग्रवाल ने बताया कि रविवार को देश के पंजाब, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडू, मध्यप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, पुड्डुचेरी, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, आसाम, पश्चिम बंगाल, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, मणिपुर, मेघालय, बिहार, झारखंड, सिक्किम में परीक्षा हुई।

### दोनों परीक्षाओं का संयुक्त परिणाम नवंबर के पहले सप्ताह होगा जारी

अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा में अब तक करीब 18.25 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हो चुके हैं। परीक्षा ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित की गई। 5 व 12 अक्टूबर को आयोजित दोनों परीक्षाओं का संयुक्त परिणाम नवम्बर के पहले सप्ताह में जारी किया जाएगा। परिणामों में विद्यार्थियों को उनकी ऑल इंडिया रैंक व स्टेट रैंक के साथ नकद पुरस्कार व स्कॉलरशिप की घोषणा की जाएगी। परिणामों के बाद चयनित विद्यार्थियों को कैश अवार्ड तथा नियत तिथि तक एलन में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को रियायती फीस पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप का तिहरा लाभ मिल सकेगा। टैलेंटेक्स के माध्यम से एलन से जुड़ने वाले कई प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने पूर्व में आईआईटी, नीट व ओलंपियाड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ ऑल इंडिया टॉप 100 में रैंक हासिल की है।



## स्टेशन में पैरालिसिस मरीज पर मधुमक्खियों का हमला, गंभीर

**बालोद।** गुण्डरदेही रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित पेड़ में बैठे बंदरों ने मधुमक्खी के छत्ते से छेड़छाड़ कर दी। जिससे मधुमक्खियों के झुण्ड ने स्टेशन में मौजूद यात्रियों पर हमला कर दिया। इस दौरान एक लकवाग्रस्त यात्री भाग नहीं पाया और मधुमक्खियों ने लगभग 20 मिनट तक डंक मारा। युवक की हालत गंभीर बताई जाई जा रही। मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग से भानुप्रतापुर जा रही ट्रेन जब जिले के गुण्डरदेही रेल्वे स्टेशन पहुंची। उसी दौरान परिसर में बंदरों के झुण्ड ने मधुमक्खियों के छत्ते से छेड़छाड़ कर दी। जिसके बाद स्टेशन में रूके व ट्रेन मे बैठे यात्रियों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिससे यात्री अपनी जान बचाकर इधर उधर भागते दिखे। इसी दौरान ट्रेन से उतरे लकवाग्रस्त युवक तिलखैरी अरमरीकला निवासी दिलेश्वर साहू 35 वर्ष पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया।

# मध्य प्रदेश ने देखा अपना पहला ड्रोन शो, वीआईटी भोपाल ने आयोजित किया संस्कृति समागम

### प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री की छवियों के साथ रोजगार, सुशासन और औद्योगिक विकास से जुड़ी झांकियों को किया प्रदर्शित



**भोपाल।** वीआईटी भोपाल ने संस्कृति समागम का भव्य आयोजन किया। यह विशेष सांस्कृतिक संध्या, जो अपने आप में अनूठी थी, मध्य प्रदेश के पहले ड्रोन शो की साक्षी बनी। यह कार्यक्रम आवृत्ति, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, श्यामला हिल्स, भोपाल में संपन्न हुआ। इस संध्या में भारत के प्रख्यात कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें पद्म विभूषण डॉ. सोनल मानसिंह, जस्सू खान, अनन्या चक्रवर्ती और वर्षिनी शंकर शामिल रहे। इन कलाकारों ने भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत की एक आत्मीय यात्रा प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा मध्य प्रदेश का पहला ड्रोन शो, जिसमें झील के किनारे आकाश में सैकड़ों ड्रोन ने अद्भुत प्रकाश एवं समन्वित हवाई गतिविधियों के माध्यम से दर्शकों को विस्मित कर दिया। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की छवियों के साथ-साथ राज्य की प्रमुख योजनाओं जैसे रोजगार, सुशासन और औद्योगिक विकास से जुड़ी झांकियों को प्रदर्शित किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व वीआईटी समूह के संस्थापक और चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन ने किया। उनके साथ वाईस प्रेसीडेंट शंकर विश्वनाथन, ट्रस्टी रमणी बालसुंदरम, नवविवाहित दंपति असिस्टेंट वाईस प्रेसीडेंट कादंबरी एस. विश्वनाथन और डॉ. ए. श्रवण कृष्ण भी मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राज्य और देश भर से आए कई राजनैतिक, प्रशासनिक और शैक्षणिक क्षेत्रों के विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। वीआईटी भोपाल ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि वह भारत की जड़ों को संजोते हुए, उसके उज्ज्वल भविष्य को अपनाने वाले अनुभवों की रचना में अग्रणी है।

# ऑस्ट्राहिंद 2025: भारत और ऑस्ट्रेलिया की सेनाओं ने रेगिस्तान में शुरु किया युद्धाभ्यास

### भारतीय सेना का 120 सदस्यीय दल ऑस्ट्रेलिया पहुंचा, भव्य स्वागत हुआ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा सहयोग को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय सेना का 120 सदस्यीय दल ऑस्ट्रेलिया पहुंचा। भारतीय उच्चायोग, ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय सेना के इन जवानों का गर्मजोशी से स्वागत किया। भारतीय सेना के इस दल सोमवार से संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद 2025' प्रारंभ किया है। यह अभ्यास 26 अक्टूबर तक जारी रहेगा। बता दें कि कि बीते दिनों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया।

वहीं इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट भारत की आधिकारिक यात्रा पर थे। ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख ने यहां भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की थी। यह अभ्यास भारत और ऑस्ट्रेलिया की सेनाओं के बीच आपसी समझ, तालमेल और सग को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा और दोनों देशों के सैनिकों के बीच सौहार्द, आपसी विश्वास व मित्रता को भी और गहरा करेगा। सहयोग को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

इस द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास का आयोजन हर वर्ष बारी-बारी से दोनों देशों में किया जाता है, और इस बार इसकी मेजबानी ऑस्ट्रेलियाई सेना कर रही है। सोमवार से शुरू हुए 'ऑस्ट्राहिंद 2025' का प्रमुख लक्ष्य दोनों सेनाओं के बीच संयुक्त परिचालन क्षमता को बढ़ाना है, ताकि दोनों देश आतंकवाद-रोधी अभियानों, शांति स्थापना मिशनों तथा मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियानों में एक साथ मिलकर प्रभावी ढंग से काम कर सकें। यह अभ्यास भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ते सुरक्षा और रणनीतिक संबंधों को भी दर्शाता है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता और शांति सुनिश्चित करने के लिए दोनों देश लगातार एक-दूसरे के साथ सहयोग बढ़ा रहे हैं।

*भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी और साझा दृष्टिकोण का प्रतीक बना युद्धाभ्यास*

*इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता के लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग बढ़ा रहे दोनों देश*

### रेगिस्तान में बेहद कठिन होता है युद्धाभ्यास




*रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि 'ऑस्ट्राहिंद 2025' इस दिशा में एक और मील का पत्थर साबित होगा। भारतीय सेना दल में विभिन्न हथियारों, शाखाओं और यूनिटों के अधिकारी और जवान शामिल हैं, जो इस दौरान संयुक्त प्रशिक्षण, सामरिक अभ्यास, फील्ड ऑपरेशन ड्रिल्स तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसी गतिविधियों में भाग लेंगे। ऑस्ट्रेलिया स्थित भारतीय उच्चायोग ने इस अवसर पर कहा कि यह अभ्यास रक्षा सहयोग 'एक्सरसाइज ऑस्ट्राहिंद 2025' भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी और साझा दृष्टिकोण का प्रतीक है, जो क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सहयोग के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस युद्धाभ्यास के तहत बेहद कठिन माने जाने वाले रेगिस्तानी इलाकों से लेकर शहरी इलाकों जैसे हालात में दोनों देशों की सेनाएं विभिन्न सैन्य अभ्यासों को अंजाम देंगी। इस संयुक्त अभ्यास से दोनों सेनाओं की क्षमता और समन्वय में वृद्धि होगी तथा भविष्य में किसी भी आपदा या सुरक्षा चुनौती का सामना करने में उन्हें और सशक्त बनाएगा।*

# ग्रामीणों ने 50 हजार में की बांध मरम्मत सरपंच- सचिव बिल बना निकाले ढाई लाख

### ग्रामीणों ने की शिकायत, बलरामपुर के चित विश्रामपुर का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

गांव में सरपंच सचिव किस तरह से मनमानी कर शासकीय राशि का गबन करते हैं इसका अंदाजा इस घटना से लगाया जा सकता है। गांव में ग्रामीणों ने छोटे से बांध का मरम्मत खुद ही चंदा और श्रमदान कर करा लिया। इस मरम्मत कार्य में 50 हजार रुपए खर्च हुए। इस बात की जानकारी जब सरपंच सचिव को हुई तो उन्होंने इंजीनियर से बांध का प्राकलन तैयार कर ढाई लाख रुपए निकाल लिया। अब गांव के युवाओं और उप सरपंच ने घटना की शिकायत करते हुए मामले में जांच की मांग की है। एसडीएम ने इस मामले की जांच के निर्देश भी दे दिए है। बलरामपुर जिले के विकासखंड अंतर्गत ग्राम चित विश्रामपुर में पहाड़ी नाला पर एक बांध बना हुआ है। उक्त बांध जुलाई अगस्त माह में ही क्षतिग्रस्त हुआ था और नाले का पानी खेतों में घुस रहा था। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने सरपंच सचिव से मिलकर मरम्मत की मांग की थी। लेकिन उन्होंने इसे अनसुना कर दिया था। जब पंचायत से कोई मदद नहीं मिली को गांव के उप सरपंच दारा सिंह परमार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने 50 हजार रुपए का चन्दा एकत्र किया। फिर ग्रामीणों ने खुद ही उक्त बांध की मरम्मत कर ली।

### खुद रख लिए दो लाख रुपए

ग्रामीणों का आरोप है कि बांध मरम्मत के बाद सरपंच, सचिव को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने एक इंजीनियर को बुलाकर बांध के कार्य का मूल्यांकन कराया और फिर ढाई लाख रुपए का प्रस्ताव बनाकर भेज दिया। इसी प्रस्ताव के आधार पर ढाई लाख रुपए की राशि पंचायत मद में आ भी गई। जब इस बात की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने इसका विरोध करते हुए ग्राम सभा की बैठक बुलाई। इस बैठक में ग्रामीणों को 50 हजार रुपए वापस कर लिया गया और बाकी रकम खुद रख लिया।

### दिए हैं जांच के निर्देश

इस मामले की जानकारी मिली है, शिकायत पर जांच के निर्देश दिए है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

अभिषेक गुप्ता
एसडीएम, बलरामपुर

# हास्टल में टाई के फंदे पर लटकी मिली 11 वर्षीय छात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

जिले के माकड़ी ब्लॉक अंतर्गत कांटागांव स्थित सरकारी गर्ल्स हॉस्टल में रविवार को उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब 11 वर्षीय छात्रा का शव टाई के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार छात्रा कक्षा पाँचवीं में अध्ययनरत थी और हॉस्टल में रहती थी। रविवार सुबह लगभग 10 बजे जब हॉस्टल स्टाफ ने छात्रओं को भोजन के लिए बुलाया, तो वह अपने कमरे से बाहर नहीं आई। जब कर्मचारी उसके कमरे में पहुँचे, तो छात्रा टाई के सहारे फंदे पर झूलती हुई मिली। घटना की सूचना पर छात्र के परिजन हॉस्टल पहुँचे और हॉस्टल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। परिजनों का कहना है कि पहले बताया गया कि छात्रा बेहोश हो गई है, बाद में उसकी मौत की जानकारी दी गई। उनका आरोप है कि समय पर सही सूचना दी जाती तो शायद छात्रा की जान बचाई जा सकती थी।

## मॉपअप राउंड में शामिल हुई नयी सीटें, एडमिशन के लिए 237 सीटें खाली

# शंकराचार्य मेडिकल कालेज की यूजी सीट में 50 का इजाफा, छग में एमबीबीएस की कुल 2330 सीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



थोड़े नंबर से चूक रहे एमबीबीएस की विद्यार्थियों को मेडिकल कालेजों में प्रवेश की थोड़ी और आस बन गई है। मॉपअप राउंड के आवेदन के दौरान भिलाई के निजी शंकराचार्य मेडिकल कालेज में यूजी की 50 सीटें बढ़ गई है। इसे मिलाकर राज्य में इस बार निजी और शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के कुल 2330 सीटों पर एडमिशन हो रहा है। मॉपअप राउंड में कुल 237 सीटों को शामिल किया गया है। वर्ष 2025-26 के शिक्षण सत्र में राज्य के सभी पांच निजी और दस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में एडमिशन हो रहा है। राज्य के दस शासकीय कालेजों में 1430 तथा निजी मेडिकल कालेजों में 900 सीटें है। मॉपअप राउंड के लिए आवेदन शुरू होने के पहले रावतपुरा सरकार निजी मेडिकल कालेज में 100 सीटें बढ़ी थी और आवेदन के अंतिम दिन के पूर्व श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज में 50 और सीटों की वृद्धि हुई है। इसके बाद राज्य में श्री बालाजी और श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज 250-250 सीटों के साथ सबसे बड़े कालेज बन गए हैं। तीसरे नंबर पर शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर हैं जहां एमबीबीएस की कुल 230 सीटें हैं। दूसरे राउंड के पहले शंकराचार्य कालेज में 50 सीट बढ़ाई गई थी और मॉपअप के पहले 50 और सीटों की बढ़ोतरी की गई है। दूसरे दौर की काउंसिलिंग के पहले बालाजी और अभिषेक मिश्रा मेमोरियल मेडिकल कालेज में भी क्रमशः 100 और 50 सीटें बढ़ाई गई थी। राज्य में एमबीबीएस की सीटें बढ़ने के बाद चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों और ज्यादा मौका मिलेगा।

### अगले साल तीन नए कालेज

राज्य में अगले साल तीन नए शासकीय मेडिकल कालेज शुरू होने की संभावना है। जांजगीर-चांपा, कबीरधाम और मनेन्द्रगढ़ में कालेज निर्माण के लिए शासन द्वारा राशि भी स्वीकृत की जा चुकी है। इन कालेजों के खुलने के बाद प्रदेश में एमबीबीएस की तीन सौ सीटें बढ़ जाएगी। केंद्र सरकार की पूर्व की योजना के मुताबिक हर जिले में एक चिकित्सा महाविद्यालय खोलने की योजनाओं पर काम किया जा रहा है। इस बार शासकीय स्तर पर मेडिकल यूजी की सीट में बढ़ोतरी नहीं हो पाई है।

### राज्य में मेडिकल कालेज और कुल सीट

**शासकीय कालेज**

| | |
|---|---|
| रायपुर | 230 |
| बिलासपुर | 150 |
| नांदगांव | 125 |
| जगदलपुर | 125 |
| अंबिकापुर | 125 |
| रायगढ़ | 100 |
| कांकेर | 125 |
| कोरबा | 125 |
| महासमुंद | 125 |
| दुर्ग | 200 |

**निजी मेडिकल कालेज**

| | |
|---|---|
| श्री बालाजी | 250 |
| श्री शंकराचार्य | 250 |
| अभिषेक मिश्रा स्मृति | 150 |
| रायपुर इंस्टी. मेडि. | 150 |
| श्री रावतपुरा सरकार | 100 |

## राशिफल

**मेष** – मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान मिलेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** – किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** – परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** – संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** – मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।

**मकर** – किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई–बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** – आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते

**मीन** – शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान–सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6018



**बाएँ से दाए**
1.असभ्यता,मूर्खता-4
3.निर्भय,बहादुर-3
5.प्याला-2
6.सहारा,शरण-3
7.मां का भाई-2
9.साठ वर्ष की अवधि-3
11.परतंत्रता,गुलामी-5
14.दानव,दैत्य-3
16.लूटपाट-4
17.वाद्य यंत्र-2
18.परछाई,छाया-2
19.आदत,स्वभाव(उर्दू-4)
23.जंगल,वन-3
24.सेंधमार-5
27.गजल लिखने वाला-3
28.मोटा आटा,सूजी-2
30.गुलिस्तां,बाग-3
31.एक ग्रह,शनिश्चर-2
32.दबाना,कुचलना-3
33.रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1.मंत्रों का पाठ-2
2.उद्देश्यहीन-4
3.अनूठा,अनोखा-3
4.लक्ष्मी,कमला-2
5.खीजना,रोना-4
6.एक पौधा,अकुवा, आकड़ा-2
8.दक्ष,होशियार-3
10.जमीकंद,एक सब्जी-3
12.धैर्य,संयम-3
13.अस्थमा-2
15.एक गायिका-3
17.वर्षा ऋतु-3
18.महोदय-3
20.पैंदा,तला-2
21.पुत्र,बेटा-3
22.अवमानना-4
23.नास्तिक (उर्दू-3)
25.करामात-4
26.प्रतिज्ञा-3
27.ठाठ-बाट-2
29.अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31.तीर,बाण-2

### शब्द पहेली - 6017 का हल



## सूडोकु नवताल - 6028

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6027 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

# सहेली





दीपावली का पर्व हम सभी के घर में खुशहाली का उजास लेकर आता है। लेकिन इस पर्व की तैयारी में घर की महिलाएं प्रायः इतना उलझ जाती हैं कि अपनी खुशी, सुख और उत्साह को बिसार देती हैं। ऐसा ना करें, घर-परिवार के साथ खुद भी इस त्योहारी खुशी, उल्लास के हर पल में शामिल हों। यकीन मानिए, इससे आपकी दीपावली और जगमगा उठेगी।

## स्त्रियां भी जीएं सुख का उजास

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

उजास की चमक में स्वयं अपने भीतर झांकने का त्योहार है दीपावली। संबंधों में अनुभूतियों की रौनक भरने वाला जश्न है यह पर्व। यह उत्सव प्रेम-स्नेह के भाव को दरकने से बचाने वाली झिलमिलाहट भी साथ लेकर आता है, मन की कहने-सुनने से हर चेहरे पर एक दमक भी उतर आती है। कुल मिलाकर यह उत्सवीय आभा अपने भीतर भी एक जगमगाहट भरने का संदेश देती है। आंगन संवारती, दीवारें पोंछती, व्यंजनों की खुशबू फैलाती और अपनों की सज-धज का ध्यान रखती स्त्रियां, त्योहारी आपा-धापी में खुद को ही भूल जाती हैं। तो सुनो सहेली, दमकती-चमकती आंगन की रंगोली और रसोईघर से आती पकवानों की महक के बीच अपने मन की कांति को सहेजना ना भूलो।



### सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक

हर उत्सव पर मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में स्त्रियां अपने परिवार के आंगन में उजास भरती हैं। यह त्योहारी रौनक घर से लेकर गली तक हर ओर फैली होती है। साफ-सफाई और सजावट से झिलमिलाते घरों की कड़ियों को जोड़ने वाली स्त्रियां ही होती हैं। ऐसे में खुद की अनदेखी ना चाहते हुए भी हो जाती है। 'यह कर लूं', 'वह निपटा लूं' और 'घर के कोने-कोने को सजा लूं' के फेर में अपनी सज-धज तो रह ही जाती है। कभी-कभी तो इस भाग-दौड़ में मन नीरसता के धुंधलेपन से घिर जाता है। लेकिन सामानों की धूल झाड़ने में स्वयं की आभा फीकी ना होने दें। अब जबकि दीपावली आने में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं तो अपनी खुद की की साज-सज्जा की तैयारियां करने पर भी ध्यान दें। दीपपर्व की उजास में आपकी सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक भी बिखरनी ही चाहिए।

### बना रहे उपस्थिति का आलोक

इस दीपावली यह सुनिश्चित करें कि आपकी उपस्थिति का आलोक भी हर ओर फैले। जब सब मेल-जोल में व्यस्त हैं। आपके अपने सब कुछ भूलकर त्योहार की खुशियों को जी रहे हैं तो आप क्यों काम में उलझी हैं? आसमान तक फैली झिलमिलाहट के बीच आप घर के भीतर क्या सहेजने में लगी हैं? आज भी बहुत सी स्त्रियों के लिए यह त्योहार तैयारियों की कभी ना खत्म होने वाली श्रृंखला भर बनकर रह जाता है। ऐसे में झिलमिल दीपों से सजे चौखट-चौबारों के बीच आपका मन व्यस्तता के जाल में न उलझे। ध्यान रहे, दीपावली के त्योहार पर मां लक्ष्मी और माता सरस्वती के पूजन का विधान है। अपने संवेदनशील हृदय में भरी ज्ञान रूपी समझ से सुखद मेलजोल जीएं। गृहलक्ष्मी के रूप में आलोकित अपने व्यक्तित्व को जिम्मेदारियां निभाने तक न समेटें। परिवार, घर-द्वार को संभालने के साथ-साथ दीपावली के दीयों की टिमटिमाती मुस्कान के बीच आपकी उपस्थिति की चमक भी जरूरी है।



### साझेपन की दमक जरूरी

आप होम मेकर हों या वर्किंग वुमेन, त्योहार की तैयारी में सबका साथ लीजिए। परिवार को उत्सव मनाने में ही नहीं उत्सवीय तैयारियों में भी साथ रखिए। त्योहार के दिन आस-पड़ोस या मित्रों-सगे-संबंधियों के यहां सबके साथ आप भी मिलने जाइए। याद रहे, आपसी मेल-जोल और रिश्तों की रौनक से जुड़ा दीपावली का पर्व खुद को पीछे रखने के बजाय सहज रूप मन की ऊर्जा जुटा लेने का उत्सव है। इसके लिए स्त्रियां अपनों की सहायता लेने में संकोच ना करें। अपने जीवन में साझेपन की चमक भरने का प्रयास करें, ताकि यह जज्बाती दमक जिम्मेदारियों के मोर्चे पर भी दिखे। इतना भर करने से सबकी इच्छाओं और खुशियों का ध्यान रखते हुए आप अपने लिए भी समय निकाल सकेंगी। घर के आंगन में ही नहीं, अंतर्मन में भी इस त्योहार की जगमग को महसूस करेंगी। a

### अपनों की अहम भूमिका

**गृहलक्ष्मी की** भाग-दौड़ को समझने का प्रयास अपनों को भी करना चाहिए। झिलमिलाते घर-आंगन में हंसते-मुस्कुराते हुए सब कुछ संभालने वाली परिवार की महिलाओं को बच्चे, बुजुर्ग और जीवनसाथी सभी सहयोग करें। उनको मन से सम्मान दें। याद दिलाएं कि पहनने के लिए उनकी पसंद के पारंपरिक परिधानों की तैयारी भी उन्हें ही करनी है। मिठाइयों की सूची थोड़ी छोटी रही तो भी चलेगा। 'बहू तुम भी सबके साथ बैठो' भर कहकर बुजुर्ग कई दिनों की भाग-दौड़ से फीके पड़े चेहरे की चमक लौटा सकते हैं। 'मम्मा हमारे साथ-साथ आप भी अच्छे से तैयार हो जाओ ना!' जैसे शब्द दीपावली की तैयारियों में जुटी मां को मुस्कुराहट की चमक दे सकता है। 'गृहलक्ष्मी की सज-धज बिना कैसा त्योहार' कहने वाले जीवनसाथी की अनुभूतियों से मिली आभा मन को नई दमक दे जाती है। अपनों का यह साथ-स्नेह घर की महिलाओं के लिए इस पर्व की रौनक और बढ़ा देगा। असल में बड़ों-छोटों की यह ज्योतिर्मय सोच स्त्रियों को कई उलझनों से बचा लेती है। दीपावली का त्योहार एक-दूजे के साथ खुशियां बांटने की परंपरा है। उत्सव के वास्तविक मायने तो तभी हैं, जब घर का हर सदस्य इस रीत की रौनक को जीए।



## सुख-शांति-समृद्धि के लिए दीपावली से पहले
## घर से निकालें नकारात्मक ऊर्जा

हर कोई चाहता है कि उसके घर में सुख, शांति बनी रहे और समृद्धि आए। इसके लिए दीपावली एक अच्छा अवसर है। आप वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ बातों को ध्यान रखकर अपने घर में सुख, शांति के साथ समृद्धि ला सकती हैं।

वास्तु
निकिता चौहान



जब दीपावली जैसा बड़ा पर्व आता है, परिवार में उत्सवी माहौल हो जाता है, मन उमंग-तरंग से भर उठता है। लेकिन दीपावली की खुशियों में कोई बाधा ना आए, त्योहार खुशी के साथ मनाया जा सके, इसके लिए जरूरी है कि आप वास्तु शास्त्र के अनुसार घर से नकारात्मक ऊर्जा को निकालें। भारतीय वैदिक वास्तु हमारे पारंपरिक ज्ञान से जुड़ा है, जो हमें अपने घर और कार्यस्थल पर पांच मूल प्राकृतिक तत्वों के सामंजस्य से एक सुगमता स्थापित करने में सहायता करता है। वैदिक वास्तु इन पंच तत्वों को उनकी दिशा के अनुसार घर में संयोजित करने की सलाह देता है। दीपावली में हमें वैदिक वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ विशेष उपाय अपनाने चाहिए, जिससे घर की नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाएगी और हमारा स्वास्थ्य सही रहेगा, घर में सुख- शांति रहेगी, समृद्धि भी आएगी। ये विशेष उपाय कौन से हैं, जानें-

**घर के केंद्र को साफ रखें:** दीपावली में सर्वप्रथम अपने घर के केंद्र, जिसे ब्रह्मस्थान कहा जाता है, को साफ-सुथरा बनाएं। वहां बहुत ज्यादा सामान ना हो। इससे घर में ऊर्जा का प्रवाह सही और सुचारु ढंग से होगा।



**मिट्टी का दीपक जलाएं:** मिट्टी के दीये में गाय के घी से दीपक प्रज्वलित करें। गाय के घी को शुभ और पवित्र ऊर्जा का कारक माना जाता है। इसके अलावा तिल के तेल से दिया प्रज्वलित करने से ग्रहों के दुष्प्रभाव को समाप्त किया जा सकता है। घी, तिल, अरंडी, महुआ और नीम के तेल को मिलाकर प्रज्वलित दीपक पंचदीपम कहलाता है। इससे घर में समृद्धि, परिवार में स्नेह बना रहता है, रोग का नाश होता है। नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव की समाप्ति होती है, साथ ही वंश वृद्धि होती है।


**चमकीले रंग का उपयोग करें:** दीपावली में हमेशा चमकीले रंग का उपयोग करना चाहिए। दीपावली से पहले या बाद में पेंटिंग और साज-सज्जा करें। इसके अलावा दीपावली में आपको अपने घर या कार्यालय के प्रवेश द्वार के पास खास साफ-सफाई करना चाहिए।

**पोंछे में समुद्री नमक डालें:** घर में पोंछा लगाते समय पानी में थोड़ा समुद्री नमक मिला दें फिर पोंछा लगाएं, इससे नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होने में मदद मिलेगी।

**नया दर्पण लगाएं:** घर में नया दर्पण लगाएं ताकि लाइट ज्यादा चमके और सकारात्मक वातावरण बने। दीपावली के अवसर पर अपने घर के द्वार पर पौधों वाला गमला रखें। पौधा एक तरह से जीवन का प्रतीक होता है, इसलिए आपके घर में सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायक रहता है।

**मंत्र जाप करें:** दीपावली के दिन खासकर घर में धार्मिक मंत्रों का उच्चारण करने वाले ऑडियो को मधुर आवाज में लगाएं। इससे अपने घर में भरपूर सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगी। परिवार में सब स्वस्थ रहेंगे। प्रेम-स्नेह भी बना रहेगा। a

**(वास्तु-ज्योतिष विशेषज्ञ डॉ. राहुल सिंह से बातचीत पर आधारित)**



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## प्रदूषण से बालों को ऐसे बचाएं

बालों का कमजोर होना, झड़ना, रूसी और उम्र से पहले बालों के सफेद होने जैसी समस्याओं को लेकर कई महिलाएं परेशान रहती हैं। कुछ घरेलू उपचार से इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आप चाहें तो बालों की इन समस्याओं के लिए मुलेठी पावडर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके बाल और भी ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे।

**डेंड्रफ के लिए:** डेंड्रफ की प्रॉब्लम दूर करने के लिए सबसे पहले कांच के जार में एक चम्मच मुलेठी पावडर, आधा चम्मच नीबू का रस और एक चम्मच शहद को अच्छी तरह मिलाएं। इस तरह तैयार पेस्ट को अपने सिर और बालों में लगा लें। आप इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण होते है, जिसके कारण यह डेंड्रफ की प्रॉब्लम को दूर करता है।



**हेयर फॉलिंग:** बाल झड़ना यानी हेयर फॉल या बाल्डनेस की प्रॉब्लम के लिए भी आप मुलेठी पावडर को अप्लाई कर सकती हैं। सबसे पहले कांच के बर्तन में एक चम्मच मुलेठी पावडर, कुछ केसर के धागे और 1 कप दूध या दही डालकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह आप अपने बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

**हेल्दी हेयर के लिए:** हेल्दी हेयर के लिए हेयर मास्क काफी इफेक्टिव माना जाता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा पका केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। बेहतर रिजल्ट के लिए हेयर मास्क को आप हर हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं। बेजान और कमजोर बालों के लिए एक कटोरे में पांच चम्मच मुलेठी पावडर, 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को अपने सिर और बालों पर अच्छी तरह लगाकर, आधे घंटे बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें, इससे आपके बालों को मजबूती मिलेगी।

**सफेद बाल:** पचास-साठ की उम्र से पहले सफेद हुए बालों की समस्या से बहुत सी युवा और मिडएज की महिलाएं परेशान रहती हैं। इस समस्या से बचाव के लिए भी मुलेठी पावडर का उपयोग काफी कारगर हो सकता है। इसके लिए मुलेठी पावडर और थोड़ी मात्रा में सरसों के तेल को मिलाकर, इसे अपने बालों पर लगा लें। यह आपके हेयर फॉल की प्रॉब्लम के साथ बालों में आई असमय सफेदी को भी कम कर सकती है। इसके लिए, दही और मुलेठी पावडर का पेस्ट भी काफी फायदेमंद साबित होता है। a

डेकोरेशन
श्रुति आयंगर

दीपावली के अवसर पर हर कोई चाहता है कि उसका घर-आंगन सबसे खूबसूरत दिखे। आप भी अपने घर को आकर्षक दिखाने के लिए तैयारियों में जुटी होंगी। हम यहां आपको कुछ ऐसे यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिससे आपका घर ऐसा दमक उठेगा कि सब तारीफ करेंगे।

## खूबसूरत-आकर्षक दिखेगा आपका आशियाना

दिवाली सिर्फ रोशनी करने, आतिशबाजी करने, तरह-तरह के व्यंजन खाने-खिलाने का त्योहार नहीं है। इस अवसर पर घर के हर कोने को सजाया भी जाता है। हम आपको घर डेकोरेट करने के कुछ आसान लेकिन अट्रैक्टिव लुक देने वाले तरीके बता रहे हैं।

**एंटीक-हैंडीक्राफ्ट आइटम्स:** ब्रास, कॉपर, सिल्वर टोन के शोपीसेस और हैंडीक्राफ्ट आइटम्स घर को रॉयल लुक देते हैं। छोटे-छोटे लैंप्स, हैंड पेंटेड ट्रे, मूर्तियां, ब्रास या कॉपर के वास, लंबे दीया स्टैंड, टेराकोटा आर्ट पीस, वुडेन क्राफ्ट, क्ले पॉट्स, मेटल वॉल हैंगिंग, पेंटेड बॉटल्स, झूमर, घंटियां और पीतल के शोपीस ये सभी घर को फेस्टिव टच देते हैं। इन्हें कॉर्नर टेबल, विंडो साइड टेबल या घर के एंट्रेंस पर साइड टेबल पर रखें तो और भी अच्छा दिखेगा।





**थीम बेस्ड डेकोरेशन:** हाल के सालों में दीपावली पर थीम बेस्ड डेकोरेशन का क्रेज भी काफी बढ़ा है। आप चाहें तो गोल्डेन थीम फॉलो कर अपने घर को रॉयल-क्लासी टच दे सकती हैं। पेस्टल थीम से घर को सॉफ्ट और ट्रेंडी लुक मिलेगा। इस ऑकेजन के लिए ट्रेडिशनल रेड-ग्रीन डेकोरेशन को भी शुभ माना जाता है। अगर आप कुछ डिफरेंट डेकोरेशन चाहती हैं तो मल्टीकलर या कोई ट्रेडिशनल थीम भी अपना सकती हैं। जो थीम आप सेलेक्ट करें उसी के अनुसार पर्दे, टेबल कवर, रनर और डेकोरेटिव आइटम्स का भी चुनाव करें।

**रि-स्टाइल करें फर्नीचर:** जरूरी नहीं कि दीपावली पर नए फर्नीचर ही खरीदे जाएं। इसकी बजाय पुराने फर्नीचर को रि-स्टाइल भी करवा सकती हैं। सोफा या चेयर को दीवार के किनारे से हटाकर सर्कल या स्क्वेयर में अरेंज कर सकती हैं। पुराने सोफे का बेस और बैक कुशन बदलें।

**लाइटिंग हो खास:** दीपावली के मौके पर हैंडमेड बाती लैंप, शेड लाइट और शैडो लाइट्स काफी पसंद की जाती हैं। ये पीसेस घर को रोशन करने के साथ-साथ स्टाइलिश और पर्सनल टच भी देती हैं। ड्राइंग रूम में डेकोरेटिव लैंप, हैंगिंग लालटेन और वॉल लैंप्स लगाकर घर को आकर्षक लुक दे सकती हैं। इंडोर प्लांट्स के आस-पास छोटे रंगीन बल्बों वाली लाइट्स लगा सकती हैं। बालकनी और लॉन के लिए फेयरी लाइट्स, स्टार प्रोजेक्टर, एलईडी स्ट्रिप और लालटेन का उपयोग करना अलग टच देगा। पूरे आंगन को जगमगाने के लिए एलईडी और सोलर लाइट्स सबसे स्मार्ट ऑप्शन हैं।



**शीशे से करें सजावट:** गोल या चौकोर आकार के छोटे शीशों के टुकड़ों को लंबी, पतली रंगीन पट्टी पर चिपकाकर दीवारों पर सजाया जा सकता है। दरवाजे पर शीशों का तोरण भी बहुत खूबसूरत लगता है।

**फूलों से सजाएं घर:** गेंदे के नकली फूलों की लड़ी, जिसमें छोटी घंटियां लगी हों, सीढ़ी की रेलिंग पर लटका सकती हैं। आप असली फूल भी लगा सकती हैं। a

**(इंटीरियर एक्सपर्ट)**



आज दोपहर 3 बजे से अटापट्टू और डिवाइन की टीमों में मुकाबला

# श्रीलंका के खिलाफ अपनी लय बरकरार रखने उतरेगा न्यूजीलैंड

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

पिछले मैच में जीत से उत्साहित पूर्व चैंपियन न्यूजीलैंड 14 अक्टूबर को जब आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के अहम मैच में सह-मेजबान श्रीलंका से भिड़ेगा तो उसकी कोशिश अपनी लय बरकरार रखना होगा। दूसरी तरफ श्रीलंका अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाया है और उसकी टीम घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी।

न्यूजीलैंड की टीम 2000 की चैंपियन है लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसे अपने पहले दो मैच में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा लेकिन इसके बाद वह बांग्लादेश को हराकर अपना अभियान पटरी पर लाने में सफल रही। न्यूजीलैंड की टीम अभी अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। उसने तीन मैचों में दो अंक हासिल किए हैं और उसका नेट रन रेट -0.245 है, जिसे वे सुधारना चाहेंगे।

### न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम में निरंतरता का अभाव

कप्तान सोफी डिवाइन ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने तीन पारियों में 86.66 की औसत से रन बनाए हैं। उनकी संयमित पारी और पांचवें नंबर की बल्लेबाज ब्रुक हॉलिडे के दमदार प्रदर्शन ने बांग्लादेश के खिलाफ टीम को जीत दिलाने में मदद की। न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है, जो उसके लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। अनुभवी सूजी बेट्स, जॉर्जिया प्लिमर और अमेलिया केर को अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में बदलने में संघर्ष करना पड़ा है, जिससे अधिकांश जिम्मेदारी डिवाइन के कंधों पर आ गई है। उन्हें अपनी लय हासिल करनी होगी और श्रीलंका के स्पिन आक्रमण के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा, विशेषकर उस पिच पर, जिसमें टर्न मिलने की उम्मीद है।



### श्रीलंका को करनी होगी जीत दर्ज

*जहां तक श्रीलंका का सवाल है तो उसे सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए अब हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। चमारी अटापट्टू की अगुवाई वाली टीम के खाते में तीन मैचों में एक अंक है, जो गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच बारिश की भेंट चढ़ने के कारण है। वह केवल पाकिस्तान से आगे सातवें स्थान पर है। श्रीलंका की टीम बल्लेबाजी में अपनी कप्तान अटापट्टू पर बहुत अधिक निर्भर है और अगर उसे जीत हासिल करनी है तो उसके अन्य बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। श्रीलंका की टीम को क्षेत्ररक्षण में भी काफी सुधार करना होगा, क्योंकि पिछले मैचों में कई कैच छूटने और खराब फील्डिंग के कारण उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा है।*

### टीम इस प्रकार

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशर्मी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, देवमी विहंगा, पिउमी वाथसाला, इनोका राणावीरा, सुगंधिका कुमारी, उदेशिका प्रबोदानी, मल्की मदारा, अचिनी कुलसुरिया।

**न्यूजीलैंड:** सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, ईडन कार्सन, फ्लोरा डेवोनशायर, इज्ज़ी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, ब्री इलिंग, पॉली इंगलिस, बेला जेम्स, मेली केर, जेस केर, रोजमेरी मैयर, जॉर्जिया प्लिमर, ली ताहुहु।

---

## खबर संक्षेप



### तेज गेंदबाजों को निशाना बनाने की रणनीति रही कामयाब

**विशाखापत्तनम।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने खुलासा किया कि उनके बल्लेबाजों ने पिच से बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी को मिल रही मदद को देखते हुए भारतीय तेज गेंदबाजों को निशाना बनाया और कहा कि मेजबान टीम के सीमित गेंदबाजी विकल्पों ने भी उनके लिए चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को हासिल करना आसान बना दिया। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को महिला वनडे विश्व कप मैच में 331 रन के रिकार्ड लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए तीन विकेट से जीत हासिल की, जिसमें हीली ने 107 गेंदों पर 142 रन की शानदार पारी खेली। हीली और अन्य ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने भारत के तेज गेंदबाजों क्रांति गौड़ और अमनजोत कौर को निशाना बनाया, जिससे भारतीय टीम प्रबंधन की पांच गेंदबाजों के साथ खेलने की रणनीति की नाकामी उजागर हो गई।

### गिल के पास शायद के लिए कोई जगह नहीं : पटेल



**नई दिल्ली।** शुभमन गिल के साथ करीब से काम करने वाले पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल को पूरा यकीन है कि इस युवा को भारतीय नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने में कोई दिक्कत नहीं होगी क्योंकि वह फैसले लेने में हिचकिचाते नहीं है। उन्होंने कहा कि फैसला लेने के मामले में गिल के पास 'शायद' का विकल्प नहीं होता है। पार्थिव पटेल ने कहा, ' गौतम (गंभीर) ने अब उनके साथ काफी समय बिताया है। मैंने उनमें (गिल) देखा है कि वह हर तरह की परिस्थितियों के लिए अच्छी तरह तैयारी करते हैं और मैंने एक सत्र में उनके फैसलों में दृढ़ता देखी है और वह जो करना चाहते हैं, उसके बारे में पूरी तरह आश्वस्त होते हैं।'

### भारतीय खिलाड़ियों के साथ टकराव से बचें: पीएचएफ



**लाहौर।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने अपनी राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को सलाह दी है कि वे मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों के साथ किसी भी तरह के टकराव से बचें और मंगलवार को मलेशिया के सुल्तान जोहोर कप के दौरान सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें। पूरी संभावना है कि भारतीय जूनियर हॉकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ मंगलवार को होने वाले मैच में अपनी क्रिकेट टीम की तरह ही रवैया अपनाएगी। पीएचएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि खिलाड़ियों को भारतीय टीम की हाथ न मिलाने की नीति के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने को कहा गया है। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों से कहा गया है कि अगर भारतीय खिलाड़ी मैच से पहले या बाद में हाथ नहीं मिलाते हैं तो उन्हें अनदेखा कर देना चाहिए और आगे बढ़ जाना चाहिए।

---

वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में बनाए 390 रन, भारत के सामने 121 रन का लक्ष्य

# 'क्लीन स्वीप' से महज 58 रन दूर टीम इंडिया, कैम्पबेल-होप ने जड़ा शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में अच्छी चुनौती पेश की लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि भारत को दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच को जीतने और श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के लिए अब केवल 58 रन की जरुरत है। वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी में 390 रन बनाकर भारत के सामने 121 रन का लक्ष्य रखा।

■ भारत ने चौथे दिन 1 विकेट पर बनाए 63 रन

भारत ने सोमवार को चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक 1 विकेट पर 63 रन बनाए हैं। दूसरी पारी में जॉन कैम्पबेल (199 गेंदों पर 115 रन) और शाई होप (214 गेंदों पर 103 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 177 रन जोड़कर संघर्ष करने का जज्बा दिखाया। लेकिन अगर मैच पांचवें दिन में चला गया तो उसका श्रेय जस्टिन ग्रीवस (नाबाद 50) और जेडन सील्स (32) को जाता है, जिन्होंने दसवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की।



### भारत की शुरुआत खराब

भारत ने 80 ओवर के बाद नई गेंद ली। इसके बाद वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों की कमजोरी खुलकर सामने आ गई। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ने तीन-तीन, मोहम्मद सिराज ने दो तथा रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने एक-एक विकेट लिया। छोटे लक्ष्य के सामने भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहली पारी में 175 रन बनाने वाले यशस्वी जायसवाल (08) का विकेट जल्दी गंवा दिया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने जोमेल वारिकन की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर आसान कैच दिया। इसके बाद केएल राहुल (नाबाद 25) और आर साईं सुदर्शन (नाबाद 30) ने कोई झटका नहीं लगने दिया, जिससे भारत ने एक और बड़ी जीत सुनिश्चित कर दी।

### सिराज ने ब्लेसिंग मुजरबनी को पछाड़ा

दिल्ली टेस्ट मैच में सिराज ने दोनों पारियों में 3 विकेट झटके। इन 3 विकेट की मदद से वो इस साल में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बने और इस साल क्रिकेट के लंबे प्रारूप में उनके विकेटों की संख्या अब 37 हो चुकी है। उन्होंने मुजरबनी को पछाड़ दिया, जिन्होंने इस साल अब तक 36 विकेट अपने नाम किए हैं। साल 2025 में सिराज ने अब तक खेले 8 टेस्ट मैचों की 15 पारियों में 37 विकेट लिए हैं, जिसमें 5 विकेट हॉल 2 बार जबकि 4 विकेट हॉल भी दो बार लेने का कमाल उन्होंने किया है। इस दौरान एक पारी में उन्होंने बेस्ट गेंदबाजी 70 रन देकर 6 विकेट रहा है। इसके अलावा दूसरे नंबर पर मौजूद मुजरबानी की बात करें तो उन्होंने 9 मैचों में 36 विकेट लिए हैं, जिसमें 3 बार 5 विकेट लेने का कमाल भी शामिल है।

### कुलदीप ने किया कमाल

साल 2025 में इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की बात करें तो वहां कुलदीप यादव ने अब तक 18 पारियों में 38 विकेट अपने नाम किए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर मौजूद सिराज ने 15 पारियों में 37 विकेट चटकाए हैं। लिस्ट में तीसरे नंबर पर वरुण चक्रवर्ती का नाम है। उन्होंने इस साल 15 पारियों में 31 विकेट लिए हैं। चौथे नंबर पर जसप्रीत बुमराह का नाम है। बुमराह ने 15 पारियों में अब तक 30 विकेट हासिल किए हैं। वहीं पांचवें नंबर पर मौजूद जडेजा ने 21 पारियों में 26 विकेट लिए हैं।

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी:518/5
वेस्टइंडीज पहली पारी: 248

| वेस्टइंडीज दूसरी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कैंपबेल पगबाधा जडेजा | 115 | 199 | 12 | 3 |
| चंद्रपॉल का गिल बो सिराज | 10 | 30 | 1 | 0 |
| अथानजे बो सुंदर | 07 | 17 | 1 | 0 |
| होप बो सिराज | 103 | 214 | 12 | 2 |
| चेज का (पडिक्कल) बो कुलदीप | 40 | 72 | 4 | 1 |
| इमलाच पगबाधा कुलदीप | 12 | 13 | 1 | 1 |
| जस्टिन ग्रीव्स नाबाद | 50 | 85 | 3 | 0 |
| पियरे का रेड्डी बो कुलदीप | 00 | 2 | 0 | 0 |
| वारिकन बो बुमराह | 03 | 6 | 0 | 0 |
| फिलिप्स का जुरेल बो बुमराह | 02 | 10 | 0 | 0 |
| सील्स का सुंदर बो बुमराह | 32 | 67 | 1 | 1 |

अतिरिक्त: 16, कुल योग: 118.5 ओवर में 390/10 रन
गेंदबाजी: सिराज 15-3-43-2, जडेजा 33-10-102-1, सुंदर 23-3-80-1, कुलदीप 29-4-104-3, बुमराह 17.5-5-44-3, जायसवाल 1-0-3-0

| भारत दूसरी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का फिलिप्स बो वारिकन | 08 | 7 | 2 | 0 |
| लोकेश राहुल नाबाद | 25 | 24 | 2 | 0 |
| सुदर्शन नाबाद | 30 | 47 | 5 | 0 |

अतिरिक्त: 00, कुल योग: 10 ओवर में 63/1 रन
गेंदबाजी: सील्स 3-0-14-0, वारिकन 7-1-15-1, पियरे 6-0-24-0, चेज 2-0-10-0

---

क्रिकेट

## रणजी ट्रॉफी के लिए बिहार के उप कप्तान बने सूर्यवंशी

एजेंसी ▶▶| पटना



आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र के पहले दो मैचों के लिए 14 वर्षीय प्रतिभाशाली बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को उपकप्तान नियुक्त किया है, जबकि सकीबुल गनी टीम के कप्तान होंगे। बिहार 15 अक्टूबर से मोइन-उल-हक स्टेडियम में प्लेट लीग सत्र के अपने पहले मैच में अरुणाचल प्रदेश से भिड़ेगा। टीम की घोषणा बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने की।

पिछले रणजी सत्र में एक भी जीत दर्ज न कर पाने के कारण बिहार प्लेट लीग में खिसक गया था। सूर्यवंशी ने 2023-24 सत्र में 12 साल की उम्र में रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया। बाद में वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अनुबंध हासिल करने वाले सबसे कम उम्र (13) के खिलाड़ी बन गए। उन्होंने भारत की अंडर-19 टीम के साथ इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का दौरा भी किया। सूर्यवंशी को आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स ने अपनी टीम में चुना था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ केवल 35 गेंद पर शतक लगाकर पुरुष क्रिकेट में टी 20 में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र (14) का विश्व रिकॉर्ड बनाया। यह आईपीएल का दूसरा सबसे तेज शतक भी था। सूर्यवंशी के बिहार के लिए पूरा सत्र खेलने की संभावना नहीं है, क्योंकि वह अगले साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले अंडर-19 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का हिस्सा बनने की दौड़ में होंगे।

---

ऑस्ट्रेलिया दौरा

## अब ऑस्ट्रेलिया जाएगी टीम इंडिया वनडे और टी-20 के होंगे मुकाबले



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद 19 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। ऑस्ट्रेलिया में टीम इंडिया को 3 मैचों की वनडे और 5 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेना है, जिसके लिए भारतीय टीम का ऐलान किया जा चुका है। ऑस्ट्रेलिया में आमतौर पर मैच की शुरुआत भारतीय समय के मुताबिक सुबह 4.30 या फिर 5.30 बजे शुरू होती है, जो भारतीय फैंस के लिए थोड़ी तकलीफ देने वाली तो जरूर होती है, लेकिन इस वनडे सीरीज या टी20 सीरीज में ऐसा नहीं होगा और इन मैचों को देखने के लिए इतनी सुबह जगने की की जरूरत नहीं होगी क्योंकि इन मैचों की शुरुआत जब तक होगी तब तक आप अपनी नींद पूरी कर चुके होंगे।

### वनडे सीरीज शेड्यूल

**पहला वनडे मैच :** 19 अक्टूबर- पर्थ- भारतीय समय अनुसार सुबह 9 बजे शुरू होगा।
**दूसरा वनडे मैच :** 23 अक्टूबर- एडिलेड- भारतीय समय अनुसार सुबह 9 बजे शुरू होगा।
**तीसरा वनडे मैच :** 25 अक्टूबर- सिडनी- भारतीय समय अनुसार सुबह 9 बजे से।

### टी20आई सीरीज शेड्यूल

**पहला टी20 मैच-** 29 अक्टूबर- कैनबरा- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।
**दूसरा टी20 मैच-** 31 अक्टूबर- मेलबर्न- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।
**तीसरा टी20 मैच-** 2 नवंबर- होबार्ट- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।
**चौथा टी20 मैच-** 6 नवंबर- गोल्ड कोस्ट- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।
**पांचवां टी20 मैच-** 8 नवंबर- ब्रिस्बेन- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।

### 9 बजे से खेले जाएंगे वनडे, 1.45 पर शुरू होगा टी-20

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत 19 अक्टूबर से होगी और ये तीनों मुकाबले भारतीय समय के मुताबिक सुबह 9 बजे से शुरू होंगे जबकि टॉस का वक्त सुबह 8.30 बजे का होगा। वहीं 5 मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत 29 अक्टूबर से होगी और टी20 मुकाबले दोपहर 1.45 बजे से होगा और इसमें टॉस का समय 1.15 बजे होगा। वनडे सीरीज में भारतीय टीम की कमान शुभमन गिल के हाथों में होगी जबकि टी20 टीम की कमान सूर्यकुमार यादव के हाथों में होगी।

### भारतीय खिलाड़ियों का शानदार आगाज


**गुवाहाटी।** अल्थाजुआला हमर और वेन्नाला के की अगुवाई में भारतीय खिलाड़ियों ने बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में अपने व्यक्तिगत अभियान की शानदार शुरुआत की। टीम चैंपियनशिप में भारत को ऐतिहासिक कांस्य पदक दिलाने में मदद करने के बाद वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ियों को शुरुआती दौर में बाई मिली है, जबकि अन्य खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में अपने अभियान का आगाज शानदार तरीके से किया। अल्थाजुआला मुकाबले में उतरने वाले पहले भारतीय थे और मिजोरम के इस खिलाड़ी ने युगांडा के डेनिस मुकासा को केवल 14 मिनट में 15-4, 15-4 से हराया। ज्ञान दत्तू टीटी ने लड़कों के एकल वर्ग में हंगरी के मिलान मेस्टरहाजी के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए 5-15, 15-7, 15-7 से जीत दर्ज की।

### जोशना ने जीता जापान ओपन का खिताब



**नई दिल्ली।** स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए योकोहामा में जापान ओपन फाइनल में मिस्र की हया अली को चार गेम में हराकर अपना 11वां पीएसए टूर खिताब जीता। विश्व की पूर्व नंबर 10 भारतीय महिला खिलाड़ी ने 15,000 अमेरिकी डॉलर इनामी चैलेंजर प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में तीसरी वरीयता प्राप्त मिस्र की खिलाड़ी को 38 मिनट में 11-5, 11-9, 6-11, 11-8 से हराया।

### एशेज सीरीज के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे कमिंस



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने स्वीकार किया है कि अगले महीने पर्थ में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एशेज सीरीज के पहले मैच में उनका खेलना संदिग्ध है। इस तेज गेंदबाज ने कहा, 'मैं इस बारे में पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकता लेकिन मैं कहूंगा कि इसकी संभावना कम से कम है। मेरे पास अभी भी थोड़ा समय है।' आस्ट्रेलियाई कप्तान पीठ की चोट के कारण तीन महीने के लिए बाहर हो गया है और अटकलें लगाई जा रही है कि उनका इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के अलावा अन्य मैचों से भी खेलना संदिग्ध है। कमिंस ने कहा कि उन्होंने शारीरिक अभ्यास शुरू कर दिया है और वह सत्र दर सत्र अच्छा महसूस कर रहे हैं।

---

आज से शुरू हो रहा डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# सत्र के पहले खिताब पर सात्विक-चिराग की नजरें

एजेंसी ▶▶| ओडेंसे

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे 950,000 डॉलर इनामी डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में देश के अभियान की अगुवाई करते हुए अपने शानदार प्रदर्शन को खिताब में बदलने की कोशिश करेंगे। इस छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी का पहला मुकाबला स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर ग्रिमली और मैथ्यू ग्रिमली से होगा।

सात्विक और चिराग इस सत्र में भारत के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन अभी तक खिताब नहीं जीत पाए हैं। उन्होंने इस सत्र में हांगकांग और चाइना मास्टर्स सुपर 750 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। इस जोड़ी ने पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक भी जीता और कई अन्य टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई।



### शेट्टी पहले दौर में फ्रांस के पोपोव से भिड़ेंगे

पुरुष एकल में विश्व के 28वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी और विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज लक्ष्य सेन का सामना आयरलैंड के नहत गुयेन से होगा। महिला एकल में युवा अनमोल खरब का सामना अपने पहले मुकाबले में इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा। पुरुष युगल में पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक का सामना पहले दौर में चीनी ताइपे के लियू कुआंग हेंग और यांग पो हान से होगा।

### सेल्वम और सिमरन का मुकाबला गैब्रिएला और स्टेफनी से

महिला युगल में रुतपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा का मुकाबला स्कॉटलैंड की जूली मैकफर्सन और सियारा टोरेंस से, जबकि कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी का बुल्गारिया की गैब्रिएला और स्टेफनी स्टोएवा से होगा। मिश्रित युगल में मोहित और लक्षिता जगलान, रोहन कपूर और रुथविका शिवानी तथा ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ियां अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगी।




इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक
HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs

कैश बोनस ₹3 500*

विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3 200~ तक

प्रतिदिन EMI ₹69$ से शुरू

डाउन पेमेंट ₹1 999$ से शुरू

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife पाएं जीतने का मौका 100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. *T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of base variant of Splendor+ and Xtreme125R in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी : श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240